


स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, मंगलवार | 13 मई, 2025 | ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 1 | सं. 2082 वि. | वर्ष 36, अंक -261 पृष्ठ 12 | संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये epaper : epaper.swatantrabharat.net


**ज्येष्ठ का पहला बड़ा मंगल आज**



पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल, चीनी ड्रोन्स किए गए ढेर

# दीवार की तरह खड़ी थी हमारी वायु रक्षा प्रणाली : वायु सेना

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद आज भारतीय सेना के तीनों विंग के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने लगातार दूसरे दिन प्रेस वार्ता की।

### 'पहलगाम तक भर चुका था उनके पापों का घड़ा'

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग की शुरुआत करते हुए एयरमार्शल एके भारती ने बताया कि पाकिस्तानी सेना




ने आतंकियों का साथ देना जारी रखा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की लड़ाई केवल आतंकवादियों के खिलाफ है।

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि रविवार को हमने विस्तार से बताया था कि भारत ने किस तरह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई की थी। हमने स्पष्ट किया था कि हमने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं। हालांकि, पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ थी। 7 मई को हमने आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवाद का साथ देने का फैसला किया। उनका जो भी नुकसान हुआ, इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। हमारी तरफ से एयर डिफेंस सिस्टम देश के लिए दीवार की तरह खड़ा था। इसे भेदना दुश्मन के लिए नामुमकिन था। हम पाकिस्तान को यह साफ कर देना चाहते हैं कि हम पाकिस्तान पर जहां चाहें, जब चाहें हमला कर सकते हैं।

इस दौरान एके भारती ने बताया कि, हमारे पुराने हथियारों ने भी युद्ध में कमाल का काम किया और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। आकाश सिस्टम से हमने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन्स को तबाह किया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि हमने पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल और चीनी ड्रोन्स को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। लेजर गन से पाकिस्तानी ड्रोन्स को निशाना बनाया गया। वहीं डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि जब जब पाकिस्तान ने हमारे एयर फील्ड में लगातार हमले किए, वो हमारे मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने असफल हो गए। हमारा एयर डिफेंस इतना मजबूत था कि पाकिस्तान के पास कोई मौका नहीं था। जो दुर्दशा कल आपने पाकिस्तानी एयरफील्ड की देखी। वहीं हमारी सभी एयरफील्ड सही हैं। हम अपनी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की भी तारीफ करना चाहता हूं। इन्होंने बहुत बहादुरी से हमारा साथ दिया।

### भय बिनु होय न प्रीत

एयरमार्शल भारती ने रामचरितमानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि जब राम समुद्र तट पर उपासना और प्रार्थना कर रहे थे वहां तुलसीदास ने लिखा है-- विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब.. भय बिनु होहीं न प्रीत।

### तुर्किये के ड्रोन्स का हश्र पूरी दुनिया ने देखा

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि तुर्किए ड्रोन्स हों या कहीं और के भी ड्रोन्स हो, आपने देखा यहां कि तरह से ड्रोन्स के मलबे की तस्वीरें सामने आईं। हमने दिखा दिया कि हमारे काउंटर डिफेंस सिस्टम और हमारे ट्रेंड डिफेंस ऑपरेटर्स पूरी तरह से सक्षम हैं। हमें यहां ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। आपने खुद अपनी आंखों से देखा है कि हमने इनका क्या हश्र किया है।

### चीनी मिसाइल पीएल-15 का मलबा मिला है

पाकिस्तान द्वारा भारत पर हमले के लिए ड्रोन्स और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें से कई चीन और तुर्किए में बने हथियार थे। हालांकि भारत के मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम के आगे उनकी एक न चली। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा चीन में बनी पीएल-15 मिसाइल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन वह भी निशाना नहीं साध पाई और हमारे एयर डिफेंस ने उसे इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि उसका मलबा हमारे सशस्त्र बलों ने बरामद किया है।

# किंग कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

## भारतीय क्रिकेट के एक चमकीले अध्याय का अंत

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के अंदर दो बड़े झटके लगे हैं। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी

### इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी जानकारी

### अब सिर्फ वनडे में खेलेंगे

दी। पिछले कुछ दिनों से मीडिया में यह बात चल रही थी कि कोहली ने बीसीसीआई को अपने संन्यास के बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन बीसीसीआई ने आगामी इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने का ही फैसला किया। भारत के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि बुधवार को नियमित कप्तान रोहित ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था। एक हफ्ते के अंदर दो दिग्गज खिलाड़ियों के संन्यास से फैंस सदमे में हैं। इसी के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक अध्याय का अंत हो गया।

# हर आतंकी हमारी बहन-बेटियों की मांग से सिंदूर हटाने का अंजाम जान चुका है : मोदी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान तनावपूर्ण रिश्तों के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात ने आज देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, बीते दिनों में हमने देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, सशस्त्र बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरह से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर



दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।

इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। पीएम मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटि-कोटि लोग भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की दूर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं।

जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं।

# 'सुरक्षा के लिए 10 उपग्रह कर रहे निगरानी'

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख वी नारायणन ने बताया है कि इसरो के 10 सैटेलाइट्स (उपग्रह) देश की सुरक्षा

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम के बीच इसरो चीफ ने बताया

के लिए लगातार रणनीतिक उद्देश्य से निगरानी कर रहे हैं। इंफाल में रविवार को सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वी नारायणन ने ये जानकारी दी। इसरो प्रमुख ने कहा कि कम से कम 10 सैटेलाइट्स लगातार 24 घंटे रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति और देशवासियों की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं। वी नारायणन ने कहा कि



आप सभी हमारे पड़ोसियों के बारे में जानते हैं। ऐसे में हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैटेलाइट्स की मदद लेनी पड़ती है। हम 7000 किलोमीटर का इलाका कवर कर रहे हैं। साथ ही पूरे उत्तर पूर्व पर भी लगातार निगरानी की जा रही है और बिना सैटेलाइट्स और ड्रोन की मदद के हम इसे हासिल नहीं कर सकते।

# वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रमराव का निधन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफ डब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव (87) का सोमवार सुबह लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह सांस संबंधी समस्या से पीड़ित थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व. विक्रमराव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया।

# यूपी : राजस्व व्यवस्था में बड़ा बदलाव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए बड़ी पहल

### अब लेखपाल से लेकर कमिश्नर तक की एकीकृत डैशबोर्ड से होगी निगरानी

करने जा रही है। इसके तहत लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक के अधिकारियों को एकीकृत डैशबोर्ड से जोड़ने की योजना है। इससे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और जवाबदेही भी तय होगी। डैशबोर्ड के जरिये राजस्व विभाग के सभी अधिकारी जैसे लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम और आयुक्त अब एक ही डिजिटल मंच पर जानकारी साझा कर सकेंगे। इससे न सिर्फ कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित होगा। डैशबोर्ड से अधिकारियों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी।

### डैशबोर्ड से होंगे ये फायदे

डैशबोर्ड पर भूमि रिकॉर्ड, भू-माप, राजस्व संग्रह और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होंगी। अधिकारी इन आंकड़ों का विश्लेषण कर तेजी से निर्णय ले सकेंगे। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

# पाक से तनाव के बीच बंद 32 हवाई अड्डे फिर खोले गए

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव के चलते बंद किए गए देश के 32 हवाई अड्डों को एक बार फिर से नागरिक उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एएआई ने इन हवाई अड्डों पर तत्काल प्रभाव से उड़ान संचालन बहाल करने को लेकर औपचारिक घोषणा की है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) और अन्य उड्डयन प्राधिकरणों ने नोटैम (नोटिस टू एयरमेन) जारी कर इन हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करने की सूचना दी थी।

# लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त

### जनता जनार्दन की भावना को अंगीकार करना होगा

है संवाद के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की। जनता की सुविधाओं को हम कितना सरल कर सकें। उनकी सुनवाई हो सके। थोड़ा सा प्रयास हम करेंगे तो जनसुनवाई से इसे और बेहतर किया जा सकता है। सीएम, सोमवार को गोरखपुर क्लब के सामने नगर निगम की ओर से बनाए गए नगरीय सेवा केंद्र और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय सेवा केंद्र में नगर निगम की सभी सेवाएं मिलेंगी। 16 वार्ड के नागरिकों को नगर निगम जाने की जरूरत नहीं होगी। छोटी छोटी बातों को लेकर एक आम नागरिक को भटकना पड़ता है। गलत टैक्स आ गया उसको सुधारने, प्रमाण पत्र, इन सभी समस्याओं का यहां से समाधान हो पाएगा। लोकतंत्र में आम जनमानस को एक सामान्य नागरिक नहीं कहा गया है। आम नागरिक लोकतंत्र में जनता जनार्दन के रूप में संबोधित किया जाता है। जनता जनार्दन की भावना को अंगीकार करना पड़ेगा। सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर में बुजुर्ग नागरिकों के लिए सुविधा रहेंगी। वे लोग दिनभर यहां बैठ सकते हैं।

# एल्विश यादव पर दर्ज एफआईआर नहीं होगी रद्द

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया एंफ्लुएंसर और यू-ट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एल्विश यादव की रेव पार्टी

### सांप का जहर इस्तेमाल करने का मामला



में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल मामले में चार्जशीट-समन रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया है। इस मामले में की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने की। सोमवार को जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने इस मामले में फैसला सुनाया। इस मामले में तीन नवंबर 2023 को नोएडा के सेक्टर 49 में यू-ट्यूबर एल्विश यादव समेत कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पीएफए आर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।




# उन्नाव समाचार

### दुर्घटना का शिकार हुए सपा नेता

स्वतंत्र भारत उन्नावः बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के गंज मुरादाबाद ब्लाक के समाजवादी पार्टी के नेता रामअवतार यादव बांगरमऊ एक्सप्रेसवे के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना पाते ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान सिद्दीकी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने रामअवतार यादव को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और उनके इलाज की व्यवस्था की। राम अवतार यादव क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के नेता हैं।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप,पति समेत तीन हिरासत में**

उन्नावः गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बेहटा में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत का मामला सामने आया है। रविवार की शाम करीब 7 बजे बेहटा निवासी रामलखन सोनवानी की 21वर्षीय पत्नी खुशी सोनवानी का शव उनके कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिवार वालों ने तुरन्त उन्हें नीचे उतारकर नजदीकी डाक्टर के पास ले गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मरहला चौकी इंचार्ज दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने एंबुलेंस को रास्ते में रोक दिया। उन्होंने पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मायके वालों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। परिजन उन्नाव के एक पेट्रोल पंप पर एकत्र होकर कार्रवाई की मागं कर रहे हैं। पुलिस ने मामले में ससुराल पक्ष के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार मृतका के मायके वालों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के एक दस माह का पुत्र भी है।

## स्कूल गई किशोरी 6 दिन से लापता

उन्नावः सदर कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा 8 मई को स्कूल गई थी और वापस घर नहीं लौटी। परिवार ने खोजबीन की और पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। छात्रा के मोबाइल फोन में कुछ युवकों से हुई चैटिंग भी मिली है। पुलिस ने संदेहास्पद युवकों से पूछताछ की। एक युवक ने छात्रा से संपर्क की बात स्वीकारी, लेकिन उसने स्कूल से ले जाने से इंकार किया। ठोस सबूत न मिलने पर युवक को छोड़ दिया गया। कोतवाली में छात्रा के पिता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए संतोषजनक जवाब न मिलने पर रो पड़े। कोतवाली परिसर में बिलखते पिता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मां भी कोतवाली मे रोती नजर आई। परिवार का आरोप् है कि पुलिस गंभीरता से जांच नहीं कर रही है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है। मोबाइल लोकेशन और सोशल मीडिया चैटिंग के आधार पर जांच चल रही है।

## हसनगंज में दिनदहाड़े हुई लूट का अब तक कोई सुराग नहीं

**तमंचे की नोक पर बाइक रोक कर लूटे थे गहने**

उन्नावः हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात में पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है। शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे के करीब उस समय घटना हुई जब रसूलपुर बकिया के मजरागंज निवासी बबलू अपनी पत्नी ममता और छोटी बेटी के साथ बाइक से औरास थाना के कबरोई गांव जा रहे थे। बहरौली जहांनपुर गांव के पास तीन नकाबपोश बदमाश अपाचे और स्प्लेंडर बाइक से आए। उन्होंने ऊपर थूकने का बहाना बनाकर बब्लू की बाइक रूकवाई। एक बदमाश ने ममता की कनपटी पर तमंचा लगा दिया। फिर उन्होंने ममता के गले से सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमकी और बेटी के गले से सोने का हार लूट लिया। लूट के दौरान ममता के कान में चोट भी आई। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज मिली है लेकिन बदमाश नकाबपोश होने से पहचान मुश्किल है। सीओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। एसओजी समेत कई पुलिस टीमें मामले की जांच कर रही है। पीड़ित बब्लू सिंह ने बताया कि तमंचे के डर से वह बदमाशों का सामना नहीं कर सके। लूट की वारदात को अंजाम देकर बदमाश आगरा एक्सप्रेसवे की तरफ भाग निकले। घटनास्थल सूनसान बबूल के जंगल के बीच स्थित है। जहां बदमाशों ने करीब दो किलोमीटर पीछा करने के बाद वारदात को अंजाम दिया।

## ट्रक और मारूति कार में टक्कर चार घायल

पुरवा,उन्नावः ट्रक और मारूति कार की आमने सामने हुई टक्कर मे कार सवार चार लोग गंभीर रूप् से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों और पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दही थाना क्षेत्र के गांव उम्मेदनखेड़ा निवासी किशनपाल प्लंबरिंग का काम करता है। रविवार को गांव के ही शहनवाज साजेन व बदायूं निवासी आकिब के साथ कार से बिजनौर स्थित रिश्तेदारी में प्लंबरिंग का ठेका लेने के लिए काम देखने गया था। वहां दोपहर 3 बजे घर वापस लौट रहा था। तुसरौर गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिसेस चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी ले गई। जहां किशनपाल, शहनवाज और साजेन की हालत गंभीर होने पर ड्क्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भगवान बुद्ध की सिद्धांतों पर अमल करें: सपा

**सपा कार्यालय में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई**



चित्र परिचयः सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते पार्टीजन। छायाः स्वतंत्र भारत।

स्वतंत्र भारत उन्नावः स्थानीय सिविल लाइंस स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। सभी ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प् अर्पित करके शत-शत नमन किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने भगवान बुद्ध के जीवन व उपदेशों पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के विचारों में जीवन को सही ढंग से समझना त्याग करूणा और गैर हिंसा की भावना रखना, सत्य बोलना, झूठ नहीं बोलना, कठोर बातें नहीं करना, दूसरे का किसी भी प्रकार से नुकसान न करना, केवल अच्छे कार्य करना, ऐसी आजीविका चुनना जिससे दूसरों का नुकसान न हो। भगवान बुद्ध कहते थे कि बुरे कर्मों को रोकना और अच्छे कर्म करना, मन को एकाग्र करना और ध्यान लगाना। सत्य बोलना और झूठ नहीं बोलना, चोरी नही करना था। भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलना सर्वोत्कृष्ट है। आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान और साधना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता मानसिक शांति में है। हर चीज अस्थाई है, इसे समझे, आत्मनिर्भर बनें। मोह माया से दूर रहें। संसार में संतुलन और मध्य मार्ग अपनाएं। नफरत और नफरत से नहीं केवल प्रेम से ही समाप्त की जा सकती है। जीवन में शांति और खुशी के लिए क्रोध और नफरत को छोड़ देना चाहिए। जो आप करते हैं वही आपके जीवन का असली उद्देश्य बनता है। हम जैसा सोचते हैं वैसा ही बन जाते हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सबको इन विचारों से सीख लेकर अपने जीवन को सुंदर बनाना चाहिए। भगवान बुदध के जीवन से जुड़ी बातों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस मौके पर उपाध्यक्ष शिवशंकर गौतम, उपाध्यक्ष राजेश कुमार साधु यादव, उपाध्यक्ष हाजी सैय्यद इरफान, रामकुमार पूर्व विधायक, रमन पटेनल विनोद पाल, उमेंद्र लोधी, अरूण सबिता, मोहम्मद अकरम, छोटेलाल भारतीय, सैफ खान, अखिलेश यादव, शीलू नियाज खान, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, जितेंद्र कुशवाहा, मंजीत यादव, मुकेश मिश्रा, दिनेश लोधी, प्रेम यादव, नितिन पटेल, राहुल गौतम, लवकेश श्रीवास्तव आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस मुठभेड़ में चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**315 बोर के दो देशी तमंचा, दो कारतूस, झुमकी, लाकेट छोटी बड़ी, दो मोटरसाइकिल बरामद, 9 मई को हसनगंज थाना क्षेत्र में यूके लिप्टस के पेड़ के पास हुई लूट में शामिल होना स्वीकारा**

उन्नावः हसनगंज पुलिस की शातिर लुटेरों से हुई मुठभेड़ में चार लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो 315 बोर के देशी तमंचा, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, दो कान की झुमकी, एक बड़ा एवं दो छोटे लाकेट एवं दो मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद की है। बताया जाता है कि एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर लुटेरों एवं अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने सघन अभियान चला रखा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना हसनगंज पुलिस स्वाट एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा सलेमपुर समदपुर भाभापुर रोड सलेमपुर तिराहे के पास रजापुर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग हो रही थी तभी दो अपाचे बाइक यूपी 32 पीएक्स 7614 काले रंग की व यूपी 46 के 8322 सफेद व लालरंग को रोकने का प्रयास किया। उपरोक्त दोनों बाइक पर सवार 4 युवकों ने पुलिस पर फायर किया। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ कार्रवाई की। दो अभियुक्त इब्राहीम (26) निवासी अपटामऊ बुद्धेश्वर चौराहा थाना पारा लखनऊ, आरिफ(22) निवासी बारादेव शाहपुर तोंदा थाना औरास उन्नाव, के पैर में गोली लगी जिससे वह दोनों घायल हो गए तथा दो अन्य अभियुक्त इम्तियाज (24) निवासी सलेमपुर पतौरा बादलखेड़ा थआना पारा जनपद लखनऊ, विकास यादव (21) निवासी मोहल्ला टोला थाना ठाकुरगंज लखनऊ को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से315 बोर के 2 अवैध तमंचा , दो जिंदा कारतूस, दो खोखा, जमा तलाशी में दो कान की झुमकी, एक बड़ा लाकेट व दो छोटे लाकेट दो मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में अभियुक्तों ने 9 मई को हसनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहरौली जहानपुर के आगे यूके लिप्टस के बाग के पास हुई लूट की घटना में शामिल होने की स्वीकारोक्ति की। इस संबंध में पुलिस ने मुअसं.125-25 धारा 309 (4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया था तथा थाना क्षेत्र माखी में 30 अप्रैल को एक व्यक्ति से लूट की घटना जो माखी थाने में मुअसं.158-25 धारा 309 (4)बीएनएस पंजीकृत है।गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गेहूं से लदा टेम्पो खंती में पलटा

उन्नावः जिले के फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक किसान की मोत हो गई। जब कि उसका 5 वर्षीय बेटा, साली और टेम्पो चालक घायल हो गए। घटना फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के रसूलखेड़ा गांव की है। यहां के अनूप (35) अपने बेटे अभिषेक, साली मीरा और टेम्पो चालक के साथ गेहूं लेकर मंडी जा रहे थे। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के पास टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंती में पलट गया। हादसे में अनूप की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने टैम्पो चालक को हिरासत में ले लिया है। जिला मोर्चरी हाउस में परिजनों का हाल बेहाल है। घायल अभिषेक अपने पिता को पुकारता रहा। ग्रामीणों के अनुसार अनूप खेती किसानों से परिवार का भरण पोषण करता था। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला था। थाना प्रभारी ने बताया कि टैम्पो चालक से पूछताछ की जा रही है।

## पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर लगाई फांसी

- शवों के बगल में बैठकर खूब रोया, 6 और 10 साल की थी बेटियां
- रविवार को पत्नी और बच्चों को ससुराल से लाया था
- आर्थिक तंगी में होने की वजह से तनावग्रस्त रहता था पति
- काल डिटेल की जांच के साथ ही पीएम रिपोर्ट का इंतजारः एसपी

उन्नावः अचलगंज थाना् क्षेत्र के ग्राम साहेबखेड़ा में गांव पति ने पत्नी और 2 मासूम बेटियों की हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी फंदे पर झूल गया। सोमवार को सुबह भाई जब उसे बुलाने पहुंचा तथा दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। जब भाई ने खिड़की से झांककर देखा तो बरामदे में भाई की लाश फंदे से लटक रही थी। उसने आसपास के लोगों और पुलिस को बुलाया। दरवाजा खोला गया तो कमरे में बेड पर पत्नी और दोनों बेटियों के शव पड़े थे। शवों पर जख्म के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि पति ने पत्नी और बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि कल ही पत्नी और बच्चों को ससुराल से लेकर आया था। अचलगंज के साहबखेड़ा गांव में अमित यादव पत्नी गीता (30) और दो बेटियां खुशी (10) और निधि (6) के साथ रहता था।खुशी कक्षा तीन में पढ़ती थी जब कि निधि ने स्कूल जाना शुरू ही किया था। वर्ष 2011 में अमित की शादी रायबरेली जिले के परसानी गांव निवासी गीता से हुई थी। अमित लोहचा कस्बे में ट्रैक्टर एजेंसी में काम करता था। गांव वालों के मुताबिक अमित बीते कुछ समय से तनाव में था। उसकी आर्थिक स्थिति भी खराब थी। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। कुछ दिन से पत्नी दोनों बेटियों के साथ मायके रायबरेली में थी। रविवार को अमित ससुराल गया था और वहां से पत्नी और बच्चों को लेकर आया था। भाई अजीत ने बताया कि अमित हम पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। पांच साल पहले सभी भाई अलग हो गए। अलग-अलग घर बनाकर रहने लगे। रविवार की रात को 3 भाई और पिता रायबरेली के ठाकुरद्वारा में बुआ की बेटी की शादी में गए थे। अमित और संदीप गांव में ही थे। सुबह पता चला कि अमित ने पत्नी, बेटियों की हत्या कर जान दे दी है। मृतका की मां गीता ने बताया कि घर में सीसीटीवी लगे थे। पुलिस डीवीआर को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। भाई अजीत ने बताया कि अमित रील बनाने का शौकीन था। वह अक्सर पत्नी-बच्चों के साथ रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करता था। घर में हुई घटना के बाद अमित की मां दीपरानी बेहाल है। उन्होंने बताया कि मैं तीन दिनों से घर से बाहर थी। क्या पता था कि जब लौटूंगी तो अपने बेटे,बहू और नातिनों की मौत की खबर मिलेगी। उधर, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि शुरूआती जा्ंच में सामने आया है कि अमित ने पहले अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या की। फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और फोरेंसिक टीम में घटनास्थल से सबूत जुटाए। युवक के मोबाइल को कब्जे में ले लिया गया है। उसकी काल डिटेल निकलवाई जा रही है।

## अवैध ढंग से हो रही आम के पेड़ों की कटाई, पुलिस ने ट्राली जब्त की



स्वतंत्र भारत उन्नावः बिहार थाना क्षेत्र के पाटन चौकी अन्तर्गत बाबा ब्रह्मदेव महाविद्यालय के निकट स्थित आम के बाग में अवैध ढंग से आम के पेड़ काटने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दी। इसके बाद दोनों विभागों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार भगवंतनगर निवासी एक लकड़हारे द्वारा आम के पेड़ को आरा मशीन से कटा डाला गया। घटना बाबा ब्रह्मदेव महाविद्यालय के निकट स्थित आम के बगीचे की है। पेड़ काटने की आवाज सुन स्थानीय ग्रामीणों में इसकी सूचना वन एवं पुलिस विभाग को दी। सूचना पाते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी पर वन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया। वहीं बिहार थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर मौजूद लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर थाने ले आई। पुलिस ने बताया कि लकड़ी के वैध दस्तावेज नहीं दिखाए गए। जिससे स्पष्ट होता है कि पेड़ की कटान पूरी तरह से अवैध थी। वैसे वन विभाग भी मामले की जा्ंच कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर सख्ती से रोक लगाई जाए वरना इससे पर्यावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ग्रामीणों को इसके लिए जागरूक करे।

## शिक्षक विधायक को भेंट की भगवान बुद्ध प्रतिमा



उन्नावः सोमवार 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा को माला पहनाकर बधाई दी है। महात्मा गौतम बुद्ध के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित, जिला मंत्री रामशंकर कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, आय व्यय निरीक्षक सूर्य कांत तिवारी, सह संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ल, रमेश कुमार गौतम, वीरेंद्र सिंह एवं प्रवीण कुमार ने शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल को महात्मा गौतमबुद्ध की प्रतिमा भेंट कर उन्हें बधाई दी। यह जानकारी रमेश चंद्र गुप्त ने दी।

## जेवर कम लाने पर दुल्हन ने लौटाई बारात

**थाने में घंटों बातचीत के बाद दोनों पक्ष फेरे के लिए हुए तैयार**

उन्नावः जिले के सैदपुर मिर्री कला गांव के रहने वाले व्यक्ति की बारात 11 मई 25 को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कैथनखेड़ा गांव गई थी। बारात धूमधाम से लड़की के घर पहुंची और दूल्हा-दुल्हन वरमाला के लिए स्टेज पर पहुची और इस समय तक माहौल एकदम सामान्य था लेकिन जैसे ही वरमाला के बाद मंडप में पहुंचने के लिए वधू पक्ष के सामने वर पक्ष ने जेवर रखे, जेवरों की गुणवत्ता और मात्रा को देख वधू पक्ष भड़क गया और जमकर विवाद शुरू हो गया। इस विवाद पर अपना पक्ष रखते हुए वधू के भाई दीपू और पिता खुशीराम ने आरोप् लगाया कि जेवर कम और हल्के हैं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी शुरू हो गई जो जल्द ही गाली गलौज और मारपीट की स्थिति तक पहुंच गई। मामला इतना बिगड़ गया कि शादी से इनकार कर दिया गया। और दूल्हा पक्ष बिना शादी किए वापस लौट गया। मामला बढ़ने पर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई विवाद की जानकारी मिलते ही पुलसि मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों में बीच बचाव कराकर विवाद शांत कराया। इसके बाद वधू पक्ष की हरकत पर भड़के वर पक्ष ने अजगैन कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और समझाने का प्रयास किया। पुलिस की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। समझौते के तहत तय हुआ कि लड़के पक्ष द्वारा मांग टीका और जेवरात भारी किए जाए। जब तक यह मांग पूरी नहीं होती , तब तक लड़की पक्ष द्वारा शादी में दी गई बाइक उनके पास ही रहेगी। जेवरात सौंपे जाने के बाद बाइक दूल्हे को दी जाएगी। पुलिस की पहल और दोनों पक्षों की रजा मंदी के बाद अब शादी की अधूरी रस्म और फेरे संपन्न करने के लिए दोनों परिवार पुनः विवाह स्थल पहुंचे है।

# कानपुर देहात समाचार



## बांगरमऊ में बनेंगे पुलिसकर्मियों के लिए आवास

**थाना परिसर के सामने हुआ भूमि का चिन्हांकन, सप्ताहभर में शुरू हो सकता निर्माण**

स्वतंत्र भारत उन्नावः जिले के थाना बेहटा मुजावर में पुलिसकर्मियों के लिए आवास निर्माण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। थाना परिसर के सामने खाली पड़ी भूमि का राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में चिन्हांकन कर दिया है। बेहटा मुजावर गांव में थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए आवास बनेंगे। इसके लिए थाने के सामने की भूमि संख्या 1418,1421 और 1422 का आवंटन किया गया है। यह करीब 0.6930 हेक्टेयर बंजर भूमि है। इस परियोजना का बजट भी मंजूर हो चुका है।एसडीएम शुभम यादव के निर्देश पर रविवार को राजस्व टीम ने भूमि का चिन्हांकन किया। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने बता्या कि एक सप्ताह में आवास का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मुन्नालाल, लेखपाल आशीष तिवारी, और पुलिस बल मौजूद था। आवास बनने से पुलिसकर्मियों को रहने की सुविधा मिल सकेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का जिला अस्पताल में हुआ भव्य आयोजन



**माती कानपुर देहात** आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की याद दिलाने वाले अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस कार्यक्रम का अकबरपुर के जिला अस्पताल महिला में भव्य आयोजन किया गयाए स्टाफ नर्स संगीता बाजपेई के प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ वंदना सिंह मौजूद रहीं‌ए उत्तर प्रदेश राजकीय नर्सेस संध के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ नर्सो द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गयाए इस दौरान डॉक्टर वंदना सिंह द्वारा कहा गया कि सेवा करने का जो जज्बा एक नर्स में होता है वह और कहीं नजर नहीं आता है उन्होंने सभी को कार्यक्रम की शुभकामनाएं भी प्रदान की।

सोमवार को जिला अस्पताल महिला विंग में भव्य समारोह के बीच अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए मुख्य अतिथि डॉ वंदना सिंह द्वारा कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 12 में को मनाया जाने वाला वार्षिक उत्सव है जो आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के वर्ष 1820 में हुए जन्म की याद दिलाता है उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स परिषद आईसीएन द्वारा 1974 में स्थापित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल में नसों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करता हैए कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ नर्सो द्वारा एक दूसरे को उपरोक्त दिवस की शुभकामनाएं दी गई जबकि कानपुर देहात की अध्यक्ष संगीता सिंह उपाध्यक्ष सुनीता सचान संगठन मंत्री सरल सचान कोषाध्यक्ष रजनी सैनी एवं संघ की समस्त नर्सों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया इसके उपरांत आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया साथ ही माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण भी किया गयाए उपरोक्त आयोजन में शिव कांति संध्या ममता यादव प्रेमलता वर्षा नेहा संगीता पटेल अन्नू पूजा ममता सिंह बने शंकर इत्यादि मौजूद रहे।



## एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**माती कानपुर देहात** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कानपुर देहात के तत्वाधान में एक दीपक शहीदों के नाम का भारत और पाकिस्तान संघर्ष में शहीद हुए अपने वीर जवानों और जान गवाने वाले अपने निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज पटेल जी महापुरुष की प्रतिमा के समक्ष एक दीपक शहीदों के नाम जला कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देशानुसार आज कानपुर देहात के सिकंदरा कस्बे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तत्पश्चात आज ब्लॉक अमरोहा और ब्लॉक राजपुर ब्लाक संदलपुर में ब्लॉक अध्यक्ष के चयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक के सभी कांग्रेस के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए उनकी राय मशवरा से ब्लॉक अध्यक्षों का चयन किया गया बताते चलें की जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अम्बरीश सिंह गौर के नेतृत्व में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं जिला कांग्रेस कमेटी का गठन होना है इसी प्रक्रिया के तहत आज तीनों ब्लाकों में ब्लॉक अध्यक्ष का चयन ब्लॉक के कांग्रेस के पदाधिकारी की राय और मशवरा के साथ किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वाजिद कुरैशी शहंशाह पठान गुलफाम खान तारिक निजामी अरविंद पाल पिंटू दिवाकर देवेंद्र पाण्डेय अरमान अहमद सूबेदार आफताब मुन्ना खान तालिब रईस राम अवतार अब्बू अग्रहरि भूपेंद्र राम सजीवन मकबूल अहमद वसीम आसिफ खान अशोक सिंह गोविंद यादव शाहिद अली महफूज अली राजेश विशाल कुमार राकेश कुमार देर डोरी राकेश कुमार दोहरी मोहम्मद सेनूर कल अहमद अब्दुल रज्जाक ठाकुर प्रसाद कश्यप सुखदेव यादव सैयद अजमद अश्वनी कटियार मोह यासीन आदि लोग उपस्थित रहे

## नानामऊ गंगातट पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी



स्वतंत्र भारत उन्नावः कोतवाली क्षेत्र के ऐतिहासिक नानामऊ गंगातट पर सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा जल में आस्था की डुबकी लगाई। चूंकि पुराणों के अनुसार आज ही के दिन भगवान ने कच्छप अवतार धारण किया था। इसीलिए श्रद्धालु बैशाख पूर्णिमा पर हर वर्ष गंगातट पर स्नान-ध्यान कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देते हैं। वहीं बौद्ध धर्म के अनुयायी वैशाख माह की पूर्णिमा को भगवान बुद्ध का जन्म दिन मानकर दीपदान करने के बाद महात्मा बुद्ध के उपदेशों के अनुसार जीवन-यापन करने तथा शांति-अंहिसा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। आज गंगातट पर सनातन और बौद्ध दोनों धर्मों का अद्भुत संगम दिखा। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पंडों को अन्न और धन के दान दक्षिणा देकर उनसे खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ नदी तट पर निगरानी और गश्त लगाते रहे।

# कॉस्मोजिन लाउंज की दो ब्रांचों में छापेमारी, शराब समेत संदिग्ध मेटेरियल बरामद



■ पुलिस के साथ नार्कोटिक व आबकारी विभाग ने की छापेमारी
■ एक महिला के शिकायत पर हुई कार्यवाही

**कानपुर।** चर्चित कॉस्मोजिन लाउंज की दो ब्रांचों में पुलिस के साथ नार्कोटिक व आबकारी विभाग पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। दोनों जगह से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब, हुक्का, हुक्के में इस्तेमाल होने वाला संदिग्ध मटीरियल आदि को सीज किया है। लाउंज संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हे। सूत्रों की माने तो लाऊंज में कई सफेशपोश भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है शनिवार को ग्वालटोली स्थित कॉस्मोजिन लाउंज में एक युवती ने बाउंसरों पर छेड़खानी का आरोप लगाया गया था। पुलिस को दी गई तहरीरी में युवती ने बताया कि लाउंज में अवैध तरीके से शराब पिलाई जा रही थी। इसके अलावा वहां पर हुक्का बार भी चल रहा था। हुक्का बार की आड़ में ड्रग्स परोसा जा रहा था। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि युवती ने एक्स्ट्रा पैसा वसूले जाने की भी शिकायत की है। उसने शिकायत में कहा कि उससे लाउंज में ज्यादा पैसा वसूला गया है। जिसे लेकर उसने विरोध किया था। डीसीपी सेन्ट्रल के मुताबिक इस शिकायत पर एसीपी कर्नलगंज टीबी सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें नार्कोटिक्स और आबकारी विभाग को भी शामिल किया गया। टीम ने लाउंज में छापेमारी की। जहां पर भारी मात्रा में अवैध शराब, हुक्का और उसमें डाला जाने वाले पदार्थ को सील किया गया है। डीसीपी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

उसकी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी के मुताबिक इसी लाउंज की एक ब्रांच दीप टॉकीज के नीचे भी संचालित होती है। सेन्ट्रल जोन पुलिस की कार्रवाई के साथ ही साउथ जोन में एडीसीपी साउथ महेश कुमार के नेतृत्व में किदवई नगर पुलिस ने नार्कोटिक्स व आबकारी टीम के साथ दीप सिनेमा के नीचे कॉस्मोजिन लाउंज में छापेमारी की। डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि अवैध शराब हुक्का पिलाने की सूचना मिली थी। जिसपर टीम ने छापेमारी की।

उन्होंने कहा कि मौके पर 7 पेटी शराब और 14 हुक्के मिले हैं। कुछ संदिग्ध वस्तुएं भी मिली है जिसका परीक्षण कराया जाएगा। डीसीपी साउथ दीपेन्द्रनाथ चौधरी ने बताया कि लाउंज संचालकों में चार के नाम सामने आए हैं। जिसमें सूर्यांश, कार्तिक, लवी और अमित व इनके साथ अन्य लोगों शामिल है। डीसीपी साउथ के मुताबिक मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गौतम बुद्ध की जयंती पर सपा कार्यालय में हुआ सेमिनार



कानपुर। भगवान गौतम बुद्ध का जन्म व महापरिनिर्वाण दिवस पर सोमवार को सपा कार्यालय में नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बुद्ध पूर्णिमा पर संत गौतम बुद्ध की नीतियों पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध सामाजिक सुधार तथा मानवता के प्रति जो सिद्धांत और नीतियां समाज को ढाई हजार साल पहले दी थी वह आज भी प्रासंगिक है और सम्यक हैं उनकी नीतियों से समाज सुधार तथा सौहार्द का जो अनुभूत हुआ है उससे एक नए सुधार की प्रेरणा मिली है, जो अशोक सम्राट ने बुद्ध के अवशेषों को 84 हजार भाग बाटकर एशिया में बौद्ध धर्म का प्रचार कर नए संदेश की अनुभूती कराई थी। उन्होंने कहा कि सत्य धर्म संयम और शील तथा सम्यक संकल्प से परिवर्तन लाया जा सकता है गौतम बुद्ध की नैतिकता और मार्गदर्शक नीतियों पर चलकर समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षित करके आगे बढ़कर विश्व में अग्रणी स्थान बनाया जा सकता है, जो मानवता की सेवा से एकजुट के समन्वयक वाणी से एक सूत्र में जोड़कर समाज की व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। सेमिनार में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, सत्यनारायण गहरवार, फखरे आलम, अंसारी परमजीत सिंह गंभीर, दीपक खोटे, शादाब आलम समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भगवान बुद्ध ने मानव को एक समान होने का दिया संदेश- सुधीर धीवान



कानपुर। भारतीय दलित संघर्ष सेना उत्तर प्रदेश एवं दलित उत्थान समिति के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को भगवान बुद्ध की त्रिविधि पूर्णिमा के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा/जलूस का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का संचालन सुधीर धीवान के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान बुध ने पूरे देश और दुनिया को मानव मानव एक समान होने का संदेश दिया है। उनके इसी सन्देश को मानते हुए हमें देश की प्रगति की ओर जाना होगा। शोभायात्रा में दूर-दराज से चलकर कई बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए तथा आमजनमानस भी शामिल हुआ। जयन्ती के दौरान मिष्ठान वितरण किया गया तथा शोभायात्रा डीएवी कॉलेज सिविल लाइन्स से शुरू होकर परमट, ग्वालटोली, नयापुरवा, ईदगाह होते हुए मोतीझील फाउण्डेशन पार्क, बुद्धा पार्क में शामिल हुई। उसके बाद वहाँ से कल्याणपुर, इन्द्रानगर, बुद्धा पार्क से भव्य मेले में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ आरएस कमल, सन्तोष घीवान, रविन्द्र गौतम, रमेश कुरील पूर्व पार्षद, श्रीकान्त चतुर्वेदी, सन्तोष बाल्मीकि, गोपाल गोठी, राकेश कमल आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# बुद्ध सम्मान समारोह रत्न से किया गया सम्मानित



कानपुर। बुद्ध जयंती के मौके पर मोती झील पार्क में बुद्ध सम्मान समारोह समिति व आरएस कोर ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध प्रतिमा स्थल पर पूजा-अर्चना से हुई।

पंचशील कृष्णम का गायन किया गया। अतिथियों ने पुष्प अर्पण कर प्रसाद ग्रहण किया। समारोह में कई प्रमुख नेताओं ने शिरकत की। पूर्व मंत्री राम आसरे कुशवाहा, पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, पूर्व सांसद राजा रामपाल, वर्तमान विधायक अमिताभ बाजपेई और राहुल बच्चा सोनकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर पांच विशिष्ट व्यक्तियों को बुद्ध सम्मान समारोह रत्न से सम्मानित किया गया। भारत सिंह, नीतांशु कुशवाहा, स्वाति कुशवाहा, पूर्व कुलपति आरती कुशवाहा और पूर्व विधायक आरपी कुशवाहा को सम्मानित किया। सभी को शाल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र वर्मा एडवोकेट ने किया। डॉक्टर हीरालाल जायसवाल ने अध्यक्षता की।

## युवती से दुष्कर्म करने वाले सौतेला नाना गिरफ्तार

कानपुर। ननिहाल घूमने गई युवती से नानी के सौतेले भाई ने दुष्कर्म किया। ननिहाल से लौटने पर युवती ने मां को आपबीती बताई तो उन्होंने आरोपी के खिलाफ चकेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चकेरी क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां के अनुसार सितंबर 2024 को उनकी 33 वर्षीय बेटी कुछ दिन के लिए अहिरवां निवासी अपनी नानी के यहां गई थी। उन्हीं दिनों नानी के सौतेले भाई ने बेटी से दुष्कर्म किया। जब बेटी गर्भवती हो गई तो उसका गर्भपात भी करा दिया। गर्भपात के बाद जब बेटी की हालत बिगड़ी तो जांच रिपोर्ट से मामले की जानकारी हुई। पूछने पर बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने अपना विरोध जताने के बाद सौतेले नाना पर बेटी से दुष्कर्म करने की शिकायत चकेरी पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी को अहिरवां से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## भाइयों के साथ गंगा नहाने गया किशोर डूबा



■ गोताखोरों ने दो को बचाया

**कानपुर।** भगवत दास घाट में गंगा नहाने गया किशोर पानी में डूब गया। तीन भाई एक साथ गंगा नहा रहे थे। अचानक से एक गड्ढे में आने के बाद तीनों डूबने लगे। इसी बीच नाव वालो ने देखा तो बचाने के लिए दौड़े और दो लोगों को बचा लिया, लेकिन तीसरे का शव घाट से करीब 500 मीटर दूर पर मिला। भगवतदास घाट निवासी स्व मनोज कुमार का 20 वर्षीय बेटा निखिल कुमार हाई स्कूल का छात्र है। परिवार में मां शोभा देवी, छोटा भाई अखिल कुमार, बहन खुशी और पूजा रहती हैं। भाई बहनों में निखिल सबसे बड़ा है। रविवार रात निखिल अपने भाई अखिल और ममेरे भाई अंकित के साथ भगवतदास घाट पर खेलने के लिए गया था। खेल-खेल में तीनों लोग गंगा नहाने लगे। इसी बीच पैर फिसला और तीनों एक साथ गड्ढे में गिर गए। खुद को डूबता देख तीनों शोर मचाने लगे। शोर सुनकर पास में मौजूद दो नाव वाले मौके पर पहुंचे और अंकित और अखिल को बचा लिया। वहीं निखिल को भी बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। करीब 4 घंटे बाद निखिल का शव करीब 500 मीटर दूर पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस फीलखाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। निखिल की मां शोभा अपने पति की मौत का गम भी नहीं भूल पाई थी कि निखिल की मौत ने उन्हें झंझोर कर रख दिया। निखिल के पिता स्व मनोज कुमार का बीमारी के चलते 11 अप्रैल को निधन हो गया था। वहीं एक साल पूर्व दूसरे नंबर वाली बेटी गुनगुन का भी बीमारी के चलते निधन हो गया था। एक साल के अंदर परिवार के 3 लोगों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# दीनू उपाध्याय के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमे की फिर से होगी जांच

■ अपने रसूख के चलते कई मामलों में लगवा चुका है एफआर



कानपुर। पिंटू सेंगर हत्याकांड में जेल भेजे गए कथित अधिवक्ता दीनू उपाध्याय के सभी मुकदमों की फाइल पुलिस कमिश्नर ने खोलने का आदेश जारी कर दिए हैं। दीनू के खिलाफ 2 हत्या और जमीन पर कब्जे समेत 8 गंभीर मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि दीनू ने अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए ज्यादातर मामलों में एफआर लगवाई है।

दीनू उपाध्याय के खिलाफ 30 जून 1989 को नवाबगंज थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इसमे उनके भाई संजय उपाध्याय भी आरोपी है। दूसरा पिंटू मर्डर केसए जिसमें उसे साढ़े चार साल बाद अरेस्ट करके जेल भेजा गया है। बाकी हत्या के प्रयासए बलवा और मारपीट के चार मामले में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है। कोतवाली में फर्जी डिग्री से वकालत करने और पिंटू सेंगर हत्याकांड का मामला भी चल रहा है। पुलिस ने अब दीनू के खिलाफदर्ज अन्य मामलों को देखना शुरू कर दिया है। दाखिल फाइनल रिपोर्ट और बंद हो चुके मुकदमों की जांच भी पुलिस ने शुरू कर दी है। सभी के वादी मुकदमा से पुलिस बातचीत करके मुकदमे की स्थिति को समझ रही है।

वहीं विवादित जमीन को खाली कराने के कई विवादों में भी दीनू का नाम आ चुका है। उसकी भी जांचे पुलिस ने करनी शुरू कर दी है। मुकदमे के हर बिन्दु को पुलिस अपनी तरफ से देख रही है। जिससे जमीनों पर किए गए कब्जों की स्थिति साफहो सके।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि दीनू उपाध्याय ने अपने रसूख से अपने गंभीर मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लगवा रखी है। जिस तरह से पिंटू मर्डर केस में नामजद होने के बाद भी बच गया था। एक बार दोबारा सभी मुकदमों की जांच का आदेश दिया है।

## हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न में फंसे एसीपी मोहसिन के सस्पेंशन पर लगाई रोक



**कानपुर।** आईआईटी छात्रा के यौन उत्पीड़न में फंसे एसीपी मोहसिन खान के सस्पेंशन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। आरोपी मोहसिन खान ने अपने निलंबन को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। तर्क है किसी महिला से एक्स्ट्रा मैरिटल रिलेशन रखना नौकरी की शर्तों का उल्लंघन नहीं है। मोहसिन खान की ओर से एडवोकेट एलपी मिश्रा ने पैरवी की। एडवोकेट एलपी मिश्रा ने कोर्ट में कहा कि यूपी सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम 29 के तहत पहली शादी के रहते दूसरी शादी करना कदाचार माना जाता है। हालांकि कानूनी रूप से विवाहित रहते हुए किसी दूसरी महिला से संबंध बनाए रखना कदाचार नहीं माना जाता। इसलिए आरोपी एसीपी मोहसिन का सस्पेंशन सही नहीं है। अब मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। बताते चलें कि आईआईटी छात्रा ने मोहसिन के खिलाफ कानपुर के कल्याणपुर थाने में 12 दिसंबरए 2024 को शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी शिकायत में उसने कहा था कि एसीपी मोहम्मद मोहसिन खान ने आईआईटी से पीएचडी में दाखिला लिया था। इसके बाद छात्रा से उसकी मुलाकात हुई। उसने खुद को अविवाहित बताकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद शादी का झांसा देकर महीनों यौन उत्पीड़न किया। आईआईटी स्कॉलर ने 29 अप्रैल को भी एसीपी मोहसिन के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने कहा था कि मोहसिन मेरा धर्मांतरण कराना चाहता था। मोहसिन, उसकी मां और पत्नी जबरन इस्लाम धर्म अपनाने और निकाह का दबाव डाल रही थीं। जब मैंने मना कर दिया, तब उसकी पत्नी मेरे खिलाफकोर्ट चली गई।

## खबर एक नजर

### डेढ़ दर्जन लोगों को बैठाकर ई-रिक्शा चालक ने किया हुड़दंग

**-सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडिया, पुलिस तलाश में जुटी**



**कानपुर।** ई-रिक्शा चालकों की अराजकता थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ई-रिक्शा चालक ने करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को बैठाकर स्टंट कर रहा है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। ई-रिक्शा में अंदर से लेकर छतों पर लोग बैठे हुए हैं। वीडियो को संज्ञान में लेने के बाद पुलिस ने स्टंट करने वालों की तलाश की जुट गई है। जाजमऊ थाना क्षेत्र के हड्डीमिल इलाके में एक ई-रिक्शा चालक ने अपनी वाहन में करीब 20 लोगों को बिठाया। जिसमें कुछ लोग ई-रिक्शा के अंदर बैठे थे। कई लोग पीछे और आगे लटके हुए थे। सड़क पर तेज रफ्तार से ई रिक्शा चालने और लहराने का वीडियो सामने आया है। इस खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो में दिख रहे ई-रिक्शा के नंबर के आधार पर वाहन पहचान कर ली गई है। ऐसे लोगों अपनी जान के साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डालने का काम कर रहे हैं। पुलिस स्टंट करने वालों की तलाश में जुटी है। जाजमऊ थाना प्रभारी के अनुसार जल्द ही आरोपियों को पकड़ कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज की मांग पूरी न करने पर दिया तीन तलाक

कानपुर। दहेज की मांग पूरी न करने पर युवक ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। इतना ही नहीं गर्भवती होने पर भी परिवार वालों ने मदद नहीं की। मायके वालों ने पीड़िता के इलाज का सारा खर्च उठाया। पीड़ित महिला ने इस मामले में पति समेत सात के खिलाफ फीलखाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। फीलखाना थाना क्षेत्र के पटकापुर निवासी जूबिया इफ्तिखार ने बताया कि उनका निकाह 20 जनवरी 2023 में नवाब साहब का हाता राम नारायण बाजार निवासी मोहम्मद ईसा के साथ हुआ था। निकाह के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की डिमांड करने लगे। ताना देने लग कि बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए ले कर आओ। पीड़िता ने जब विरोध किया तो पति ने मारने की धमकी देने लगे। उसी दौरान पीड़िता गर्भवती हुई। तब ससुराल वालों ने पूरी तरह साथ छोड़ दिया। उन्होंने पीड़िता से कहा कि तेरा इलाज हम नहीं कराएंगे न ही तेरा बच्चा यहां पैदा होगा। पीड़िता के परिवार वालों ने तब मेडिकल का पूरा खर्च उठाया। तब जाकर ससुराल वालों ने अपने यहां बच्चा होने दिया। 5 नवम्बर 2023 को पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया। 11 अप्रैल 2025 को पीड़िता मायके से ससुराल जाने की तैयारी कर रही थी। तभी पति समेत ससुराल वालों ने कहा बाइक और दो लाख रुपए नहीं दिए तो अपने घर ही रहना। 26 अप्रैल 2025 को पति मोहम्मद ईसा पीड़िता के घर पहुंचा और बाइक और दो लाख रुपए की मांग की। परिवार वालों ने मना किया तो गाली गलौज कर मारपीट की। इस पर पीड़िता ने फीलखाना थाने में शिकायत की। पीड़िता के मुताबिक 27 अप्रैल 2025 को पति ने उसे फोन किया और तीन तलाक दे दिया। फीलखाना थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुस्लिम महिला समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मैथानी ने किया भूमि-पूजन कर शुरू कराया समर्सिबल कार्य



**कानपुर।** सोमवार को गोविंद विधानसभा अंतर्गत विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने 14 लाख रूपए की लागत से पनकी के 8 जगहों पर भूमि पूजन कर कार्य प्रारम्भ कराया। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि गरीब बस्तियों में 40 वर्षों से पानी की किल्लत थी। वहां पर लोग खरीद कर पानी पीते थे। एक स्थान पर यदि कहीं पाइपलाइन से कोई एक टोंटी लगी होती थी, तो वहां बाल्टियों की लाइन लगी रहती थी। उन-उन सभी जगहों पर समरसेबल लगाकर जरूरतमंद और गरीब लोगों की समस्या समाप्त कर दी गई है। शेष स्थानों पर लगातार कार्य जारी है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि मेरा यह संकल्प है पूरी विधानसभा अंतर्गत कोई भी व्यक्ति पानी से वंचित न रहे क्योंकि जल ही जीवन है और जल हर व्यक्ति के लिए सर्वोपरि है। इसके लिए हम प्रत्येक गली प्रत्येक मोहल्ले प्रत्येक बस्ती में पेयजल की आपूर्ति पाइपलाइन से तथा समरसेबलों को अतिरिक्त रूप से लगाकर गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र को पेयजल संकट से मुक्त क्षेत्र बनाएंगे।जिसके अंतर्गत बहुत तेजी से युद्ध स्तर पर पेयजल संकट को दूर करने के लिएए समरसेबलों को लगाने तथा पेयजल की लाइनों को बिछाने का कार्य जारी है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद आरती त्रिपाठी, पार्षद नित्या आशीष बाजपेई, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, चंद्रमणि चौबे, ललित उपाध्याय, विनोद, पवन सविता, सियाराम पाल, पुनीत शुक्ला, भावना सिंह, शिप्रा सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

## माता रमाबाई अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय अवार्ड्स से सम्मानित हुई सारिका

कानपुर। उड़ान संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो किरीट भाई प्रेमजी भाई सोलंकी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में माता रमाबाई अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय अवार्ड्स 2025 का आयोजन किया गया। इसमें कानपुर शहर के सारिका गुप्ता को भी इस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। हालांकि वो इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली नहीं जा सकी। इसलिए उनको ये सम्मान सोमवार को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिया गया। इसमें पूरे भारत वर्ष के 23 राज्यों में वंचित एंव महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रही। महिला संस्थाओं की महिला पदाधिकारी समूह और व्यक्तिगत लेवल पर विविध क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली 180 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सेवायोजन कार्यालय में कार्यरत सारिका गुप्ता को सामाजिक कार्यो को विशेष रूप से दिव्यांग महिलाओं के कल्याण के हितार्थ कार्य करने के लिए चयनित किया गया था, चूंकि कुछ विषम कारण की वजह से सारिका गुप्ता दिल्ली के कार्यक्रम में नही उपस्थित हो सकी थी। इस कारण कल्याणपुर विधानसभा की विधायिका नीलिमा कटियार ने उन्हें अवार्ड एंव मेडल से सम्मानित किया।


## खबर एक नज़र



### बड़ी धूम धाम से मनाया गया मदर्स डे

अरौल दू अरौल मकनपुर क्षेत्र के आर पी एस गौरव इंटर नेशनल स्कूल में मदर्स डे का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मां का प्यार हर घर का आधार थीम पर आयोजित इस इवेंट में बच्चो ने अपनी प्रतिभा दिखाई और अपनी माताओं के प्रति प्यार और सम्मान भी जताया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। स्कूल की प्रधानाचार्या लकी जैन और सभी शिक्षिकाओं ने मां के प्रेम को समर्पित प्रेरणादायक संदेश दिए। इस खास मौके पर बच्चो ने मनमोहक गाने एवं डांस प्रस्तुत करके माहौल को भावुक कर दिया। सभी प्रस्तुतियों में माताओं के प्रति गहरा प्यार और सम्मान दिखा। वहीं दूसरी तरफ बच्चो की माताओं में कुकिंग डिश और वाक्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मकनपुर निवासी ताज़ीन फात्मा ने प्राप्त किया। इस मौके पर स्कूल की निदेशक आरती कटियार एवं प्रबंधक समेत आए हुए सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की।

### मदर्स डे सेलिब्रेशन में खुशी से झूमे बच्चे मनाया जश्न



आर के एम एस डी स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
स्वतंत्र भारत संवाददाता
भीतरगांव। यूं तो माँ के लिए हर दिन खास होता है लेकिन मदर्स डे उस दिन को और खूबसूरत बना देता है जब हम उन्हें एहसास दिला सकते है कि वह हमारे लिए कितनी अनमोल है कस्बा साढ़ स्थित आर के एम एस डी एजुकेशन सेंटर में मदर्स डे सेलिब्रेशन का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में पहुंची मातृ शक्तियों को बच्चो ने हाथों से बनाए उपहार भेंट कर प्यार जताया।मदर्स डे पर पहुंची माताओं को बच्चों ने हाथों से बनाए ग्रीटिंग कार्ड्स फोटो कोलाज हैंड मेड फ्लावर्स आदि देते हुए प्यार जताया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पहुंची मातृ शक्तियों का इंग्लिश मीडियम हेड गीता चौरसिया द्वारा आभार जता स्वागत किया गया इस मौके पर प्रिंसिपल सुरेश सिंह यादव उप प्रधानाचार्य संदीप सिंह आकृति अवस्थी गोल्डी सिंह प्राची सिंह सर्जुन सतेंद्र शुक्ला अरिमर्दन सिंह रामबाबू कुशवाहा नितेन सिंह सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### दबंगों ने की महिला व उसकी जेठानी से मारपीटए उठा ले जाने की कोशिश

**थाना क्षेत्र के केवड़िया गांव में हुई घटना दो पक्षों के बीच चल रही रंजिश का मामला**

घाटमपुर। पतारा क्षेत्र के केवडिया गांव में दो पक्षों के बीच चल रही रंजिश को लेकर दबंगों ने एक महिला व उसकी जेठानी को उठा ले जाने की कोशिश की। शोर शराबा सुनकर लोगों को आता दबंग दोनों महिलाओं को पीटने के बाद भाग गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी।केवडिया निवासी कमला देवी पत्नी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि शनिवार को पूर्व रंजिश के चलते गांव के अजयए छोटकईए केशन जो कि दबंग किस्म के व्यक्ति हैं।अजय का भाई शशि कुमार उसके दरवाजे आया बिना किसी कारण के गाली गलौज करने लगा। उसने धमकाते हुए कहा कि अपने पति को बुलाओ आज उसे जान से मार देंगे। जब उसने व उसकी जेठानी सुखदेही पत्नी बंशलालए शालिनी पुत्री बंशलाल ने गाली देने से मना किया तो सभी ने लात घूसों से बुरी तरह से मारा तथा उसको व उसकी जेठानी को गाड़ी से उठाकर जबरन ले जाने की कोशिश करने लगे। गांव वालों के बचाने पर सभी लोग जान माल की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि दी गई घटना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज जांच के साथ कार्यवाही की की जा रही है।

### सपा जिला उपाध्यक्ष विवेक पाल सिजवाही गांव पहुंच लोगो से मिले

मौदहा-हमीरपुर। ग्राम सिजवाही में शुक्रवार को महाराणा प्रताप की जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकालने के दौरान दो पक्षों में विवाद होने के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के नौ लोगों समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, दलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में कोतवाली मौदहा में मुकदमा दर्ज कराया है। वही इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सिसोलर थाना प्रभारी कल्पना सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण देर शाम लाइन हाजिर कर दिया। गौरतलब हो कि महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा के आयोजकों ने यात्रा के लिए चार दिन पहले थाना सिसोलर को लिखित में प्रार्थना पत्र देकर परमिशन मांगी थी। लेकिन सिसोलर थाना प्रभारी ने पत्र में गंभीरता नहीं दिखाई और न ही आयोजकों को कोई सूचना दी। जिससे आयोजक ये समझ बैठे की हमे पुलिस से परमिशन मिल गई है। शुक्रवार को उन्होंने कई गावों में महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा निकाली और उसी दौरान सिजवाही गांव में बाबा साहब मूर्ती के पास बवाल हो गया। वही रविवार को दोपहर सपा के जिला उपाध्यक्ष विवेक पाल सिजवाही गांव पहुंचकर पीड़ितों से मिले और उन्होंने कहा कि आज हमे आपस में लड़ने का समय नही है। बाबा साहेब हमारे पूज्य है। तो महाराणा प्रताप जी हम लोगो के आदर्श है। देश उनका योगदान और बलिदान भुला नहीं सकता है। हम सभी को अपने महापुरुषो के आदर्शो पर चलना चाहिए। न कि आपस में लड़े स आज देश पाक से आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। उसमे सभी को एक जुट होकर अपने वीर सैनको का हौसला बढ़ाये न कि आपस में लड़े।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सम्मानित हुए सिलौली एवं कम्हरिया के छात्र एवं छात्राएं

हमीरपुर। आईसीटी की पाठशाला के तत्वाधान में 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आयोजित आंनलाइन क्विज़ में 3000 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। आईसीटी की पाठशाला के संस्थापक स्टेट आईसीटी अवार्डी इंजीनियर शेखर यादव द्वारा बच्चों में डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय आंनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह क्विज़ बेसिक एवं माध्यमिक कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं समसामयिक तकनीकी ज्ञान पर आधारित प्रश्न शामिल थे। आयोजन में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 3018 बच्चों ने सहभागिता की। इसी क्रम में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली से लगभग 36 बच्चों ने एवं कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्हरिया से 10 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े पीईएस अधिकारी राजू यादव एवं ईआरप्लस एडवाइजरी सर्विसेज सांफ्टवेयर कंपनी की निदेशक रेखा ने आंनलाइन माध्यम से जुड़ते हुए सभी प्रतिभागियों को हस्ताक्षरयुक्त ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए। पीईएस अधिकारी राजू यादव ने कहा कि तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। इस तरह की पहल बच्चों को न सिर्फ तकनीकी जानकारी देती है। बल्कि उन्हें रचनात्मक रूप से सोचने और सीखने के लिए भी प्रेरित करती है। सिलौली प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता ने बताया कि आईसीटी की पाठशाला शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों के लिए एक निःशुल्क डिजिटल मंच है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के किनारे मिला महिला का शव



**परिजनों ने पति पर हत्या की जताई आशंका**

**चौबेपुर** थाना क्षेत्र के कस्बे में रक्त रंजित शव मिलने से मचा हड़कंप जानकारी के अनुसार संजय शर्मा अपने तीन बच्चों व पत्नी बीनू शर्मा के साथ चौबेपुर कस्बे में किराए के मकान में रहते थे और जी टी रोड स्थित सिंह ढाबे में काम करते थे भोर पहर पड़ोसियों ने घर के किनारे महिला का शव पड़ा देखा तो उसकी पहचान बीनू शर्मा के रूप में की गई वही घर की छत पर काफी मात्रा में खून पड़ा मिला वही क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दी गई परिजनों की माने तो पति पत्नी के बीच अक्सर मारपीट व विवाद होता रहता था पति नशे का आदी बताया जा रहा है मृतक महिला के शरीर पर काफी चोट के निशान मिले है मौके पर फॉरेंसिक टीम ने जाकर साक्ष एकत्र किए वही मृतिका की मां ने थाने में तहरीर देकर हत्या किए जाने की बात कही है मृतिका का मायका भिखारीपुर गांव में है उसके तीन बच्चे है जिनमें दो बेटियां सारथी और सिया है एक पुत्र शुभ है मृतिका का चौदह वर्ष पूर्व विवाह हुआ था मौके पर ए डी सी पी विजेंद्र द्विवेदी ए सी पी बिल्हौर अमरनाथ यादव ने पहुंच कर घटना की जानकारी की वही मौके पर पति को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा वही पुलिस की टीम घटना की जानकारी कर रही है



### भगवान बुद्ध के उपदेश हमें आज भी करते हैं प्रेरित-सरोज कुरील

विधायक ने बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर इस्माइल में बोलते हुए कहा

घाटमपुर। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर विधान सभा क्षेत्र के इस्माइल पुर में भीम विचार मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक श्रीमती सरोज कुरील ने भगवान बुद्ध के शिक्षाओं व उनके जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश हमें सत्यएअहिंसा व करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। विधायक ने इस मौके पर विशेष रूप से उनके आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश को भी साझा किया। साथ ही कहा कि भगवान बुद्ध के मिशन को पूरा करने के लिए हम सब को आगे आना होगा। विधायक ने आगे कहा कि हम सब भगवान बुद्ध को तो मानते हैं पर उनके बताए रास्ते पर नहीं चलते हैं। इस अवसर पर समाज के लोगों के अलावा आस पास गांवों के प्रमुख व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही।



### बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बिल्हौर** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर बिल्हौर विधानसभा के चौबेपुर ब्लॉक के ग्राम इटरा में सपा के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह प्रधान ने किया गया। जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान बुद्ध को याद करके आज के इस पवित्र दिन को मनाया। विनय यादव ने भगवान बुद्ध के दर्शन व उनके बताये गये मार्गों पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आज के ही दिन भगवान बुद्ध का जन्म महापरिनिर्वाण व ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। भगवान बुद्ध ने दुनिया को सत्य अहिंसा प्रेम करुणा व दयालुता व परोपकार का पाठ पढ़ाया है। भगवान बुद्ध का दर्शन दुख व उसके कारण से मुक्ति के मार्ग पर जोर देती है। बुद्ध के पंचशील के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। जीवन में किसी भी चीज के अतिवाद से बचने के लिए बुद्ध का मध्यमार्ग का सिद्धांत बेहद महत्वपूर्ण है तथा सफल मानव जीवन का महत्वपूर्ण घटक भी है। भगवान बुद्ध धर्म जाति व देश की सीमाओं से परे समूचे विश्व के लिए आदर्श हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु एवं सपा नेता बैकुंठ नाथ भारती राष्ट्रीय सचिव सपा हरिओम पांडे राजू पाल ज्ञान चंद्र कोरी अनिल कुशवाहा सुनील पाल हरि प्रकाश संतोष कश्यप सुनील यादव श्याम यादव वीरेन्द्र वर्मा अजय वर्मा विष्णु पाल अजय यादवए पंकजए कैलाश कठेरिया रामदास पूर्व प्रधान आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने देखी सफाई व्यवस्थाए समय से ड्यूटी को कहा

**पालिकाध्यक्ष ने सफाई कर्मियों को दिए निर्देश कहा शिकायतें मिली तो होगी कार्यवाही**



**घाटमपुर।** पालिका प्रशासन ने नगर के 25 वार्डो को साफ सुथरा रखने के लिए सफाई कर्मियों के पेंच कसे हैं। पालिका ध्यक्ष गजाला तबस्सुम ने नगर को साफ सुथरा रखने के साथ समय से वार्डों में जाकर ड्यूटी करने को भी कहा है। उन्होंने सफाई कर्मियों से आगे कहा कि शिकायतें मिली तो उनके खिलाफ कार्यवाही तय है। पालिकाध्यक्ष ने आगे कहा कि ड्रेस पहन कर ही कर्मचारी अपने अपने वार्डों में सफाई करें। मौजूदा समय में पालिका के 25 वार्डों की सफाई मे करीब 130 सफाई कर्मियों की तैनाती के साथ अन्य कार्यों में भी लगाए गए हैं। पालिकाध्यक्ष ने सभी सफाई कर्मियों से कहा कि वह जब भी वार्डों में सफाई करने जाएं तो ड्रेस जरूर पहनें। उन्होंने आगे कहा कि पालिका अपने सफाई कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखती है। फिर भी कोई समस्या है तो हमे बताएं। प्राथमिकता में निस्तारण होगा।

## डंपर में पीछे से ट्रक के घुसने पर चालक की दर्दनाक मौत

**अचानक डंपर के ब्रेक लगाने से हुआ हादसा क्रेन की मदद से चालक के शव को केबिन से निकाला गया बाहर**



घाटमपुर। पतारा क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में हाइवे पर जा रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से डंपर में ट्रक घुस गया। तेज रफ़्तार में हुए हादसे में ट्रक चालक केबिन में करीब दो घंटे फंस कर तड़पता रहा। मौके से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची पता रा चौकी पुलिस ने पीएनसी की क्रेन से केबिन खिंचवाकर चालक को किसी तरह बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनो को देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के राजेपुर भदरस निवासी दिनेश सिंह चौहान 35 ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार की देर रात वह ट्रक लेकर घाटमपुर से कानपुर की ओर जा रहा था। अभी वह जहांगीराबाद गांव के पास पहुंचा ही था कि आगे चल रहे डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर डंपर में पीछे से जा घुसा। हादसे में ट्रक चालक केबिन में फंसकर लगभग दो घंटे तक तड़पने के साथ जान बचाने को चीखता चिल्लाता रहा। हादसा देख पहुंचे राहगीरों ने घटना की सूचना फोन कर पता रा चौकी पुलिस को दी। खबर मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएनसी की क्रेन से ट्रक की केबिन खिंचवाकर चालक को घायल अवस्था में बाहर निकालकर घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया।जहां डाक्टर ने चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनो को सूचना देने के साथ चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि परिजनो को घटना की सूचना देने के साथ चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे के बाद हाइवे पर दो घंटों तक रेंगते रहे वाहन घटना के बाद हाइवे पर क्षतिग्रस्त वाहनों के खड़ा होने से एक लेन चलती रहीए जिससे हाइवे पर लगभग दो घंटे तक यातयात रेंगता रहा। पुलिस ने पीएनसी की क्रेन की मदद से दोनो क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर यातयात बहाल कराया है। इस दौरान दोनो तरफ एक एक किमी जाम जैसी स्थिति बनी रही।

हादसे में तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया वैसे तो हादसे कोई भी हों दर्दनाक होते हैं। मगर जहांगीराबाद गांव के पास हुए हादसे ने पत्नी व बच्चों को असहाय कर दिया। हादसे में ट्रक चालक दिनेश सिंह चौहान की हुई मौत के बाद से पत्नी सुमन देवी का रो रोकर बुरा है। चालक की मौत से उसके तीन बेटे भानु प्रताप सिंह 12ए पीयूष 10ए अभय 8 और एक बेटी निधि उर्फ पिंकी 7 के सिर से पिता का साया उठने को लेकर गांव में गमगीन माहौल रहा।

## भूमिगत नहर के निर्माण के लिए 23 करोड़ खर्च निर्माण शून्य

हमीरपुर। हमीरपुर बांदा फतेहपुर की सीमा से यमुना नदी से निकाले जाने वाली भूमिगत नहर का 23 करोड़ रुपये व्यय होने के बाद कार्य शुरू नहीं हो सका है। 116 करोड़ की लागत से बनने वाली इस नहर में अभी तक केवल किसानों को मुआवजा ही दिया गया है। सदर विधायक ने इसमें हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पर विभागीय अधिकारियों से बात की है। इसके बाद भी कार्य में तेजी नहीं आ सकी है। फिलहाल 12 लाख की लागत से कैंप कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। लघु डाल नहर 116 करोड़ की लागत से 21 किलोमीटर भूमिगत नहर का निर्माण करा रही है। यह हमीरपुर बांदा फतेहपुर की सीमा में बह रही यमुना नदी में भौंरा डांडा से निकलकर बड़ागांव (बांदा) में यमुना नदी तक करा रही है। प्रथम चरण में कार्य के शुभारंभ के लिए गत वर्ष में 25 करोड़ की धनराशि जारी की गई थी। इसमें अभी तक किसानों को मुआवजा ही मिल सका है। शेष धनराशि में 12 लाख रूपये की लागत से भौंरा डांडा में यमुना नदी के किनारे विंध्यवासिनी मंदिर के समीप कैंप कार्यालय बनाया जा रहा है। इसका निर्माण अभी अधूरा है। यह भूमिगत नहर भौंरा डांडा से निकलकर बांदा जनपद के नारायढ़, रामपुर, बुधेडा, गजपुरवा, तनगामऊ, कानाखेड़ा, भुइयारानी, गुलौली, गाजीपुर, चंदवारा, चैकीपुरवा, झंझरीडेरा, पिपरोदर से होकर बड़ागांव मौजा होते हुए यमुना में गिराई जाएगी। पांच मीटर चैड़ी इस भूमिगत नहर में प्रत्येक गांव के समीप इंटेकवेल बनाकर किसानों को पानी मुहैया कराया जाएगा। यमुना नदी से पानी हमीरपुर जनपद के भौंरा डांडा गांव से लेकर बांदा जनपद के गांवों को दिया जाना है। इस जनपद के भौंरा गांव के कुछ किसानों को ही इस नहर का लाभ मिलेगा। निर्माण के नाम पर भौंरा डांडा में यमुना नदी किनारे केवल नहर निकालने के लिए खुदाई करके महज कच्चा स्ट्रक्चर ही अभी तैयार किया गया है। पाइपलाइन डालकर भूमिगत नहर का निर्माण कब होगा, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने भी इसके निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पर विभागीय अधिकारियों से बात की है। कार्यालय भवन बना रहे ठेकेदार संतोष यादव ने बताया कि इसे सिर्फ भवन निर्माण का कार्य करना है। अन्य कार्य दूसरे ठेकेदारों को दिए गए है।

## भारत सेवक समाज द्वारा शिक्षा पर चिंतन गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान हुआ संपन्न




**कानपुर।** भारत सेवक समाजए कानपुर मंडल द्वारा आज एक चिंतन गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन लेनिन पार्क स्थित पानी टंकी परिसरए कानपुर में किया गया। वक्ताओं ने गोष्ठी में ष्शिक्षारू सशक्त समाज की आधारशिलाष् विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। यह विचार विमर्श वर्तमान समय में शिक्षा की बदलती भूमिकाए नवाचारए डिजिटल युग में शिक्षा की प्रासंगिकता और विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर केंद्रित रहाए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के महत्व पर गहन विचार.विमर्श करना तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत वर्ष 2025 की इंटर परीक्षा में उत्तर प्रदेश में आठवां एवं कानपुर महानगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री जीविका श्रीवास्तव के साथ उत्तर प्रदेश में सोहलवां और कानपुर नगर में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री ईशिका श्रीवास्तव को संस्था द्वारा सम्मानपत्र मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। यह इस बात का संदेश है कि बेटियां न केवल शिक्षा में आगे बढ़ रही हैंए बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की प्रतिनिधि भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मंडल अध्यक्ष सुखवीर सिंह मलिक द्वारा तथा संचालन एडवोकेट आरण्पीण् श्रीवास्तवए संयोजक द्वारा किया गया। इस अवसर आयकर अधिकारी एवं महामंत्री शरद प्रकाश अग्रवालए कवियत्री एवं सिविल डिफेंस की डिवीजनल वार्डन सीमा अग्रवालए भाजपा कौशलपुरी के मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंहए रेवतीशरणए स्वाती गुप्ताए वीरेंद्र सिंह वर्माए बी0एल0 गुलबिया आदि अनेक विशिष्ट गणमान्य लोगों के अलावा नीरजए पूर्णिमाए स्वाती श्रीवास्तवए धीरजए अंकुरए कृष्णाए विष्णुए निर्भय निगमए देवेंद्र प्रताप सिंहए रमेश चंद्रए नेहाए नीमाए शैलेन्द्र यादवए सौरभए डिम्पलए अनुपमाए प्रमोदएचंद्रहास सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### युवती को बहला फुसला कर ले गया तांत्रिक

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के एक गांव में तांत्रिक अपने पिता और पड़ोसी महिला के सहयोग से युवती को बहला फुसला कर ले गया। युवती की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, फतेहपुर**

पत्रांकः– 950/ए–5/ईटेण्डरिंग/2025 दिनांक :–01.05.2025

**अल्प कालीन ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से, अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, फतेहपुर, द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | फतेहपुर | जनपद फतेहपुर में कोषागार कार्यालय के पेंशन कक्ष में वाल पैनलिंग, आन्तरिक दीवारों पर मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 11.00 | 1.10 | स्टेशनरी चार्जेज+निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0 =रू0–856 | 2 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा दिनांक–15.05.2025 से 23.05.2025 तक उपलब्ध है, जो दिनांक–23.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक–23.05.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर उपलब्ध है।

निविदादाताओं को कोविड–19 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा।

(अरविन्द कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, फतेहपुर
वास्ते महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0

उ0प्र0 233612 दिनांक- 09.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

## फांसी लगा युवक ने दी जान

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम उमरा में रविवार की रात 28 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर अपने निजी सबमर्सिबल में जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार उमरा गांव निवासी रामविशाल का पुत्र धर्मेंद्र सिंह रात खाना खाकर निजी समर सबिल में सोने चला गया। सुबह जब वह घर वापस नहीं आया तो घर वालो ने जाकर देखा तो सभी के पैरो तले से जमीन खिसक गयी। धर्मेन्द्र का शव फांसी पर लटका था। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सहकारी देयों की वसूली के प्रति गंभीर नहीं संग्रह अनुभाग

**डेढ़ अरब की बकायेदारी का साठ फ़ीसदी है वसूली लक्ष्य, प्रशासन भी गंभीर नहीं, एआरसीएस के ख़ास कृपा पात्र है संग्रह सहायक अनिल वर्मा**

फतेहपुर। सहकारिता की त्रिस्तरीय बकायेदारी को लेकर संग्रह अनुभाग के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। ज़िला सहकारी बैंक, भूमि विकास बैंक और कृषि ऋण समितियों (बी-पैक्स) की डेढ़ अरब से ज्यादा की बकायेदारी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, और वसूली बाबत सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मोहसिन जमील कभी गंभीर ही नहीं हुए। सहकारी देयों की वसूली बाबत ज़िला प्रशासन की सख्ती की भी सहकारिता के भ्रष्ट तंत्र के समक्ष हवा निकलती रही है, नतीजतन बैंकर्स एवं राजस्व विभाग आदि के साथ मासिक बैठक में सहकारिता विभाग को शामिल न किया जाना अपने आप में बड़ा विषय है। सहकारी देयों की वसूली बाबत अंतिम बार तत्कालीन पी. गुरु प्रसाद ने सख्ती दिखाई थी, और सहकारिता विभाग (संग्रह अनुभाग) को ख़ास दिशा निर्देश भी जारी किए थे, किन्तु उनके तबादले के बाद अपनी फितरत के मुताबिक़ यह विभाग फ़िर से गहरी नींद में चला गया और वसूली बाबत प्रशासन स्तर से कभी ज़रुरी प्रयास तक नहीं हुए। सहकारिता का संग्रह अनुभाग जिस पर इस भारी-भरकम वसूली का दारोमदार टिका हुआ है, उसमें प्रभावी रणनीति का अभाव इस पर और ग्रहण लगा रहा है। अनुभाग के संग्रह सहायक अनिल वर्मा की हेकड़ी और उस पर एआरसीएस का कर्तव्यो के प्रति गंभीर न होने के चलते ज़्यादातर संग्रह अमीन या तो घर बैठ गए हैं या फिर उनको निष्क्रिय होने के लिए विवश कर दिया गया है। ख़बर है कि संग्रह अनुभाग के पास मौजूदा समय में तीन संग्रह अमीन वैतनिक और 12 अवैतनिक हैं, जिनपर डेढ़ अरब का कम से कम 60 फ़ीसदी वसूली लक्ष्य का दारोमदार टिका है, शासन के निर्देशों के तहत् अगले माह जून में इस लक्ष्य पूरा करना है और अब दो-तीन फ़ीसदी का आंकड़ा भी नहीं पहुंच पाया है। सूत्रों की मानें तो तत्कालीन सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक रामनयन सिंह ने संग्रह अनुभाग के कनिष्ठ सहायक अनिल वर्मा का अपने काम के प्रति गंभीर न होने और तत्कालीन कार्यवाहक प्रभारी सचिव श्याम सुंदर श्रीवास्तव आदि की अपरोक्ष शिकायतों के चलते शासन स्तर पर लिखापढ़ी करके उसे यहां से स्थानांतरित करवा दिया था, जिसमें पिछले दरवाज़े से ज़िला सहकारी बैंक के तात्कालीन चेयरमैन उदय प्रताप सिंह की भी भूमिका मानी जाती हैं, जिसके बाद नए संग्रह सहायक ने वसूली अभियान को गति देना शुरू ही किया था कि संदिग्ध परिस्थितियों में अनिल वर्मा की पुनर्वापसी ने वसूली अभियान का बंटाधार कर दिया। ख़बर है कि शासन के निर्देशों के विपरीत वसूली अभियान को गति न मिलने से जहां एक बार फिर एक और सीज़न की हवा निकलना तय है, वहीं इसके लिए जवाबदेह कौन यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## क्राइम कंट्रोल पर दें विशेष ध्यान, रात्रि गश्त बढ़ाएं- अनूप

**अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने मातहतों को दिए दिशा-निर्देश**



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि जिले में अपराधियों के हौसलों को पस्त किया जाए और सभी पुलिस कर्मी विशेषकर क्राइम कन्ट्रोल पर ध्यान दें। रात्रि गश्त भी बढ़ाया जाए। जिससे अपराधी घटनाओं को अंजाम न दे सकें। यदि किसी थाना क्षेत्र में बड़ी वारदात सामने आएगी तो उसके जिम्मेदार संबंधित थाना प्रभारी व थानाध्यक्ष होंगे। इसलिए अपने कार्यो के प्रति ईमानदार रहें और थाने पर आने वाले पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करें।

यह बात सोमवार को अपने कार्यकाल में पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पहली अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए एसपी अनूप कुमार सिंह ने कही। अपराध समीक्षा बैठक में सभी सर्किल के सीओ समेत सभी थाना प्रभारी व थानाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी श्री सिंह ने शासन के निर्गत आदेशों व निर्देशो के अनुपालन का पाठ पढ़ाया। उन्होने कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य को अंजाम दें। अवैध शराब निष्कर्षण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। महिला संबंधित अपराध व अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर, हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की जाए। अपराध की रोकथाम व जनता के साथ संबंध स्थापित कर समस्याओं के समाधान हेतु बीट प्रणाली को और अधिक कारगार बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। थानावार टॉप-10 अपराधियों, जेल से रिहा हुए अपराधियों का सत्यापन आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, समस्त क्षेत्राधिकारीगण के अतिरिक्त समस्त शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

## छत से गिरकर महिला घायल

फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर में सोमवार की भोर छत से गिरकर 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार अलीपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार की पत्नी मालती देवी छत पर सो रही थी। सुबह 5 बजे उठकर नीचे आते समय अचानक नींद के झोके में नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसी जानकारी जब परिजनो को हुयी तो उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज करवा रही नन्द मीना देवी ने घटना की जानकारी दी।



## गौतम बुद्ध जयंती के दिन पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश

फ़तेहपुर। गौतमबुद्ध पार्क में आज भागवान बुद्ध की प्रतिमा को नमन करते हुए झांकियों का आयोजन किया गया, इसके साथ ही भारत-पाक़िस्तान सीमा पर शाहीद हुए शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, उनकी शहादत को जाया न होने देने की बात भी कही गई। इस मौक़े पर गौतमबुद्ध के जन्म महोत्सव के मौक़े पर केंद्र सरकार से अपील की गई कि पाकिस्तान के ख़िलाफ़ सख़्त से सख़्त कार्रवाई करें। हर वक़्त पाकिस्तान आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देता है और ऐसे में भारत के निर्दोश लोगो की जान जाती है। कार्यक्रम का आयोजन अर्चना जी ब्लू ड्रीम्स समिति की तरफ से किया गया। इस मौके पर अर्चना देवी, गया प्रसाद, सुनील कुमार, अभय अवस्थी, शिवदेवी, रूपरानी आदि मौजूद रहे है।

## सीपीएस में मातृ दिवस पर माताओं का हुआ सम्मान



फतेहपुर। शहर के स्थानीय चिल्ड्रेन पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। मातृ दिवस माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। एक मां का आँचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। इस दिन का उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। मुख्य अतिथि विद्यालय की डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथियों में संजय श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, अनुराधा श्रीवास्तव, नीलम सिंह, आशुतोष पाण्डेय को नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर रोली तिलक करके उनके स्वागत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात दिव्य ज्योति प्रज्जवलन किया गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा गणेश वंदना नृत्य द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव ने अतिथियों, अभिभावकों और माताओं का अपने संबोधन में आह्वान करते हुए कहा कि मातृशक्ति इस दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति है। जो अपने बच्चों को उचित दिशा निर्देश देकर उनका मनोबल बढ़ाती हैं। उन्हें जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों का सामना करके मजबूत बने रहने का संबल प्रदान करती हैं। इसके पश्चात उनके मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों न्यूज़रूम निंजा, मंच टाइम मेनिया का आयोजन, इसके अलावा बॉल और बास्केट गतिविधि के साथ साथ बीट्स पर कदम नृत्य का आयोजन किया गया। सभी खेल गतिविधियों में सभी माताओं ने बड़े जोश और उत्साह से प्रतिभाग किया। हेडमिस्ट्रेस रीना शुक्ला ने आए हुए अतिथियों अभिभावकों और बच्चों की माताओं के साथ साथ संसार की समस्त माताओं को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, ऑफिस स्टॉफ, बच्चे, अभिभावक एवं कर्मचारी वर्ग अपने स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग करके गति प्रदान करते रहे।



## साईं सिटी व साईं बिहार में मनाया गया मातृ दिवस, हुए कार्यक्रम

फतेहपुर। स्थानीय जयराम नगर स्थित साईं सिटी इंटर कॉलेज व मां सरस्वती ज्ञान मंदिर साईं बिहार में मातृ दिवस प्रभावी ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक रेखा सिंह गौर ने किया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और ग्रीटिंग कार्ड भी बनाए। स्कूल के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने कहा कि माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। निदेशक रेखा सिंह ने आए हुए छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ मां के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। मातृ दिवस मां को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता। मां का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि मां अपने बच्चों की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ जाती है, इस दिन का उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। इस मौके पर अरविंद पटेल, रविंदर सिंह, रणवीर सिंह, रेखा श्रीवास्तव, जयश्री, मनोरमा, रामा, रागनी, अनुराधा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## केजेजे नर्सिंग होम में भी मनाया नर्सिंग डे

फतेहपुर। सिविल लाइन स्थित करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर समाज से जुड़ी सेविका व बीमार व्यकित की देखरेख करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। नर्सिंग होम के ऑनर डा0 अमित मिश्रा व डा0 अर्चना मिश्रा ने सभी नर्सों को उनके अच्छे कार्य के लिए बधाईयां व प्रोत्साहन देते हुए केक काटकर हर्षोल्लास से नर्सिंग डे मनाया। सभी स्टाफ के लोगों के साथ बैठकर कार्य को जिम्मेदारी से करने व मरीजों की देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अफसर सिद्दीकी, आयुष्मान इंचार्ज सचिन कुमार, स्टाफ हेड शादाब अख्तर, संदीप श्रीवास्तव, ओपी शर्मा, पद्मा मिश्रा, पिंकी देवी, आरती पाल, सविता देवी भी मौजूद रहे।

## गोष्ठी: सपाईयों ने भगवान बुद्ध की जयंती मना किया याद

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के कार्यालय में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने की। उन्होने कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व अनार्य शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था जो कोलीय वंश से थीं। भगवान बुद्ध के जन्म के सात दिन बाद माता का निधन हुआ। उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापती गौतमी ने किया। 29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ विवाहोपरांत एक मात्र प्रथम नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्यागकर संसार को जरा, मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपाठ का मोह त्यागकर वन की ओर चले गए। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव चै. मंजर यार ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष विपिन यादव, रामतीरथ परमहंस, नंदकिशोर पाल, मनोज यादव, रामबाबू यादव, हीरालाल साहू, रत्नेश रत्ना, अनिल यादव, डा अमित पाल, बौद्ध फूल सिंह मौर्या, नरेश कोरी, संदीप सैनी, सुहैल खान, रिशु तिवारी, शिव शंकर यादव, दानिश खान, जय चैधरी, अंकित सोनकर, रमेश सैनी, रवि गुप्ता, सर्वेश आदि रहे।

## इंटरनेशनल नर्सेज डे फ्लोरेंस नाइटिंगेल को किया याद

**छात्र-छात्राओं को अच्छी नर्स बनने की प्रेरणा देकर किया उत्साहवर्धन**





फतेहपुर। इंटरनेशनल नर्सेस डे पर मॉ रामरती मेमोरियल नर्सिंग कालेज में पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल की मौजूदगी में कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव नयन गिरि रहे। जिन्होने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने कहा कि नर्सिंग क्षेत्र में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होने अपना संपूर्ण जीवन मरीजों की सेवा में समर्पित कर दिया और नर्सिंग को एक सम्मानजनक पेशे का दर्जा दिलाया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस का केक भी काटा गया।

संस्था के चेयरमैन डा0 अशोक पटेल ने कहा कि 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस को इंटरनेशनल नर्सेस डे के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म इटली शहर में हुआ था। साथ ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल के नर्सिंग के क्षेत्र में उनके किए गए योगदान एवं समर्पण के बारे में बताते हुए कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अपना सम्पूर्ण जीवन मरीजों और दीन दुखियों की सेवा करने में समर्पित कर दिया। मरीजों की सेवा करते हुए वह खुद भी बीमार हो गई थीं, लेकिन उन्होंने अपना सेवाकार्य नहीं छोड़ा। उन्होंने नर्सो के काम को एक सम्मानजक कार्य का दर्जा दिलाया। आज दुनिया भर में उनके जन्मदिन पर अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जाता है। मेडिकल क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या से लड़ने में नर्स सबसे आगे रही हैं। प्रधानाचार्य किशुन झा ने नर्सिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक मिशन के रूप में देखा था और हमें उनके योगदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। नर्सो की मेहनत और संघर्ष की वजह से ही आज स्वास्थ्य सेवा की दुनिया इतनी प्रगति कर पाई है। उन्होने छात्रों से यह भी कहा कि सभी का दायित्व सिर्फ मरीजों को देखभाल ही नहीं करना बल्कि समाज में नर्सिंग पेशे को सम्मानित और प्रतिष्ठित बनाना है। इस मौके पर कुसुम पटेल, डा0 जवाहर लाल, कालेज प्रशासिका प्रियंका सिंह, डा0 प्रतीक पटेल, डा0 नितिका पटेल, अंजली कुशवाहा के अलावा नर्सिंग कालेज टीचर्स व स्टाफ भी मौजूद रहा।

इसी कड़ी में शहर के पत्थरकटा चैराहा स्थित शिवा अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज डे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. तेज मानसिंह, अस्पताल के प्रबंधक संचालक डॉ. एसपी मौर्य ने हॉस्पिटल की सभी नर्सो को उपहार भेंट कर उनको सम्मानित किया। डॉ. मौर्य ने कहा कि आज नसों की मेहनत और संघर्ष की वजह से ही आज स्वास्थ्य सेवा की दुनिया इतनी प्रगति कर पाई है। उन्होंने आगे कहा कि सभी का दायित्व सिर्फ मरीजों की देखभाल ही नहीं करना, बल्कि समाज में नर्सिंग पेशे को सम्मानित और प्रतिष्ठित बनाना है। इस मौके पर कल्पना मौर्य, सौम्या, अंजू देवी, बेबी सिंह, प्रतिमा देवी, अनुपमा राज, प्रीति देवी, विमलेश कुमारी, अपूर्वा एवं अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान का मनाया नवां स्थापना दिवस

फतेहपुर। सिद्धपीठ श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान जी का 9 वां स्थापना दिवस और भंडारा धूमधाम से मनाया गया। विश्व की शांति के लिए सुंदरकांड के साथ हवन पूजन किया गया। महिलाओं ने गीत संगीत के साथ जयकारा लगाएं। इसके बाद आयोजित भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने बताया कि सिद्धपीठ श्रीमोटेस्वर महादेव मंदिर में सन 2017 में श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान जी की मूर्ति स्थापित की गई थी। जिसका वार्षिकोत्सव मोटे महादेवन मंदिर में सुंदरकांड व भंडारे के साथ कराया गया। मंदिर में अचार रवि शंकर मिश्रा एवं आचार्य अचल त्रिपाठी ने विधि विधान के साथ के साथ हवन पूजन कराया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामस्वरूप गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, जय प्रकाश सिद्धराज, जवाहर जायसवाल, गिरजा शंकर श्रीवास्तव, धनंजय द्विवेदी, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्त, अरुण जायसवाल एड., भाजपा नेता राम प्रताप सिंह, अमिताभ बिहारी शरण, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, मुकुट बिहारी शरण, घनश्याम गुप्ता, गुड्डू मोदनवाल, मनोज सोनी, आशीष गुप्ता, भास्कर गुप्ता, हरि चैरसिया, राकेश सोनी, बीनू सिंह, पंडित सुरेश शुक्ला, बाबा लक्ष्मण दास आदि भक्त मौजूद रहे।

## भगवान गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव पर निकली झांकियां



फतेहपुर। भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव डा. बाबा साहब अंबेडकर मिशन भारत की जनपद शाखा के तत्वाधान में मनाया गया। तथागत गौतम बुद्ध के बताए गए रास्तों पर चलने का लोगों ने संकल्प दोहराया। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया इसके बाद विभिन्न स्थानों से आई झांकियां निकाली गई। शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करके झांकिया आयोजन स्थल पहुंची। रास्ते में कई जगह स्वागत हुआ। डा. बाबा साहब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वाधान में ज्ञान के सागर विश्वदीप तथागत भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव महापर्व कलेक्ट्रेट स्थित बुद्धा पार्क में मनाया गया। भगवान की प्रतिमा के समक्ष पूज्य भिक्ख संघ से पूज्य भंते विजयानंद ने भगवान बुद्ध की मूर्ति के समक्ष मोमबत्ती, धूपबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ उनके बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प दोहराया। मिशन के जिला सचेतक रमेश बौद्ध ने कहा कि एक दीपक से हजारों दीपक जलाए जा सकते हैं। इसके बावजूद वह दीप नहीं बुझेगा, ठीक इसी तरह खुशी बांटने से कभी कम नहीं होती। बताया कि बुद्ध के जन्म के समय देश में तमाम तरह की बुराईयां व्याप्त थीं, जो समाज सहित आम जनमानस की जड़ों को खोखला कर रही थीं। भगवान बुद्ध ने उन बुराईयों को दूर करने के वैदिक परम्परा की स्थापना की थी। उन्होने पशुओं की बलि प्रथा को समाप्त कराया और समाज के लोगों ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तत्पश्चात ग्रामीणांचलों से आई झांकियां कलेक्ट्रेट के पूर्वी गेट से निकाली गई।

## खबर एक नज़र

## भीम आर्मी की बैठक में पार्टी का विस्तार

**– भाईचारा कमेटी प्रयागराज मंडल संयोजक बने उपेन्द्र**

फतेहपुर। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी भाईचारा कमेटी की बैठक उपेंद्र कुमार एड. ने आयोजित की। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव नंदलाल पासी, विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी प्रयागराज अशोक कुमार, मंडल संयोजक प्रयागराज नरेंद्र गौतम ने भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष को बताया। कार्यकर्ता पदाधिकारियों को संगठन पार्टी का विस्तार करते हुए गांव गांव जाति तोड़ो समाज जोड़ो व आपसी भाईचारा मजबूत करने का दिशा निर्देश भी दिया। बैठक के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश सचिव नंदलाल पासी ने उपेंद्र कुमार एडवोकेट को भाईचारा कमेटी का प्रयागराज मंडल संयोजक नियुक्त किया। मंडल प्रभारी व मंडल संयोजक ने वली अंसारी को भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक व शंकर राव, संतरेश गौतम व रूपेश पासी, सत्यवान जाटव को विधानसभा संयोजक के पद पर नियुक्त किया। इस मौके पर वीरेंद्र पटेल, सोनू वालिया, मोबीन खान, अमन जाटव, छोटू, रामप्रकाश शास्त्री, सत्य प्रकाश, गंगा प्रसाद, मो. वसी, सनी मौर्य, अभिषेक प्रताप, शिवा कैथल, राहुल प्रजापति, अनिल सोनकर, विपिन पाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नौबस्ता रोड को लेकर समिति ने की संघर्ष की घोषणा, बनी रणनीति

खागा (फतेहपुर)। ध्वस्त हो चुकी नौबस्ता रोड के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने निर्णायक जनसंघर्ष का ऐलान किया है। खागा कस्बे में आयोजित बैठक में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने यह स्पष्ट किया कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि जनजीवन, व्यापार और आपात सेवाओं की जीवनरेखा है, जिसकी दुर्दशा अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2019-20 में लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 23 करोड़ रुपये की लागत से खागा से बहेरा चैकी तक मार्ग का चैड़ीकरण कराया गया था, लेकिन दो वर्षों में ही यह मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया। खागा बाईपास से बहेरा चैकी चैराहे तक की लगभग 10 किमी दूरी अब जानलेवा बन चुकी है। प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि बुंदेलखंड राष्ट्र समिति इस विषय पर चुप नहीं बैठेगी। जैसे हमने विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग पर संघर्ष किया था, वैसे ही नौबस्ता रोड के लिए भी चरणबद्ध आंदोलन होगा। उन्होंने आगे कहा कि आगामी दिनों में जनसंपर्क अभियान, ज्ञापन सौंपना, शांतिपूर्ण प्रदर्शन, और जनभागीदारी से सड़क पर उतरने की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। बैठक में अनेक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जिन्होंने एक स्वर में शासन-प्रशासन से मांग की कि नौबस्ता रोड का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए, अन्यथा जन आक्रोश को रोक पाना मुश्किल होगा।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दरौली के समीप मोड़ पर रविवार की रात दो बाइकों की भिड़ंत में 35 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गयी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार दरौली गांव निवासी नन्द किशोर का पुत्र सुरेन्द्र रविवार की रात लगभग 9 बजे बाइक से रिश्तेदार से घर जा रहा था। जब वह गांव के समीप मोड पर पहुंचा तभी सामने से आ रहा बाइक सवार ननकू पुत्र रामचन्द्र निवासी चक काजीपुर से भिडन्त हो गयी। जिससे सुरेन्द्र की घटना स्थल पर मौत हो गयी जबकि दूसरा बाइक सवार ननकू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, खलासी की मौत

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम महना के समीप रविवार की देर रात अनियंत्रित होकर ट्रक पेड से जा टकराया जिससे 25 वर्षीय खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जनपद सीतापुर के थाना मोहली गांव चडरा निवासी रामखेलावन यादव का अनूप सिंह यादव ट्रक में खलासी का काम करता था। बताते हैं कि रात ट्रक चालक अनिल के साथ भाड़े के लिए जा रहा था। जैसे ही ट्रक ललौली थाने के महना गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड से जा टकराया, जिससे खलासी अनूप सिंह यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयीं पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## खंती में पलटा ई-रिक्शा, चार घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर के समीप सोमवार की सुबह ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा खन्ती में जा पलटा जिसमें किशोरी सहित चार लोग घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुर गांव निवासी राजू की पुत्री कोमल अपने गांव के ही गुड्डन, निदा व इस्माइल के साथ ई-रिक्शा में बैठकर शहर आ रही थी। जैसे ही यह लोग गांव से कुछ आगे पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे अनियंत्रित होकर खन्ती में जा पलटा। वहीं कोमल सहित सभी लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल कोमल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## अब गुरुजनों के साथ विद्यार्थी भी भरेंगे ऑनलाइन हाजिरी

फतेहपुर। अब गुरुजनों के साथ विद्यार्थियों को भी ऑनलाइन हाजिरी का हिस्सा बनना होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने टीचर के साथ अब स्टूडेंट्स की वास्तविक उपस्थिति पर नजर रखने को यह कदम उठाने का फैसला लिया है। रोजाना इस कवायद की रिपोर्ट शिक्षा परिषद को भेजी जाएगी। यूपी बोर्ड द्वारा उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक सॉफ्टवेयर भी तैयार कर रहा है। इस नवीन व्यवस्था के इसी शैक्षिक सत्र से लागू होने की उम्मीद की जा रही है। दरअसल, लड़के और लड़कियां, स्कूलों में दाखिला तो ले लेते हैं लेकिन स्कूल जाने और फिर रोज रोज वहां से लौट कर आने से इनमें से तमाम विद्यार्थी कतराते हैं। तमाम मास्साब भी इसी फेहरिस्त में आते हैं। ऐसा मानना है कि इन्हीं सब कारणों से गिरते शिक्षा के ग्राफ को सही करने की दिशा में यह कदम अहम साबित हो सकता है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन हाजिरी लगाए जाने की कवायद पर काम कर रहा है। ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था के बाद शिक्षकों को भी समय से पहुंचना होगा। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था शुरू करने के निर्देश मिले हैं, जिसके संबंध में सभी विद्यालयों को अवगत करा दिया गया है।

## बाईपास हाइवे पर मोबाइल छीनने की कोशिश

खागा (फतेहपुर)। कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी बाईपास हाइवे पर उस समय हड़कंप मच गया जब तीन अज्ञात युवकों ने एक बाइक सवार युवक से मोबाइल छीनने की कोशिश की। हालांकि युवक ने साहस दिखाते हुए मोबाइल नहीं देने दिया। इसके बाद आरोपित युवक मौके से भाग निकले। घटना के संबंध में नई बाजार मोहल्ला निवासी संतोष लोधी ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आकाश कुमार सरसई गांव स्थित अपने दोस्त से मिलकर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान 03 अज्ञात युवक बाइक से आए और आकाश से मोबाइल छीनने लगे। आकाश के विरोध करने पर युवक उसे धमकी देकर भाग निकले। घटना यहीं खत्म नहीं हुई। तहरीर में बताया गया कि कुछ देर बाद वही तीनों युवक लगभग दो दर्जन अन्य लोगों के साथ आकाश के घर पहुंच गए और गाली-गलौज व मारपीट करने की कोशिश की। इस दुस्साहसिक घटना से मोहल्ले में दहशत फैल गई। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी गिरींद्र पाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कारवाई की जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## भारत का निश्चय

यह अच्छी बात है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम से बेतरह घबराए पाकिस्तान के बाद तथाकथित अमेरिकी मध्यस्थता से हुए संघर्षविराम के तीन घंटों के भीतर ही पाक द्वारा फिर हमले करने की धृष्टता पिछले दो दिनों से नहीं के बराबर हो गई है। भारत के अभियान का विवरण सामने आने के साथ यह भी साफ हो गया है कि उसका निशाना पाक में पैर जमाए आतंकी और उनके ठिकाने ही थे। नागरिकों को जरा भी नुकसान पहुंचाने की तो बात दूर, पाक सैन्य अड्डों को भी उसने अपनी कार्रवाई से अलग रखा। आतंकियों की अपनी 'लहलहाती फसल' को मिटता देख पाक का बिलबिलाना स्वाभाविक था। वह इन तत्वों को मजबूती से जमाने के लिए फिर से हर संभव कोशिश करेगा। इसीलिए पिछले दो दिनों से भारत सरकार अपनी यह प्रतिबद्धता दोहरा रही है कि आतंकियों के खिलाफ उसके अभियान में कोई कमी नहीं आएगी। उधर ट्रंप के मध्यस्थता के नाम पर जो दखल दिया है, अब वह उससे आगे बढ़ कर कश्मीर का हल ढूंढने की बात कह रहे हैं जिस पर भारत ने अपनी आपत्ति जता दी है। यह सही भी है। कश्मीर शुरू से ही पूरी तरह द्विपक्षीय मामला है और शिमला समझौते के समय खुद पाकिस्तान भी इसे मान चुका है। हालांकि बाद के दिनों में वह इसे संयुक्त राष्ट्र व अन्य देशों के साथ उठाने की भरपूर कोशिशें करता रहा पर इससे सही बात बदल तो नहीं सकती। संघर्ष विराम पर भी भारत का कहना है कि यह तो हमारे और पाक के बीच का मामला था। फिर ट्रंप के माध्यम से यह बात कैसे सामने आई। कोई ताज्जुब नहीं कि यह भी पाक का खेल हो जिसमें वह इस पूरे मामले का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए नए सिरे से ऐसी कोशिशें कर रहा हो जो स्वाभाविक लगें और उनको ले कर कोई आपत्ति न उठाई जा सके। भारत इसे अच्छी तरह समझता है। इसीलिए वह आज भी पाक प्रायोजित आतंक को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए कटिबद्ध है तो दूसरी ओर कश्मीर के मामले पर किसी तरह भी कोई बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। अब पाकिस्तान भी भारत के निश्चय को समझ रहा है लेकिन उसकी कोशिशें अभी किसी तरह खुद की कुटिलता को ऊपर रखने की ही है। धीरे-धीरे यह जिद भी बदल जाएगी।

## सोच बदले

इसे दोहरी सोच के अलावा क्या कहा जाएगा कि महिला सम्मान व सुरक्षा के लिए तमाम प्रतिबद्धताएं जताने के बावजूद यह विषय आज भी गंभीर समस्या बना हुआ है। घर के बाहर इनको दोयम दर्जे का माना ही जाता है, ज्यादातर परिवारों में भी 'गुलाम' से ज्यादा का दर्जा नहीं दिया जाता जहां घर के कामकाज की जिम्मेदारी तो इन पर है ही, छोटी सी बात के बहाने भी इन पर हिंसा का कहर टूटना आम बात है। यह साल अभी आधा भी नहीं बीता है लेकिन राष्ट्रीय महिला आयोग को मिलीं महिलाओं के उत्पीड़न की साढ़े सात हजार शिकायतों में ज्यादा मामले घरेलू हिंसा के हैं। ये कुल मामलों का 20 प्रतिशत 1594 हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा करीब चार हजार शिकायतें उत्तर प्रदेश से आई हैं। जहां हिंसा नहीं हुई तो आपराधिक धमकी ही दी गई जिसकी भी 899 शिकायतें हैं। इसके बाद मारपीट के 950, दहेज उत्पीड़न के 91 बलात्कार और उसके प्रयास के 394 केस हैं। यह भी ध्यान रखिए कि इस तरह के उत्पीड़नों के कई मामले लोक लाज के डर और कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने से बचने के लिए सामने ही नहीं लाए जाते। यह सही है कि पिछले सालों के मुकाबले स्थिति में कुछ सुधार आया है और यह भी कहा जा सकता है कि डेढ़ अरब की आबादी वाले देश में कुछ तो ऊंच-नीच होता ही रहेगा लेकिन आंकड़ों से यह साफ है कि नारी उत्पीड़न की मानसिकता अभी भी गहरे तक जमी है। रूढ़ियों से जकड़े समाज में अब बेटियों-बहुओं को पढ़ने, नौकरी करने व अन्य गतिविधियों के लिए व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है और वे अपनी क्षमता तथा योग्यता का लोहा भी मनवा रही हैं पर जड़ता की मनोवृत्ति अभी भी बनी है। जरूरत यह है कि परंपराएं निभाई तो जाएं लेकिन तेजी से शिक्षित हो रहे समाज में उनके औचित्य पर विचार करते हुए व्यावहारिकता के अनुसार ढालने की कोशिश की जाए।



## काँव-काँव

♦♦♦

**वहां से गोली चली तो यहां से गोला चलेगा-मोदी**
बिहार के चुनावों में यही गोलाबारी चलेगी!

**रावलपिंडी तक सुनाई दी हमारी धमक-रक्षामंत्री**
धमक के बाद डोनाल्ड ट्रम्प का ट्वीट आ गया!

**पाकिस्तानियों से पूछो ब्रह्मोस की ताकत-योगी**
पूछने के लिये पाकिस्तान कौन जायेगा?

**जनगणना रजिस्टर में कोई बदलाव नहीं-केंद्र**
सांप भी मर जायेगा और लाठी साबुत रहेगी!

**अमरनाथ से दुनिया को जायेगा बुद्ध का संदेश**
ब्रह्मोस की मार्केटिंग लखनऊ से होगी!

**बिजली दरों में बढ़ोतरी रोकेगी उपभोक्ता परिषद**
निजीकरण रोकने की लड़ाई अभी जारी है!

♦♦♦

# आतंक के खिलाफ सफल 'ऑपरेशन सिंदूर'

- अजय साहनी


भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम पर सहमति बन जाना तय ही था. इस संघर्ष के शुरू होने के बाद से ही मैं कहता आ रहा था कि यह ज्यादा समय तक नहीं चलने वाला. संघर्षविराम पर सहमति बनने के बाद पाकिस्तान ने जिस तरह इसका उल्लंघन किया, उस पर भी हैरान होने की जरूरत नहीं है. यह पाकिस्तान का स्वभाव रहा है. लेकिन मूल बात यह है कि दोनों ही देश युद्ध नहीं चाहते. अब तक जो कुछ दिखा है, उसे सूचना युद्ध या इनफॉरमेशन वार ही कह सकते हैं. दरअसल दोनों ही देश कार्रवाई करने के जरिये अपनी जनता को बताना और आश्वस्त करना चाहते थे. भारत ने तो शुरू से ही स्पष्ट कह दिया था कि वह उकसावे वाली कार्रवाई नहीं करेगा. वह सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनायेगा. बाद में पाकिस्तान की देहभाषा भी बदलने लगी और दोनों देश संघर्षविराम के लिए सही मौके की तलाश में थे, ताकि इसकी घोषणा करते हुए अपनी जीत या बढ़त के दावे करें।

इसके बावजूद इस घटनाक्रम में बहुत सारे तथ्य ऐसे हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए. पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का भारतीय अभियान बहुत सफल साबित हुआ. पिछली स्ट्राइक के विपरीत हमारी सेना ने पाकिस्तान के पंजाब में आतंकी ठिकानों को जिस तरह निशाना बनाया, उससे आतंकी संगठनों, आइएसआइ, फौज और वहां की सरकार को भी समझ में आ गया होगा कि भारत आतंकियों और उनके ठिकानों को खत्म करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है. हालांकि अगर हमने ठोक-बजाकर हमला न करके बाद में कभी अचानक से किया होता, तो मारे जाने वाले आतंकवादियों की संख्या कहीं ज्यादा होती. हमने जवाबी कार्रवाई के तहत आतंक के नौ ठिकाने चुने जरूर, लेकिन ज्यादातर जगहों में आतंकी संगठनों का माली नुकसान ही हुआ, जानें कम गयीं. ज्यादातर जगहों में हमें आतंकी ढांचे को गिराने में ही सफलता मिली. इससे पाकिस्तान में आतंकवाद के खात्मे की उम्मीद करना कुछ ज्यादा ही होगा. इस संदर्भ में अमेरिका का उदाहरण लिया जा सकता है. आतंकवाद के खिलाफ अपने वैश्विक अभियान में अमेरिका ने वर्षों तक पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाया. ड्रोन तथा मिसाइलों से हजारों ऑपरेशनों के जरिये उसने आतंकियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया. लेकिन इससे महाशक्ति देश को ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ. आतंकवाद के खिलाफ अपने अभियान में उसने पाकिस्तान को अपने साथ लिया था और उसकी आर्थिक मदद भी की थी. जब अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश पाकिस्तान को आतंक मुक्त नहीं कर पाया, वहां की सेना की सोच नहीं बदल पाया, तो भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर वहां आतंकवाद को मिटा देने का संकल्प कुछ ज्यादा ही उम्मीद करना है. इससे तात्कालिक तौर पर भले आतंकवाद में कुछ कमी आये, पर दीर्घावधि में बहुत बदलाव आयेगा, इसकी उम्मीद कम ही है।




इसके बावजूद मेरा यह मानना है कि बहावलपुर, मुरीदके और दूसरी जगहों के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना भारत की एक बड़ी सफलता है. इससे होगा यह कि आतंकी सरगना इन जगहों में निश्चिंत होकर नहीं बैठ सकेंगे. उन्हें बार-बार जगह बदलनी पड़ेगी. और इसका उनके अभियानों पर फर्क तो पड़ेगा ही. इसके अलावा आतंकी संगठनों और उनके प्रायोजकों को यह भी बखूबी मालूम है कि भारतीय सेना जब बहावलपुर और मुरीदके स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बना सकती है, तो आतंकवाद के दूसरे केंद्रों को भी उसी तरह निशाना बना सकती है. इसकी वजह यह है कि भारत के पास सैन्य और तकनीकी क्षमता पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक है. लिहाजा हम यह उम्मीद तो कर सकते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर पाक प्रायोजित आतंकवादी संगठनों पर असर पड़ेगा. लेकिन यह इस पर भी निर्भर करेगा कि पाक फौज आतंकवाद को पहले ही तरह मदद देना जारी रखती है या नहीं. अगर पाक फौज का दबाव बढ़ता है, तो बिल्कुल मुमकिन है कि आतंकी अभियानों में कमी आये. लेकिन इसका उल्टा भी हो सकता है. आखिर मसूद अजहर ने कहा ही है कि अपने लोगों की मौत का बदला वह लेगा. फिर हाल के दौर में बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी फौज की जैसी किरकिरी हुई है, उसे देखते हुए उसके खामोश बैठे रहने की उम्मीद कम ही है. अपना महत्व बनाये रखने के लिए वह खुराफात करेगा. लिहाजा सब कुछ पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर करता है कि वह आगे क्या करता है। आतंकवाद के खिलाफ इस संघर्ष में हमें एक बार फिर यह एहसास हुआ कि दुनिया आतंकवाद के विरोध की बात करती जरूर है, लेकिन इसके खिलाफ लड़ाई में सबके अपने-अपने स्वार्थ हैं. भारत के हमले में जिस मसूद अजहर के परिजन मारे गये, और जो अब बदला लेने की बात कर रहा है, उसे बचाने के लिए चीन ने क्या किया, यह सबको मालूम है. जो एफएटीएफ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करता है, उसी ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से बाहर कर दिया. अभी जब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को भारत निशाना बना रहा था, ठीक तभी आइएमएफ यानी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने उसे आर्थिक मदद देने का एलान किया, जबकि भारत कह रहा था कि इस धनराशि का उपयोग पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों में करेगा. इसी तरह खाड़ी देशों से हमारे रिश्ते निरंतर मजबूत होते जा रहे हैं, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में ओआइसी पाकिस्तान के खिलाफ नहीं दिखा, न ही हमारे समर्थन में आया. खुला समर्थन कोई देश नहीं देता. ऐसा समर्थन तभी मिल सकता है, जब आपका किसी देश के साथ सैन्य गठबंधन हो. हालांकि संकट के समय हमेशा सिर्फ एक देश-यानी सोवियत रूस हमारे साथ खड़ा रहा है. इस बार के संघर्ष में भी उसकी मदद हमारे काम आयी. लेकिन रूस अब जिस स्थिति में है, और जिन मुश्किलों का वह सामना कर रहा है, उसमें वह चाहकर भी भारत की मदद नहीं कर सकता. इससे यही स्पष्ट होता है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमें अकेले ही लड़नी पड़ेगी. वैसे भी भारत एक उभरती हुई महाशक्ति है. और कोई देश किसी की मदद से कभी महाशक्ति नहीं बन सकता. उसे ताकत अपने बल पर खुद हासिल करनी पड़ती है. इसलिए इस संघर्ष का एक सबक यह भी है कि हमें अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी और इसके लिए तैयारी करनी होगी. हालांकि यह संतोष कम नहीं है कि दशकों से सीमापार आतंकवाद का सामना करते हुए हम उसका सख्ती से मुकाबला कर रहे हैं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

तीन दिन गुजर गये थे। बीरबल सिंह अपने कमरे में बैठे चाय पी रहे थे और उनकी पत्नी मिट्ठन बाई शिशु को गोद में लिये सामने खड़ी थीं।

बीरबल सिंह ने कहा- मैं क्या करता उस वक्त। पीछे डी.एस.पी. खड़ा था। अगर उन्हें रास्ता दे देता तो अपनी जान मुसीबत में फंसती।

मिटठन बाई ने सिर हिला कर कहा- तुम कम से कम इतना तो कर ही सकते थे कि उन पर डंडे न चलाने देते। तुम्हारा काम आदमियों पर डंडे चलाना है ? तुम ज्यादा से ज्यादा उन्हें रोक सकते थे। कल को तुम्हें अपराधियों को बेंत लगाने का काम दिया जाय, तो शायद तुम्हें बड़ा आनंद आयेगा, क्यों। बीरबल सिंह ने खिसिया कर कहा- तुम तो बात नहीं समझती हो !मिट्ठन बाई-मैं खूब समझती हूं। डी.एस.पी. पीछे खड़ा था। तुमने सोचा होगा ऐसी कारगुजारी दिखाने का अवसर शायद फिर कभी मिले या न मिले। क्या तुम समझते हो, उस दल में कोई भला आदमी न था ? उसमें कितने आदमी ऐसे थे, जो तुम्हारे जैसों को नौकर रख सकते हैं। विद्या में तो शायद अधिकांश तुमसे बढ़े हुए होंगे। मगर तुम उन पर डंडे चला रहे थे और उन्हें कुचल रहे थे, वाह री जवांमर्ददी! बीरबल सिंह ने बेहयाई की हंसी के साथ कहा- डी.एस.पी. ने मेरा नाम नोट कर लिया है। सच ! दारोगा जी ने समझा था कि यह सूचना देकर वह मिट्ठन बाई को खुश कर देंगे। सज्जनता और भलमनसी आदि ऊपर की बातें हैं, दिल से नहीं, जबान से कही जाती हैं। स्वार्थ दिल की गहराइयों में बैठा होता है। वह गम्भीर विचार का विषय है।मगर मिट्ठन बाई के मुख पर हर्ष की कोई रेखा न नजर आयी, ऊपर की बातें शायद गहराइयों तक पहुंच गयी थीं! बोलीं- जरूर कर लिया होगा और शायद तुम्हें जल्दी तरक्की भी मिल जाय। मगर वेगुनाहों के खून से हाथ रंग कर तरक्की पायी, तो क्या पायी! यह तुम्हारी कारगुजारी का इनाम नहीं, तुम्हारे देशद्रोह की कीमत है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

तृणं ब्रह्मविदः स्वर्गस्तृणं शूरस्य जीवितम्।
जिताशस्य तृणं नारी निःस्पृहस्य तृणं जगत्।।

विदेश जाने वालों का सच्चा मित्र विद्या है, अपने घर में रहने वालों की मित्र उनकी पत्नी है, रोगी व्यक्तियों का मित्र औषध है और मरने वालों का मित्र उनका धर्म है।


♦♦♦

# पाकिस्तान को यह आखिरी सबक नहीं है



- अरुणेंद्र नाथ वर्मा

ऑपरेशन सिंदूर वर्ष 1971 के बाद से पाकिस्तान के चेहरे पर जमाया गया सबसे जोरदार तमाचा है, जो कई दृष्टियों से अभूतपूर्व है. पहला यह कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक में एलओसी पार करके हमला किया गया था. मगर इस बार बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के केंद्र पर और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के गढ़ पर वज्रपात करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की गयी. इसके बावजूद नागरिक ठिकानों और पाकिस्तानी सेना के ठिकानों पर सीधा हमला नहीं किया गया. दूसरी विशेषता यह है कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ व्यवस्था के अंतर्गत हुई इस पहली कार्रवाई में सेना के तीनों अंगों ने संयुक्त कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। भारत की खुफिया एजेंसियों और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने हमले के निशाने बहुत सूझबूझ से तय करने में भी प्रशंसनीय मदद की. चाणक्य नीति को प्रतिबिंबित करता यह हमला अत्यंत अप्रत्याशित और चौंकाने वाला बनाये रखा गया. प्रधानमंत्री के अन्य सरोकारों के बीच नागरिकों में मॉक ड्रिल की घोषणा ने भी इसकी गोपनीयता बनाये रखने में मदद की. अब आगे क्या? इसका एक ही उत्तर है. अमेरिका और रूस बीच में नहीं पड़ने वाले, चीन अमेरिका से टैरिफ लड़ाई में व्यस्त है. पाकिस्तान की आर्थिक हालत खोखली है. वह तुर्किये, अजरबैजान और मलयेशिया के बूते पर इस आग को और फैलाने की नहीं सोचेगा. हम सब जानते हैं कि परमाणु बम की धमकी खोखली है. ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान का स्थायी इलाज नहीं हो सकता। पाकिस्तान का शासन तंत्र भारत पर हजार चाकू के घाव करते रहने की बात करके ही गद्दीनशीन रहा है. भविष्य में भी यह तस्वीर नहीं बदलने वाली. इस क्षय से हमें दीर्घकाल तक लड़ते रहना पड़ेगा, यह सच हम भुला नहीं सकते. हालांकि आज की वैश्विक परिस्थितियों में पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना कठिन है, जो उसे हमेशा याद रहे. जब तक चीन का हाथ पकिस्तान की पीठ पर है, तब तक हमें व्यापक अर्थात फुलस्केल युद्ध छेड़ने से बचना होगा. यह भी याद रखना होगा कि युक्रेन में जिस युद्ध की शुरुआत दो-चार हफ्तों की समयसीमा की सोचकर की गयी थी, वह आज भी चल रहा है. हमास के आतंकी हमले से बंधक बनाये गये अपने नागरिकों को छुड़ाने के लिए इस्राइल को बेहद भीषण और लंबे समय वाला विनाश करना पड़ा और अब भी वहां शांति बहाल नहीं हुई है. ऐसे में, हम पाकिस्तान के विरुद्ध पूरा युद्ध छेड़ने की सोचें, तो वह देश के सर्वांगीण आर्थिक विकास के लिए घातक सिद्ध होगा, भले पाकिस्तान इसमें पूरी तरह बर्बाद हो जाये. यही वह कारण भी है, जिसके चलते हमें पाकिस्तान के कुछ सिरफिरे नेताओं की परमाणु बम फोड़ने की गीदड़धमकी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही जिज्ञासा बनी हुई थी कि तीनों सेनाध्यक्ष ऐसा कौन-सा कदम उठा सकते हैं, जो जंगल की आग की तरह बेकाबू न होने पाये, फिर भी पाकिस्तान के गाल पर एक करारे थप्पड़ का काम करे. उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक द्वारा और बालाकोट में सर्जिकल हवाई हमले से आतंकियों के गढ़ का



विनाश करके ऐसा सबक कुछ समय पहले ही पढ़ाया गया था. लेकिन जाहिर है कि पाकिस्तान का जो सैन्य नेतृत्व अट्ठानबे हजार सैनिकों के भारत के सामने आत्मसमर्पण को भूल सकता है, उसकी पीठ पर सर्जिकल स्ट्राइक की कारवाई बतख की पीठ पर पानी की बूंद जैसा असर ही छोड़ पाती. ऐसे में, इस बार भारतीय सेना को कुछ ऐसा करना ही था, जिसका असर पूरी तरह अस्थायी न हो।ऐसे में ध्यान आता है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर या तथाकथित आजाद कश्मीर का भारत में विलय करने के प्रश्न पर अधिकांश राजनीतिक दलों में मतैक्य है. कश्मीर के अधिकांश नागरिकों को भी इस विलय से आर्थिक और सामाजिक-धार्मिक संतोष मिलेगा. ऐसे अभियान में उनकी तरफ से सहमति मिलने की आशा की जा सकती है. लेकिन पूरा पाक अधिकृत कश्मीर कब्जे में करने के लिए किया गया संघर्ष लंबा छिड़ सकता है. इसे सीमित रखना जरूरी है. पीर पंजाल पर्वतमाला के दक्षिणी क्षेत्र पर त्वरित हमला कर कब्जा किया जा सकता है, लेकिन उत्तरी पीर पंजाल लंबे संघर्ष की मांग करेगा. ऐसे में, आगे के अभियान के लिए सबसे सटीक लक्ष्य हाजी पीर दर्रा हो सकता है. वही हाजी पीर दर्रा, जो रावलपिंडी से श्रीनगर को जोड़ने वाले मार्ग का नियंत्रण करता है। वही हाजी पीर, जिसे भोले भारत ने 1965 के युद्ध में जीतकर भी अतिशय सदाशयता से पकिस्तान को वापस सौंप दिया. इस बार हमारी थलसेना को हाजी पीर पर कब्जा करने के लिए सशक्त राफेल जैसे लड़ाकू विमानों से पूरी सहायता मिल सकती है. यह ऑपरेशन अधिक लंबा नहीं खिंचने वाला. भारतीय सेना के हाथों से जीता गया हाजी पीर साठ साल पहले तो फिसल गया, लेकिन इस बार पाकिस्तान भी कोई लंबा युद्ध छेड़ने की स्थिति में नहीं है. उसकी आर्थिक और आंतरिक हालत इतनी नाजुक है कि उसका प्रतिरोध सीमित ही रहेगा. अतः हाजी पीर की जीत और भारत में विलय पीओके के भारत में विलय का पहला कदम हो सकता है. दूसरे विकल्प के रूप में बलूचिस्तान के आंतरिक संघर्ष को खुला सहयोग देने का समय भी अब आ गया है. पर मेरे विचार से हाजी पीर के विलय पर हाँ जी कहने का सही समय अब है।

## प्रेरक प्रसंग — दरिद्रनारायण का प्रतिनिधि

यरवदा जेल में गांधीजी का उपवास चल रहा था। जेल के दरवाजे हरिजन-सेवाकों के लिए खोल दिये गए थे। जो जब चाहे, आ सकता था। उस पर कोई रोकथाम नहीं थी।

गुजरात तथा काठियावाड़ में हरिजनों के उद्धार के लिए कुछ कार्यक्रम निश्चित होने थे। उस संबंध में बात करने के लिए कुछ विशिष्ट लोग वहां आये हुए थे।

गांधीजी आम के पेड़ के नीचे लेटे हुए थे। लोग आकर उनके पास बैठ गये। बातों का सिलसिला चल पड़ा। वहीं पर जेल के एक अधिकारी भी बैठे हुए थे।

एक बंदी गांधीजी के लिए अंगीठी पर पानी गरम कर रहा था। अंगीठी बहुत तेजी से जल रही थी। पानी बड़ी जल्दी गरम हो गया। बंदी ने यह देखा तो अंगीठी पर से पानी का बर्तन उतारकर नीचे रख दिया, पर अंगीठी को वैसा ही जलता छोड़ दिया। कोयले बड़े जोर से दहक रहे थे। वे दहकते रहे।

तभी गांधीजी का ध्यान उस ओर गया। वह गुजरात और काठियावाड़ के नेताओं से बात कर रहे थे। एकदम बातचीत को रोककर गांधीजी ने बंदी से कहा, सुनो भाई, अंगीठी को बुझा दो।

बंदी ने जेल के अधिकारी की ओर देखा। अधिकारी ने मुस्कराकर कहा, गांधीजी, आप क्यों चिन्ता करते हैं ? फिर कुछ रुककर बोले, कोयले सरकारी हैं। जलने दीजिये।

गांधीजी गंभीर हो गये। बोले, नहीं, ये कोयले तो आम जनता के पैसे के हैं।

आज जबकि देश की गरीब जनता का पैसा चारों ओर पानी की तरह बह रहा है, देशवासियों की आंखें उस मसीहा को खोज रही हैं, जो दरिद्रनारायण का सच्चा प्रतिनिधि था।

## आपका पत्र मिला

### भारत-पाक संघर्ष और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध घोषित होने के बाद लगभग तीन दिनों में देश भर में कई तरह से फर्जी खबरों एवं सुचनाओं का एक अम्बार सा लग गया है,इस तरह की खबर, सुचनाओं के कारण देश भर में भ्रम की स्थितियां उत्पन्न होती है। अतः देश की जनता को इस तरह की भ्रामक खबरों को सोशल मीडिया पर आगे प्रोत्साहित करने से बाज आना चाहिए कारण ऐसी खबरें देश में सेना सम्बंधी संघर्ष में आग में घी का काम करती है जोकि किसी तरह से देश हित में उचित नहीं है।

स्वयं सेना भी अपने विषय में ऐसी खबरों को फ़ैलाने में सोशल मीडिया का हमेशा हि न केवल विरोध करती है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गम्भीर खतरा भी मानती है।

इस विषय में सेन्य अधिकारी कहते है कि इस तरह की खबरें फैलाना कानून के अन्तर्गत अपराध भी है। अतः नागरिकों को हमेशा किसी भी सुचना का इस्तेमाल करते या सांझा करते समय विशेष रूप से राष्टीय महत्व की खबरों के मामले में संयम एवं विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

फिर इसी तरह से आजकल हमारे प्राइवेट चैनल वाले किसी भी ताजा खबर को दिखाते समय आजकल नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन का इस्तेमाल करने लगे हैं अतः उन्हें भी इस तरह के सायरन का इस्तेमाल ताजा खबर देते समय बिल्कुल इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

मनमोहन राजावत 'राज'
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# पहला बड़ा मंगल आज, ऐसे करें हनुमानजी को प्रसन्न



हनुमानजी को कलियुग का देवता कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि वह आज भी धरती पर मौजूद हैं। वैसे तो हनुमानजी की पूजा के लिए मंगलवार के दिन का विशेष महत्व है लेकिन, ज्येष्ठ मास में आने वाले मंगलवार का महत्व और अधित बढ़ जाता है। ज्येष्ठ मास के मंगल को बड़ा मंगल कहा जाता है। इस बार 13 मई से 10 जून तक आने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। इस दिन धन संपत्ति की प्राप्ति और शत्रुओं पर विजय पाने के लिए आप 5 आसान उपाय कर सकते हैं। बड़ा मंगल जिसे बुढ़वा मंगल भी कहते हैं। यह हर साल ज्येष्ठ में आता है। 13 मई को ज्येष्ठ मास का पहले बड़ा मंगल है। मान्यता है कि जो व्यक्ति ज्येष्ठ मास में हनुमानजी की पूजा अर्चना करता है उनकी उपासना करता है उसे परम पुण्य की प्राप्ति होती है। जो लोग मंगल दोष से परेशान है वह भी इस दिन हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए खास उपाय कर सकते हैं लेकिन, इस दौरान आपको यह उपाय ज्येष्ठ मास के सभी मंगल को करने होंगे। हनुमानजी को अमरता का वरदान मिला हुआ है इसलिए उन्हें कलियुग का देवता भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस व्यक्ति पर भी हनुमान जी प्रसन्न हो जाएं उसे फिर धनवान बनने से कोई नहीं रोक सकता है। बता दें कि ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल 13 मई से लेकर 10 जून तक रहेंगे। आइए जानते हैं हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए ज्येष्ठ मास के सरल उपाय

**बड़े मंगल पर हनुमान जी को प्रसन्न करने के आसान उपाय**

हर बड़े मंगल को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान आदि के बाद लाल या केसरी रंग के वस्त्र धारण करके हनुमान जी के मंदिर जाएं। इसके बाद उनका सिंदूर से श्रृंगार करें। फिर चोला अर्पित करें और चमेली का तेल लगाएं। हनुमानजी को चोला आपको लगातार 5 मंगल चढ़ाना है। बुढ़वा मंगल के दिन हनुमानजी को लाल रंग के पुष्प, लाल वस्त्र और गुड़-चना के भोग लगाएं। ऐसा करने से आप पर हनुमानजी की विशेष कृपा बनी रहेगी साथ ही आपके लिए धन संपत्ति का लाभ भी मिलेगा।

**हर मंगलवार करें सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ**

हनुमान चालीसा औरसुंदरकांड का पाठ करें यह पाठ आपको सभी 5 मंगलवार करना है। संभव हो सके को हनुमान चालीसा का पाठ कम से कम 5,7,11, 21 या फिर 108 बार जरुर करें। 11, 21 या 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ करने से विशेष फल प्राप्त होता है। साथ ही सुंदरकांड का संकल्प लेकर पाठ करने से मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं।

**बड़े मंगल पर करें इन चीजों का दान**

लगातार 5 बड़े मंगल को लाल मसूर की दाल, लाल वस्त्र, सिंदूर और गुड़ का दान करें।

**मंत्र**

ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय अमित विक्रमाय प्रकटपराक्रमाय महाबलाय सूर्य कोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।

**बड़ा मंगल की तिथियां**

इस वर्ष बड़ा मंगल की पूजा पांच मंगलवारों को की जाएगी।

पहला बुढ़वा मंगल - 13 मई 2025
दूसरा बुढ़वा मंगल -20 मई 2025
तीसरा बुढ़वा मंगल - 27 मई 2025
चौथा बुढ़वा मंगल - 2 जून 2025
पांचवां बुढ़वा मंगल - 10 जून 2025

यह दान मंगल दोष शांति और जीवन में सुख-समृद्धि लाता है। साथ ही मंदिर में बंदरों को केले, गुड़, चना, और नारियल खिलाएं। ऐसा करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और सभी बाधाएं दूर करते हैं। हनुमान जी के 11 नामों का जप करें। हनुमान, अंजनीसुत, वायुपुत्र, महाबल, रामदूत, केसरी नंदन, कपिश्रेष्ठ, भीमपराक्रम, अमितविक्रम, दशाग्रीवदर्पहा, सीताशोकविनाशक।



**बड़े मंगल पर शत्रुओं से बचने से लिए करें ये उपाय**

हनुमान जी को लाल रंग का पताका (झंडा) चढ़ाएं। ये उपाय आप किसी भी दिन बड़े मंगल पर कर सकते हैं। यह उपाय कार्य शत्रु बाधा, भूत-प्रेत दोष व ग्रह बाधा दूर करता है। इसके अलावा बड़े मंगल (बुढ़वा मंगल) की रात हनुमान जी के समक्ष दीप जलाकर संकट मोचन स्तोत्र का पाठ करें। इससे घर से रोग, दरिद्रता और भय दूर होता है।

**बड़े मंगल पर हनुमानजी को अर्पित करें नारियल**

मंगलवार को हनुमान जी के चरणों में स्वर्ण या तांबे का नारियल भी अर्पित करें। इससे व्यापार, नौकरी और कोर्ट-कचहरी में सफलता मिलती है। यह उपाय भी आप किसी भी एक बड़े मंगल पर कर सकते हैं। यह उपाय लगातार 5 मंगल करना जरूरी नहीं है।

**बड़ा मंगल क्यों मनाया जाता है?**

धूमधाम से बड़ा मंगल मनाने को लेकर कहा जाता है कि अवध के मुगल शासक नवाब वाजिद अली शाह के बेटे की तबीयत काफी खराब रहती थी। कई प्रयासों के बाद भी वह ठीक नहीं हुआ तो लोगों ने नवाब साहब और उनकी बेगम को लखनऊ के अलीगंज में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार के दिन दुआ मांगने की सलाह दी।

# बड़ा मंगल को भूलकर भी न करें ये काम



बड़े मंगल के दौरान क्या करें और क्या न करें। साथ ही जानिए बड़े मंगल को लेकर क्या मान्यताएं हैं।

**बड़े मंगल को लेकर धार्मिक मान्यताएं**

बड़ा मंगल को लेकर कुछ धार्मिक मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार के दिन श्रीराम भगवान और हनुमान जी मिले थे। इसके अलावा कहा जाता है कि महाभारत काल में पांच पांडवों में से एक भीम का घमंड बुजुर्ग हनुमान जी ने ज्येष्ठ मास के मंगल पर ही तोड़ा था। कथा इस प्रकार है कि द्वापरयुग में गंधमादन पर्वत पर हनुमान जी बूढ़े वानर के तौर पर विश्राम कर रहे थे। तभी द्रौपदी के लिए सुगंधित फूल तोड़ने के लिए भीम गंधमादन पर्वत पर पहुंचते हैं। तब इस क्षेत्र में पांडव वनवास काट रहे होते हैं। भीम रास्ते में बूढ़ा वानर देखकर घमंड में पूंछ हटाने के लिए कहते हैं। भीम के घमंड को तोड़ने के लिए हनुमानजी भीम से कहते हैं कि तुम ही मेरी पूंछ हटा दो, लेकिन भीम उनकी पूंछ हिला तक नहीं पाता था। इसके बाद हनुमानजी पूंछ से भीम को पकड़कर पटक देते हैं। तब भीम का घमंड टूटता है और वह हाथ जोड़कर बूढ़े हनुमान जी का परिचय पूछता है। तब हनुमानजी भीम को दर्शन देते हैं और बताते हैं कि तुम्हारा घमंड तोड़ने के लिए ही मैंने यह रूप धरा था।

**बड़ा मंगल पर क्या करें**

बड़े मंगल पर हनुमान जी का विधिविधान से पूजन करें।

हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, भगवान राम और हनुमान जी से जुड़े मंत्रों का जप करें।

हनुमान जी को गुड़ और चने का भोग लगाएं।

बूंदी, और लड्डू भी हनुमान जी को पसंद है, उन्हें चढ़ाने के बाद प्रसाद को बांटें।

बड़े मंगल पर दान करें और भूखों को भोजन कराएं। क्षमता के अनुसार भंडारा भी करा सकते हैं।

बड़े भाइयों का आशीर्वाद लें।

**बड़ा मंगल पर क्या न करें**

बड़े मंगल पर किसी का दिल न दुखाएं।
बुजुर्गों का अपमान न करें।
छल कपट, धोखाधड़ी, झूठ फरेब से दूर रहें।
मांस मदिरा आदि का सेवन न करें।

# पूजा घर में रखें ये चीज़ें, घर आएगी सुख और समृद्धि

हिंदू संस्कृति में पूजा कक्ष का स्थान बहुत ही पवित्र और सम्मानजनक माना गया है। यह न केवल ईश्वर की आराधना करने का स्थान है, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखने का केंद्र भी होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, यदि पूजा स्थान में कुछ विशेष चीज़ों को रखा जाए, तो इससे भाग्य में सुधार, समृद्धि और सुख-शांति आती है। आइए जानें, पूजा कक्ष में किन 6+ पवित्र चीजों को रखना चाहिए।



**स्वस्तिक चिन्ह**

स्वस्तिक चिन्ह को हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना गया है। इसे पूजा कक्ष के दरवाजे पर बनाना चाहिए। यह चिन्ह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और आपके कार्यों में सफलता दिलाने में मदद करता है। यह समृद्धि और शुभता का प्रतीक है।

**कुंभ या जल कलश**

कलश को शुद्धता और पंचतत्वों का प्रतीक माना गया है। इसे हमेशा ताजे और स्वच्छ जल से भरकर पूजा घर में रखें। यह घर के वातावरण को शुद्ध करता है और समृद्धि लाने में सहायक होता है।

**सरस्वती वाद्य यंत्र (शंख, तम्बूरा, बांसुरी आदि)**

सरस्वती माता के वाद्य यंत्र जैसे शंख या बांसुरी को पूजा स्थान में रखने से बुद्धि, ज्ञान और शिक्षा में वृद्धि होती है। शंख बजाने से वातावरण की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में शांतिपूर्ण माहौल बना रहता है।

**तुलसी का पौधा**

तुलसी को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है।



इसे घर के पूजा स्थान के पास रखें। यह न केवल हवा को शुद्ध करता है, बल्कि धन और स्वास्थ्य दोनों में वृद्धि करता है। तुलसी का प्रसाद में प्रयोग भी घर की पवित्रता बढ़ाता है।

**लक्ष्मी यंत्र**

धन और समृद्धि प्राप्त करने के लिए पूजा स्थान में लक्ष्मी यंत्र को रखें। इसे उत्तर या पूर्व दिशा में रखना शुभ माना जाता है। इसे नियमित रूप से साफ करें और उसकी पूजा करें, इससे जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

**मोर पंख**

मोर पंख को शुभ और सौभाग्य लाने वाला माना गया है। इसे पूजा स्थान में देवता के सामने रखें। यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और घर को छिपकलियों जैसे जीवों से भी बचाता है।

**गोल्डन या सिल्वर दीये**


पूजा में दीये का विशेष महत्व होता है। सोने या चांदी के दीपक को जलाने से घर में समृद्धि आती है। रात में दीया जलाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में शांति बनी रहती है।

# कब रखा जाएगा वट सावित्री व्रत?

मई सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास है, क्योंकि इस माह वट सावित्री का व्रत रखा जाएगा। यह व्रत पति की लंबी उम्र, तरक्की, खुशहाली और अच्छी सेहत के लिए रखा जाता है। इस दिन मुख्य रूप से सुहागिनें वटवृक्ष की पूजा करती हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और शिव का वास होता है, इसलिए इसकी उपासना करने से सुहागिन महिलाओं की सभी मनोकामनाएं पूरी व वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहती है। वट सावित्री हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है और उत्तर प्रदेश, बिहार समेत मध्य प्रदेश में इसे भव्य तरीके से मनाया जाता है।

यहां महिलाएं एकजुट होकर पूजा-पाठ करते हुए देवी सावित्री और पति सत्यवान की कथा का स्मरण करती हैं। लेकिन इस साल इस पर्व को लेकर असमंजस बना हुआ है। ऐसे में आइए वट सावित्री व्रत की तिथि और पूजा विधि के बारे में जानते हैं।



**वट सावित्री व्रत की आरती**

अश्वपती पुसता झाला।। नारद सागंताती तयाला।।
अल्पायुषी स त्यवंत।। सावित्री ने कां प्रणीला।।
आणखी वर वरी बाळे।।मनी निश्चय जो केला।।
आरती वडराजा।।
दयावंत यमदूजा। सत्यवंत ही सावित्री।
भावे करीन मी पूजा। आरती वडराजा ।।
ज्येष्ठमास त्रयोदशी। करिती पूजन वडाशी ।।
त्रिरात व्रत करूनीया। जिंकी तू सत्यवंताशी।
आरती वडराजा ।।
स्वर्गावारी जाऊनिया। अग्निखांब कचळीला।।
धर्मराजा उचकला। हत्या घालिल जीवाला।
येश्र गे पतिव्रते। पती नेई गे आपुला।।
आरती वडराजा ।।
जाऊनिया यमापाशी। मागतसे आपुला पती।
चारी वर देऊनिया। दयावंता द्यावा पती।
आरती वडराजा ।।
पतिव्रते तुझी कीर्ती। ऐकुनि ज्या नारी।।
तुझे व्रत आचरती। तुझी भुवने पावती।।
आरती वडराजा ।।
पतिव्रते तुझी स्तुती। त्रिभुवनी ज्या करिती।।
स्वर्गी पुष्पवृष्टी करूनिया। आणिलासी आपुला पती।।
अभय देऊनिया। पतिव्रते तारी त्यासी।।
आरती वडराजा ।।

**कब रखा जाएगा वट सावित्री व्रत?**

**शुभ मुहूर्त और पूजा विधि**

पंचांग के मुताबिक वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर रखा जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 26 मई 2025 को दिन में 12 बजकर 11 मिनट पर हो रही है। इसका समापन अगने दिन यानी 27 मई 2025 को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में 26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत का व्रत रखा जाएगा।

**वट सावित्री व्रत 2025 पूजा का शुभ मुहूर्त**

वट सावित्री व्रत के दिन सुबह 8 बजकर 52 मिनट से लेकर 10 बजकर 25 मिनट तक शुभ चौघड़िया मुहूर्त बन रहा है। इसके अलावा सुबह 11 बजकर 51 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक अभिजित मुहूर्त बना रहेगा। वहीं वट सावित्री व्रत के दिन दोपहर में 3 बजकर 45 मिनट से 5 बजकर 28 मिनट तक भी पूजा का शुभ योग बन रहा है। आप इस अवधि में उपासना कर सकती हैं।

**वट सावित्री व्रत 2025 शुभ योग**

26 मई 2025 को वट सावित्री व्रत के दिन भरणी नक्षत्र बन रहा है, जो सुबह 8:23 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा इस तिथि पर शोभन व अतिगण्ड योग का संयोग रहेगा। वट सावित्री के दिन अभिजित मुहूर्त सुबह 11:54 से दोपहर 12:42 तक रहेगा।

**वट सावित्री व्रत की पूजा विधि**

वट सावित्री के दिन सुबह ही स्नान के बाद साफ वस्त्रों को धारण कर लें।

अब पूरे घर में साफ-सफाई करते हुए गंगाजल का छिड़काव करें।

अब वट वृक्ष की पूजा करने से पहले पीले व लाल रंग के वस्त्र धारण करें।

इस दौरान सोलह श्रृंगार करना न भूलें।

अब सबसे पहले वट वृक्ष को प्रणाम करें और वहां सावित्री और सत्यवान की तस्वीर को स्थापित करें।

फिर एक लोटे में साफ जल भरें और वृक्ष की जड़ में अर्पित करें।

अब फूल, अक्षत, भीगा चना व गुड़ चढ़ाएं।

वट वृक्ष पर सात बार सूत लपेटते और परिक्रमा करें।

इसके बाद हाथ में चने लेकर वट सावित्री की कथा पढ़ें।

कुछ खास मंत्रों का जप करें।

अंत में फल और वस्त्रों का दान करें और वृक्ष को प्रणाम करें।

# शनि के 2025 में राशि परिवर्तन से किन राशियों पर प्रभाव

अंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म परिषद न्यास उज्जैन के ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री राजीव आचार्य के अनुसार शनि ने मार्च 2025 में राशि परिवर्तन कर कुंभ से मीन राशि में गोचर करना प्रारंभ किया है । मीन राशि में शनि के गोचर से मकर राशि पर साढ़े साती का प्रभाव समाप्त हो गया है और कर्क और वृश्चिक राशि पर शनि की ढैया समाप्त हो गई है। इन राशि के जातकों के लिए अब शुभ फल मिलने शुरू होंगे । यद्यपि यदि शनि जातक की कुंडली में अशुभ नहीं है तो साढ़े साती और ढैया का प्रभाव कम रहा होगा ।

शनि मंद गति के ग्रह है और एक राशि में लगभग ढाई वर्ष तक रहते है ऐसे में यदि शनि कुंडली में भी अशुभ है तो कष्टकारी प्रभाव बढ़ जाते हैं । 29 मार्च से शनि के मीन राशि में गोचर से धनु और सिंह राशि पर शनि की ढैया शुरू हो गई है और मेष राशि पर शनि की साढे साती प्रारंभ है । इसके साथ ही कुंभ राशि पर शनि के साढ़े साती का उतरता चरण और मीन राशि पर मध्य चरण चल रहा है ।



शनि पाप ग्रह होने के साथ साथ न्याय और कर्म के देवता है । यदि जातक के कर्म अच्छे हैं तो शनि उसका प्रभाव चाहे देर से ही प्रदान करें , मिलता अवश्य है । शनि की साढ़ेसाती में जातक को रोजगार संबंधी कठिनाई , धन का अपव्यय , डिप्रेशन , पैरों की समस्या , विशेषकर घुटनों की प्रॉब्लम , दांतों में प्रॉब्लम , कार्यों में बाधा उत्पन्न होना , कार्यक्षेत्र में बॉस से कठिनाई आदि समस्या उत्पन्न होती है । ऐसे में जातक को निम्न उपाय करने चाहिए जिससे शनि से आने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सके -

1- शनि का स्वरूप सेवक का है । ऐसे में जातक यदि सेवकों के प्रति अच्छा भाव रखता है , बेवजह उन्हें परेशान नहीं करता । उनके साथ मर्यादित भाषा का प्रयोग करता है तो शनि का दुष्प्रभाव कम होता है ।

2- शनिवार को मांस और मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे शनि का प्रकोप बढ़ता है।

3- आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को खिलाने से शनि का दुष्प्रभाव कम होता है।

4- शमी का पौधा अपने घर के मुख्य द्वार पर रखकर सायंकाल तेल का दीपक जलाए।

5- प्रतिदिन हनुमानजी की आराधना करे , हनुमान चालीसा का पाठ करे । इससे शनि से मिलने वाले अशुभ प्रभाव समाप्त होते हैं।

6- वैजयंती माला को धारण करने से भी शनि के अशुभ प्रभाव से मुक्ति मिलती है ।

7- सरसों के तेल में अपनी छाया देखकर शनि देव पर अर्पण करना भी एक उत्तम उपाय है ।



–राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**मंगलवार,13 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे प्रतिपदा तिथौ मंगल वासरे 24/36/ विशाख नक्षत्रे 09/10/ वरीयान योग 05/53/ बालव करणे 11/31/वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्षारंभ। बुध अस्त पूर्व में घं.26 मि.51 पर।

**मेष :** अधिकारी की अनुकूलता और विशेष परामर्श की चर्चा होगी। किसी स्थाई आवश्यकता के लिए खर्चा करेंगे ।

**वृष :** अध्ययन मनन व बौद्धिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। कार्यों में गति आएगी। बुजुर्गों के प्रति उत्तरदायित्व पूरे होंगे ।

**मिथुन :** लाभ मार्ग अवरुद्ध रहेगा। अल्प लाभ की प्राप्ति हो जाएगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** निकट के मित्रों से मेलजोल होगा विभिन्न स्रोतों से धन पाने की संभावना है। आयोजनों पर अपव्यय से बचें ।

**सिंह :** आयोजन में किसी षड्यंत्र तथा दुर्घटना संबंधी सावधानियां आवश्यक है। बढ़ते व्यय की चिंताओं से ग्रसित रहेंगे।

**कन्या :** विभिन्न बाधाओं के कारण तथा सूझबूझ के अभाव में अधिक व्यय का पश्चाताप रहेगा । शांति से काम करें।

**तुला :** जीवनसाथी से तनावपूर्ण संबंध रहेगा । यदि दूरदर्शी तरह से कार्य करेंगे तो व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

### पण्डितपुर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण मैं कंस वध एवं उद्धव गोपी संवाद की कथा,

**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में 2 जनवरी दिन गुरुवार से गणेश पूजन के साथ श्रीमद् श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा शुरू हुई चल रहे कार्यक्रम में सरस मधुर कथा वाचक आचार्य पंडित श्री पुनीत जी मिश्रा राधे राधे दिवियापुर के मुखारविंद से पावन कथा भगवान का मथुरा गमन,कंस वध, उद्धव गोपी संवाद एवं भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह की कथा आए हुए भक्तों ने सुनी ।

## एसपी के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने फुटमार्च कराया सुरक्षा का अहसास



कालपी : पुलिस जवानों के साथ फुट मार्च करते एसपी ।

**कालपी (जालौन)।** जनता को सुरक्षा का अहसास कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों के द्वारा फुटमार्च किया गया। इस दौरान जनता से संवाद स्थापित करके सुरक्षा का अहसास कराया।

विदित हो कि एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में शाम 6 बजे उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षकों बृजनंदन सिंह, राजेश कुमार, पुत्तू लाल के अलावा पुलिस जवान नगर के भीड़भाड़ वाले फुलपावर चौराहा में एकत्रित हो गए। यहीं से पुलिस जवानों ने फुट मार्च शुरू किया। एसपी की अगुवाई में पुलिस जवानों ने हाइवे के सर्विस लेन, जुल्हैटी मार्केट, हरीगंज, दुर्गा मंदिर चौराहा आदि स्थानों में फुट मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को निर्देश दिए कि सुरक्षा के सभी जगह पुख्ता इंतजाम किये जाये। सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों में प्रतिदिन फुट मार्च चलाया जाये। उल्लेखनीय हो कि देश की सीमाओं में तनाव के हालात को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस प्रशासन सतर्कता बरते हुये है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सम्यक दृष्टि महिला संघ ने किया खीर वितरण



उरई : खीरदान का शुभारंभ करती पालिकाध्यक्ष गिरिजा चौधरी ।

**- पालिकाध्यक्ष उरई श्रीमती गिरिजा चौधरी ने किया खीरदान का शुभारंभ**
**- सामूहिक बुद्ध वंदना के बाद राहगीरों को बांटी खीर, सैकड़ों महिलाएं रहीं मौजूद**

उरई(जालौन)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को झांसी चुंगी चौराहा स्थित सम्यक दृष्टि महिला संघ द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक बुद्ध वंदना से हुई, जिसका संचालन दीपा संघमित्रा बौद्ध एवं दीप्ति बौद्ध ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष उरई श्रीमती गिरिजा चौधरी ने किया। इसके पश्चात संघ की महिलाओं ने राहगीरों और उपासक-उपासिकाओं को श्रद्धापूर्वक खीर दान किया। रिचा आनंद नें कहा कि आज का दिन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि करुणा, अहिंसा और सम्यक दृष्टि का स्मरण करने का अवसर है। भगवान बुद्ध ने हमें जो धम्म का मार्ग दिखाया दृ वह अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला मार्ग है। सम्यक दृष्टि महिला संघ आज उसी विचारधारा को समाज तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। खीर वितरण में संघ की प्रमुख सदस्याएं मालती देवी, रिचा आनंद, देवकी देवी,राकेंद्री श्री, सुनीता रतन,निशा सिंह, अंजली गौतम, बबिता खाबरी, कंचन वर्मा, अनुराधा वर्मा, आरती गौतम, अरुणा भारती, संगीता सिंह,अनुराधा वर्मा, अंजना वर्मा,उषा सिंह,आरती वर्मा,ज्योति सिंह, अर्चना, सरिता, शिल्पी कंचन,अंजना गौतम, पूनम चौधरी, शीलेश, यशोधरा चौधरी, संगीता आनंद,शिल्पी कंचन, प्रभा,शीलेश, उपासना,अर्चना, मीरा चौधरी, साधना,कामिनी, पूजा चौधरी,कल्पना,नेहा, आकांक्षा, कांति दयालु, प्रीति,मिथलेश कुमारी, दीपा, तथा एक सैकड़ा महिलाए एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. नरेश गौतम, अखिलेश कुमार, भानुप्रताप, महेंद्र गौतम (मुन्ना), शशांक आनंद, विजय रतन, अजय संतोष, मोहर सिंह, ज्ञान सिंह गौतम, राजेश गौतम और जयप्रकाश गौतम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, किया सरेंडर



उरई : पंचनामा भरते पुलिस कर्मी।

**उरई(जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इन्दिरा नगर में अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी का पत्थर से सर कूंच कर हत्या कर दी और मौके से भाग गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

शहर के इंदिरानगर निवासी रामप्रकाश वर्मा पेशे से राजमिस्त्री हैं। उनके एक बेटी 33 वर्षीय नेहा है, जिसकी शादी शहर के श्यामनगर निवासी हेमंत के साथ की थी। शादी के बाद से ही दामाद और बेटी घर जमाई बन कर सास-ससुर के पास ही रहने लगे थे। सोमवार को बेटी और दामाद घर से बाहर किसी काम से गए थे, और घर पर दंपती ही अकेले थे। इसी दौरान दोपहर के समय रामप्रकाश का अपनी पत्नी सुमन से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। पुलिस के समक्ष उसने बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी का दामाद के साथ कुछ चक्कर है, और शंका होने पर उसने पत्नी से ऐसा करने से रोका भी था। सोमवार को दोपहर के समय इसी को लेकर कहासुनी बढ़ गई तो उसने गुस्से में आकर पत्नी के सिर पर सिलवट से पांच-छह वार कर दिए जिससे वह खून से लथपथ होकर अचेत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर पति वहां से भाग गया।। पूर्वाह्न तीन बजे के करीब पड़ोस में ही रहने वाला सुमन का भतीजा किसी काम से उनके घर पहुंचा और कमरा खुला देखकर वह अंदर चला गया। कमरे में पडे बेड पर खून से लथपथ हालत में चाची को पड़ा देखकर उसने बाहर आकर पड़ोसियों व अन्य परिजनों को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और वह उसे गम्भीर हालत में लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे। जहां पर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

## ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई बौद्ध पूर्णिमा



उरई : भगवान गौतम बुद्ध की जयंती मनाते अनुयाई।

**रामपुरा(जालौन)।** शांति, तप और ज्ञान के अग्रदूत भगवान गौतम बुद्ध की जयंती सोमवार को ग्राम नरौल में ग्रामीणों द्वारा पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। डी. जे. पर गाने के साथ गौतम बौद्ध व भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अबेड़कर के नारों के साथ पुरे गाँव में रैली घुमाई गई रैली बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा से शुभारम्भ कर (स्व. राजेंद्र प्रसाद इंजिनियर) द्वारा निर्मित बौद्ध स्तूप पर भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति पर माल्यार्पण कर साथ ही भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए हिंसा, चोरी, व्यभिचार, असत्य और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया इस आयोजन में समस्त बुद्ध भक्त मौजूद रहे। इस आयोजन की अध्यक्षता पूर्व प्रधान परमाल कनेरिया, पूर्व कंपनी कमांडर कृष्णा प्रसाद दोहरे ने की। व इस कार्यक्रम में प्रधान प्रीतिनिधि भानु प्रताप, आशाराम दिवाकर, कृष्णा बाबा, मातादीन मास्टर, फूलशाह कनेरीया, रामबहादुर मास्टर, सुरेश मास्टर, प्रदीप कुमार दोहरे , कुलदीप कनेरिया, रामनरेश चौधरी, यशमंत कनेरिया,सुरेशकनेरिया, दिनेश चौधरी, इंद्रजीत सिंह, रामस्वरूप, सोनू दोहरे, सुनील सत्यार्थी, डंपी, मंगल, विपिन चौधरी,विकास,नीलेश कुमार, रवि, अंकेश,हर्ष,आर्यन,अक्ष, आदि सहयोगी मौजूद रहे।

### दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत के मामले में बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी(जालौन)। बीते 5 दिन पहले ग्राम छौंक के समीप सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत के मामले में पीड़ित पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में बोलेरो के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी लल्लन यादव पुत्र विशम्भर निवासी ग्राम जहांगीरपुर थाना सट्टी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 9-5-2025 को प्रार्थी का पुत्र अमित यादव उरई से ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। तभी सुबह करीब 10 बजे कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छौक राष्ट्रीय राजमार्ग में पेट्रोल पंप के पास बोलेरो कार के अज्ञात चालक ने तेजी व लापारवाही से चलाते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में प्रार्थी के पुत्र अमित यादव की मौत हो गयी। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा विवेचना शुरू कर दी गई है।

### रोजगार मेले का आयोजन 14 मई को

ललितपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकाँक्षा यादव ने जनपद के समस्त युवक एवं युवतियों को अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में शिव प्राइवेट आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 मई को किया जा रहा है, जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक, आईटीआई में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है व रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा व पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा व रोजगार मेले के साथ ही एक दिवसीय कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है

## खबर एक नज़र

### गोष्ठी में किसानों को नैनो उर्वरक की खूबियां बताकर किया जागरूक



कालपी : किसान गोष्ठी में मौजूद इफ्को के अधिकारी ।

**कालपी (जालौन)।** खेतों में उन्नतिशील उपज के लिये किसानों को नैनो उर्वरक का उपयोग करने के लिये सहकारी संस्था इफ्को के जिला प्रबंधक शुभम मिश्रा की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोमवार को सहकारी संस्था इफ्को के तत्वावधान में ग्राम काशीखेड़ा में किसान की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये इफ्को के क्षेत्रीय अधिकारी शुभम मिश्रा ने किसानों को इफ्को नैनो उर्वरक के उपयोग के बारे में जानकारियां दी तथा नैनो उर्वरक के लाभों के बारे में बताकर जागरूक किया। क्षेत्रीय अधिकारी शुभम मिश्रा ने कहा कि नैनो उर्वरक आधुनिक युग का उर्वरक है जिसका उपयोग बीज उपचार (नैनो डीएपी) 5 मिली/किग्रा बीज तथा नैनो यूरिया प्लस 4 मिली/लीटर फसलों पर छिड़काव के रूप में किया जाता है। उन्होंने सागरिका लिक्विड, जैविक उर्वरक जैसे अन्य उत्पादों के बारे में भी बताकर जागरूक किया। बैठक में इफ्को बाजार उरई के जितेंद्र पटेल, रणजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रदर्शक धर्मेंद्र कुमार के अलावा किसानों ने सहभागिता की।

### 244 ग्रामो में जायद की फसल सर्वे कराने का कार्य सभी लेखपाल करें- तहसीलदार



**कालपी(जालौन)।** शासन के निर्देशों के अनुरूप कालपी तहसील के 244 राजस्व ग्रामों में जायद की फसल के सर्वे का कार्य तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी व नायब तहसीलदारों चंद्र मोहन शुक्ला नीलमणि सिंह की निगरानी में शुरू किया गया है। लेखपालो को जल्द से जल्द सर्वे को पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं। उत्तर प्रदेश में जायद की फसल के अलग-अलग जिंस वार सर्वे राजस्व कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा। बीती 5 तारीख से जायद फसल का सर्वे चलाया जा रहा है। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने जायद फसल के मूंग, तरबूज, सब्जी, पिपरमेंट की जिंस वार सर्वे का कार्य राजस्व कर्मचारियों के द्वारा कराया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कदौरा ब्लाक तथा महेवा ब्लाक मे 56 लेखपालों को संबंधित ग्रामों में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि तहसील के समस्त ग्रामों की खेती के एक लाख नौ हजार भू खण्ड का सर्वे का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है।तहसीलदार ने कई गांवों में जायद फसलों पड़ताल का कार्य का निरीक्षण भी किया है। तहसीलदार ने सभी जिम्मेदार कर्मचारियों व लेखपालों को निर्देश दिये है कि शासन की प्राथमिकताओं के तहत जायद फसल का सर्वे निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर फूल मालाओं से किया सम्मानित



**ललितपुर।** कचहरी परिसर प्रांगण में मंसूरी समाज के हनीफ खां ने लोकप्रिय रमेश कुमार झां सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर को झां समाज का जिलाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर फूल मालाओं से सम्मानित किया, जिसकी भूमिका हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी ने निभाई। इस अवसर पर रामस्वरूप नामदेव, अंजना राजपूत, खुशी उर्फ प्रिज्ञा वर्मा एडवोकेट, भूपेन्द्र सिंह एडवोकेट, अर्चना रैकवार, गजराम एडवोकेट, शैलेन्द्र रांजपूत सहित महिलायें उपस्थित रहीं।

## तेज आंधी से उखड़ गई माताटीला बांध की पिच



ललितपुर। माताटीला बांध के अप स्टीम क्षेत्र में लगी पिच आए आंधी तूफान में उखड गई, जिससे माताटीला बांध खतरे में आ गया, अप स्टीम पिचिंग बहकर के पत्थर भराव के करीब 11 फुट नीचे तक बह गई, जिससे चलते पानी का तेज बेग लगातार पिच के पत्थरों को बहा दे रहा है। बांध की पिच उखड़ने के बाद मिटटी का कटाव हो गया, जिससे लगातार बांध की सुरक्षा में लगे पत्थर उखड़कर पानी में चले जा रहे, बांध को खतरे में देख माताटीला डेम डिविजन के चीफने अधीक्षण अभियंता समेत अफसरों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डेम डिवीजन अफसरों ने निरीक्षण कर पिच कार्य दुरूस्त कराने के निर्देश दिए, विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदारों के माध्यम से पिच मरम्मत कार्य शुरू कराया, जिसमें विभाग की भूमि से सैंकड़ो ट्रैक्टर मिट्टी का उठान कर बोरियों के माध्यम से मिट्टी का कटाव रोकने का प्रयास किया व आंधी तूफान से चल रहे मरम्मती कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।


## सपा कार्यालय में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा



उरई : भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई

**उरई (जालौन )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आह्वान पर और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देशन पर आज समाजवादी पार्टी कार्यालय उरई में 'जिला महासचिव जमालुद्दीन' के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महात्मा बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। 'प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह यादव' ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने लोगों को सत्य, अहिंसा ,मानवता का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध का जन्म एक राज परिवार में हुआ था लेकिन उन्होंने राजसी सुख सुविधाओं को त्याग कर परिव्राजक हो गए। महात्मा बुद्ध ने सही मायने में मानवता का संदेश देते हुए लोगों को सत्य पथ पर चलकर पंचशील सिद्धांतों का पालन करने के उपदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी समाजवादी लोग महात्मा बुद्ध के बताए हुए मार्गो का अनुसरण करें और सच्चे मानवता के रूप में समाज की सेवा करें। इस मौके पर प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव जमालुद्दीन, विधानसभा अध्यक्ष उरई वेद प्रकाश यादव, वरिष्ठ नेता विवेक यादव, शैलेंद्र श्रीवास सभासद ,सुरेंद्र राजपूत सहित अन्य समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## निशुल्क कैंसर कैम्प का हुआ आयोजन



ललितपुर। रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में रेड क्रॉस सोसाइटी के चिकित्सकों द्वारा डॉ. गजेंद्र चौहान पिसनारी की पूज्य माताजी की स्मृति में लगाया गया, कैंसर कैंप जिसकी अध्यक्षता रेड क्रॉस के प्रबंधक सचिव एवं नीमा के अध्यक्ष डॉ. एसपी पाठक ने की। आयोजन में उन्होंने बताया कि तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट के सेवन से कैंसर होता है, प्रारंभिक स्टेज में इसका इलाज पूर्णतः हो जाता है, हर व्यक्ति को इस घातक बीमारी के प्रति जागरूक रहना चाहिये। शिविर का संचालन भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलन कर भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजन में इंदौर शैलवी हॉस्पिटल के डॉ. अमेय बिहानी नाक, कान, गला एवं मुख कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. प्रणव कुमार जनरल एवं एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन द्वारा मरीजों की जांच की गई। इस दौरान 50 मरीजों की निशुल्क जांच की गई, इनमें अधिकांश कैंसर के ही मरीज मिले। कैंप को सफल बनाने में डॉ. एसपी पाठक डॉ आर एन सोनी, डॉ मनवीर सिंह डॉ गजेंद्र सिंह चौहान डॉ अजय जैन रसिया डॉ अवनी कड़की, डॉ आर सी साहू, डॉ स्वामी राजपूत डॉ राजेश शर्मा डॉ अनूप श्रीवास्तव डॉ डीके जैन डॉक्टर निधी सिंह चौहान डॉ शशांक पाठक, डॉ सनद मोदी, डॉ विजय चौहान डॉ सुरेंद्र राजपूत डीआर रवी मोहन संज्ञा डॉ शशांक कड़की डॉ शशांक गुप्ता राजेश लिटोरिया, अजय जैन बरिया एवं समस्त स्टाफ आदि का सहयोग रहा। अंत में डॉ. गजेंद्र सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### माँ के नाम खेती व बैंक में जमा रुपये हड़पने का लगाया आरोप

कोंच(जालौन)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुसिया निवासी रिंकू वर्मा पुत्र स्व. पातीराम ने दिन सोमवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरी माँ श्रीमती वेवी वर्मा दिनांक 9 मई 2025 को समय करीब सुवह 8 बजे से मेरी माँ बिना बताए कहीं चली गयी है मैने सोचा रोज की तरह खेतों में गेहूँ की वाले बीनने गयीं होंगी लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो मैने रिस्तेदारी में खोजना शुरू कर दिया लेकिन आज सुवह 8 बजे करीब मुझे गांव के लोगों में चर्चा के दौरान पता चला कि मेरी माँ को गांव के ही तुलाराम पुत्र कालीचरन वर्मा मेरी माँ के नाम खेती व बैंक में जमा रुपये हड़पने की आशय से बहला फुसलाकर ले गया है मेरी माँ में बुढापे के कारण सोचने व विचार करने की वुद्धि कम हो गयी है इसका लाभ उक्त तुलाराम उठाना चाहता है और उक्त दिनांक 9 मई से गायब है उक्त ऐसी हरकत पहले भी कर चुका है जिसकी शिकायत पहले भी मै कर चुका हूं और उक्त के पकड़े जाने पर और उक्त के द्वारा माफी मांगे जाने पर कोतवाली में समझौता भी किया गया था रिंकू वर्मा ने पुलिस से उक्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर रैपिड एक्शन टीम ने किया खीर और शरबत का वितरण




उरई : शरबत पिलाते रैपिड एक्शन टीम के लोग ।

**उरई(जालौन)।** सोमवार को त्रिविधि त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर रैपिड एक्शन टीम उत्तर प्रदेश द्वारा अंबेडकर चौराहा, उरई पर खीर वितरण और शरबत पिलाने का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों को खीर खिलाई गई और ठंडा पानी व शरबत पिलाया गया, जिससे उन्हें गर्मी में बड़ी राहत महसूस हुई।

कार्यक्रम में कोरी चबूतरा विकास ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष विनोद वर्मा ने कहा कि भगवान बुद्ध ने मानवता, शांति और समता का संदेश पूरी दुनिया को दिया। वहीं रैपिड एक्शन टीम के प्रमोद वर्मा (उसरगांव) ने कहा कि तथागत ने ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर त्रिशरण और पंचशील के माध्यम से समता और शांति का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश वर्मा, श्रद्धानंद सिंह, देवेंद्र वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र वर्मा, बृजमोहन वर्मा, राजकुमार गौतम, अरविंद खाबरी, राजू वर्मा, नरेश वर्मा (रौनक हैंडलूम), अश्विनी वर्मा, विजय वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, राजकुमार सिंह, कृष्णकांत वर्मा, अनिल वर्मा, अनिल सिन्दूर, श्रीबाबू वर्मा, अभिषेक वर्मा, शिवप्रशाद वर्मा, देवेंद्र सिरोलिया, प्रवीण वर्मा, जीतेंद्र वर्मा, संतकुमार सिरोमणि सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

# चित्रकूट की बेटी ने अपने नाम किया मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब

- जिले का बढ़ाया गौरव और मान
- धर्मनगरी पहुंचने पर क्षत्रिय समाज एवं स्वजनों ने किया जोरदार स्वागत
- बचपन से था डांसिंग और माडलिंग का शौक



बांदा : बैठक को ।

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिले के सरधुवा गांव की मूल निवासी मीनाक्षी सिंह ने मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब जीता है। मीनाक्षी वर्तमान में अपने पिता सत्यभान सिंह के ननिहाल चित्रकूट मध्य प्रदेश के बिरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम नयागांव में निवासरत हैं। वह प्रतियोगिता के लिए दिल्ली गई और जीत गई। खिताब जीतने के बाद पहली बार सोमवार को दिल्ली से धर्मनगरी चित्रकूट स्टेशन पहुंचने पर उनके स्वजन, शुभचिंतक एवं क्षत्रिय समाज ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मीनाक्षी ने बताया कि उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और अपने टैलेंट के दम पर जीत हासिल की है। वह अब मिस एशिया यूनिवर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मीनाक्षी का चित्रकूट जिले के राजापुर तहसील क्षेत्र के सरधुवा गांव से भी पुराना रिश्ता है। उनके परिजन मूल रूप से सरधुवा गांव के रहने वाले हैं। जो वर्तमान समय में बिरसिंहपुर तहसील क्षेत्र के नयागांव में रह रहे हैं। उनकी मां कीर्ति सिंह जनपद पंचायत मझगवां के वार्ड क्रमांक 25 से जिला सदस्य हैं। साथ ही संचार संकर्म समिति में सभापति भी हैं। उनकी चाची भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविमाला सिंह एमपी क्षेत्र के वार्ड नंबर नौ से सभासद हैं। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं।

धर्मनगरी पहुंचने पर मीनाक्षी ने बताया कि वे पिछले डेढ़ साल से इस खिलाब के लिए तैयारी कर रही थीं, हालांकि उन्हें डांसिंग और माडलिंग का बचपन से ही शौक था। शुरूआत में माता-पिता ने ये सब करने से रोका पर उन्होंने ठान लिया था कि इसे करना है तो करना है। इसके बाद उन्होंने मिस टीन ऐज प्रतियोगिता के लिए अप्लाई किया और इसके बारे में माता-पिता से चर्चा की और उन्हें सारी जानकारी दी। इसके बाद वे इसके लिए राजी हो गए।

### प्रतियोगिता के लिए गई थी दिल्ली

प्रतियोगिता के लिए दिल्ली गई और जीत गई। मीनाक्षी ने बताया कि उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और अपने टैलेंट के दम पर जीत हासिल की है, लेकिन ये चुनौती नई और अलग है, इसके लिए वे काफी एक्साइटेड और प्रिपेयर्ड है। जानकारी के लिए बता दें कि यूएसए (संयुक्त राज्य अमेरिका) में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले इसके सिलेक्शन का अंतिम चरण मई के महीने में दिल्ली में होना है। प्रतियोगिता संभवतः चार माह बाद होगी।

### इन पुरस्कारों से किया जा चुका है सम्मानित

मीनाक्षी सिंह को अब तक मिस टीन ऐज (क्वीन आफ दा हट्स), मिस टीन इंडिया व मिस टीन एमपी जैसे कई बड़े अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है।

### अनुपमा स्कूल की छात्रा हैं मीनाक्षी

ग्रामीण परिवेश में जन्मी मीनाक्षी की प्राथमिक शिक्षा सतना के सेंट माइकल स्कूल से हुई। इसके बाद वो हाई व हायर सेकंडरी की पढ़ाई अनुपम हायर सेकंडरी स्कूल भरहुतनगर सतना से कर रही हैं। इस वर्ष वे कला विषय से कक्षा 11वीं पास कर 12वीं में प्रवेश किया है।

### सोमवार को पहुंची धर्मनगरी

क्वीन बनने के बाद पहली बार मीनाक्षी सोमवार को चित्रकूट पहुंची, जहां उनके स्वजन रविमाला सिंह, विनोद कुमार सिंह, पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, समर्थन सिंह, प्रमोद सिंह, किरण सिंह, भारती सिंह, ओंकार प्रताप सिंह, साधना सिंह, अंकिता सिंह, शालिनी सिंह, हर्ष सिंह, विजय किशोर, दिव्यश्री सिंह, अदिति सिंह, गौरव सिंह आदि ने फूल, माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका जोरदार स्वागत किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**बबेरू/बांदा।** अचानक ब्रेक फेल हो जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। जिससे एक युवक की कुचल कर मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र साथी गांव निवासी 19 वर्षीय रोहित पटेल पुत्र बबलू सोमवार की सुबह घर के बाहर खड़ा था। घर के अंदर खड़ा ट्रैक्टर बाहर निकाला जा रहा था। रैंप से निकालते समय अचानक ट्रैक्टर का ब्रेक फेल गया। ट्रैक्टर पीछे को बैंक हो गया। जिससे नजदीक खड़े युवक के ऊपर ट्रैक्टर का पहिया चढ गया। जिससे वह बुरी तरह कुचल गया।

आनन फानन उसे ट्रैक्टर से बाहर निकाला गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो न देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बबलू ने बताया कि घर मे शादी है। सोमवार को मायन का कार्यक्रम चल रहा था। शादी का सामान लाने के लिए घर का ट्रैक्टर दरवाजे पर बनी रैंप खड़ा था। ट्रैक्टर निकालते समय अचानक ब्रेक फेल होने जाने से यह हादसा हो गया। मृतक दो भाई में छोटा था। हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया प्रथम दृष्टया ट्रैक्टर मे दबकर मौत होना प्रतीत हो रहा है। मृतक के पिता ने ब्रेक फेल होने की तहरीर दी है।

## ऑपरेशन ईगल ने तोड़ी गांजा तस्कर की कमर



बांदा : गांजा के साथ पकड़ा गया अभियुक्त ।

- गांजे के साथ पकड़ा गया गांजा तस्कर
- हरे गांजे की सूचना पर पैलानी पुलिस ने की स्ट्राइक

**बांदा।** मादक तस्करों पर कार्यवाही का शिकंजा लगातार जारी है। पैलानी पुलिस ने रेड डालते हुए गांजे के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। जिसके कब्जे से भारी तादाद में हरा तथा सूखा गांजा बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन ईगल÷ के क्रम में सोमवार को थाना पैलानी पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि थाना पैलानी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम अलोना में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम अलोना में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से 42.8 किलोग्राम अवैध हरा गांजा तथा 700 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम धनीराम वर्मा उर्फ छोटे वर्मा निवासी अलोना थाना पैलानी बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। एडीशनल एसपी शिवराज ने यह भी बताया कि अभियुक्त अपने मवेशी बाड़े में काफी दिन पहले गांजे की फसल बोई थी। जैसे ही सूचना मिली तो तत्काल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से बड़े पैमाने पर हरा गांजा बरामद किया है। वहीं गांजे के साथ धनीराम को पकड़ा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुखराम सिंह, मुख्य आरक्षी महेश्वर त्रिपाठी, आरक्षी प्रवेश पटेल, जितेन्द्र कुमार तथा महिला आरक्षी रितु तिवारी शामिल रही।

## खबर एक नज़र

### खेल गोष्ठी का किया गया आयोजन



बांदा : गोष्ठी के दौरान मौजूद कमेटी सदस्य ।

**बांदा।** जिला वेटरन्स (पुरातन) क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान मे शहर के एक मैरिज हॉल में खेल गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां कमेटी द्वारा अनुशासन बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया गया।

गौरतलब हो कि बांदा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मौली भारद्वाज के द्वारा कुछ कारणों से आहत होकर अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया था। जिसको लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी दुख है। जिस पर पूर्व में कई बार चर्चा हो चुकी है नई कमेटी के निर्माण में बांदा के जूनियर व सीनियर खिलाड़ियों में खुशी की लहर वह सभी ने सहमति प्रदान की कहा हम सभी मिलकर बांदा को खेलों के माध्यम से नई ऊंचाई तक ले जाएंगे तथा अपने गुरु वासिफजमा खां के मार्गदर्शन में नई कमेटी का निर्माण करेंगे। गोष्ठी के दौरान शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय कोच रामेंद्र शर्मा, बैडमिंटन एसोसिएशन के काजी जमीर, वरिष्ठ बॉलीबॉल खिलाड़ी बॉलीबॉल एसोसिएशन से शिव कुमार, बारिश सीनियर खिलाड़ी नीतू बोड़े, कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल यादव डीबीसीए की नवनिर्वाचित कमेटी जिसमें अध्यक्ष शारिक नियाजी, क्रीड़ा सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप नामदेव, सचिव प्रदीप गुप्ता, डीसीए के राममिलन गुप्ता सैयद अहमद, कुतैबा जमा, रेहान खान एवं डीबीसीए से पुष्कर द्विवेदी, करण सिंह, जमशेद खान, हर्षित सिंह, दीपक मेहरा, रामकिशोर, अबरार फारुकी, अजय कुमार, अब्बास खान, अनिल मिश्रा, दानिश नियाजी, दिलीप सिंह, जीतू यादव, नीस कोच राकेश गुप्ता, तरुण नंदा, विपरांश यादव, शिव कुमार बड़कू आदि उपस्थित रहे। सभी वयोवृद्ध खिलाड़ियों ने अपने पूर्व के अनुभवों को साझा किया सभी को खेल में अनुशासन व एकता के महत्व का इस्तेमाल कर मजबूत बनाने पर जोर दिया।

### क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला युवक का शव

बांदा। शहर के मवई गांव स्थित एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा पाया गया। लोगों ने देखा तब सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं शव की शिनाख्त नही हो सकी है। पुलिस द्वारा शिनाख्त कराए जाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे है। मवई बाईपास के नजदीक प्लाटिंग का काम चला है। सोमवार की दोपहर लोगो ने एक युवक का क्षत विक्षत शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दूर से मुआयना किया। पुलिस ने ग्रामीणो को बुलवा कर शव को नाले से बाहर निकाला। ग्रामीण शव को घसीटते हुए सड़क तक लाए। पुलिस ने ग्रामीणो ने उसकी पहचान करवाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नही मिली। पुलिस का कहना कि उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है। मृतक जींस का पैट शर्ट पहने था। शव चार पांच दिन पुराना लग रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई बुद्ध जयंती



बांदा : जयंती मनाने पदाधिकारी ।

बांदा। जनता दल यूनाइटेड कार्यालय में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर महात्मा बुद्ध की जयंती बड़े श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बुद्ध वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। आयोजन की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता ने की, जबकि संयोजन समाज सुधार वाहिनी प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष गरिमा सिंह पटेल ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जदयू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि महात्मा बुद्ध के विचार आज भी दुनिया को मार्ग दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध का मार्ग संघर्ष नहीं, समाधान का मार्ग है, और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अगर उनके सिद्धांतों को अपनाया जाए तो समाज में शांति, समानता और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम की संयोजक गरिमा सिंह पटेल ने कहा कि बुद्ध ने समाज को अंधविश्वास, छुआछूत और जातिवाद से मुक्ति दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बुद्ध के विचारों को अपनाकर एक नैतिक और संवेदनशील समाज के निर्माण में सहभागी बनें। जिला महासचिव बाबूलाल चौधरी ने कहा कि आज जब दुनिया अशांति, हिंसा और भटकाव के दौर से गुजर रही है, बुद्ध का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है। युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष आदित्य गोस्वामी ने कहा कि आज हर देशवासी को मानवता को धर्म मानते हुए दूसरों की सहायता और सेवा में आगे आना चाहिए कृ यही बुद्ध का असली संदेश है। इस अवसर पर जदयू जिला महासचिव निशांत चक्रवर्ती, नगर विकास प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी प्रसाद याज्ञिक, सक्रिय कार्यकर्ता सुखीराम प्रजापति, कमलेश कुमार और सुमित्रा देवी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

- आज भी प्रासंगिक हैं बुद्ध के विचार

## अतर्रा थाने के एक सिपाही का हार्ट अटैक से हुई मौत

**अतर्रा ; बांदा।** अतर्रा कोतवाली में तैनात सिपाही की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। अतर्रा कोतवाली में तैनात कांस्टेबल रमाकांत यादव पुत्र अछैवर यादव निवासी कोरवा ए थाना महुवाडीहए जिला देवरियाए उत्तर प्रदेश यू पी पुलिस में 15 जून 1990 को भर्ती हुए थेए नम्बर 902340392 है। दिनांक 18०09०2023 को मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली अतर्रा में नियुक्त हुए अतर्रा नगर के बबेरू बस स्टॉप में 12 मई 2025 को सुबह 10रू30 बजे ड्यूटी के दौरान अचानक हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृत सिपाही का परिवार लखनऊ में रहता हैए इनके एक लड़का व एक लड़की है। पुलिस ने सिपाही के शव को मेडिकल कॉलेज बांदा में रखा दिया है। परिजनों की प्रतीक्षा है। परिजनों के आने के बाद उसका पोस्ट मार्टम कराया जाए गा।

## गांव के दबंग लोगों ने जेसीबी मशीन से घरों को तोड़ा हुई रिपोर्ट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के दशरथ पुरवा अंश मुंगौरा गांव निवासी राकेश पुत्र देवीदिन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे पिता देवीदीन पुत्र चुन्ना का घर गांव में ही बना था वहा पर गांव के अन्य लोगों के सुखलाल पुत्र कुशलियाए जगप्रसाद पुत्र फक्कड़ ए रामकृपाल पुत्र सौखीलालए बच्चा पुत्र गोरेलालए नत्थू पुत्र गोरेलाल एराम नारायण पुत्र लल्लूए राजा पुत्र तुलसीदासए शिवासरन पुत्र तुलसीदासए देवनारायण पुत्र मइयादीनए रामबहोरी पुत्र लक्ष्मण प्रसाद आदि के भी घर बने हुए हैं जिसे 10 मई को रात्रि को गांव के ही कुछ लोगो के द्वारा जे सी बी मशीन से हमारे घरों को तोड़ा गया और हम लोगों ने जब मना किया तो उन लोगों के द्वारा जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर मार पीट गाली गलौज किया जब हमारे घर की औरतें बीच बचाव के लिए आई तो वह लोग उनको भी गाली गलौज और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे फिर हमने 100 नंबर पुलिस को सूचना दे कर बुलाया तभी हमारी जान बच पाई ।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जीतू यादव ए चेताराम ए राजाए खुटीए शैलेंद्र ए चुनकुए गुड्डूए चुनकू का मामा निवासी गण मुंगौरा के खिलाफमामला दर्ज किया है।

## ट्रक ने बाइक सवार मारी ठोकर, मौत

**नरैनी बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के नंदवारा गांव निवासी लवकेश 26 वर्ष पुत्र गोरेलाल अपने गांव से नरैनी कस्बा आया हुआ था जो कल देर शाम को करतल रोड तरफजा रहा था तभी करतल रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया जिसको बांदा ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कार्यक्रम में आवश्यक सामाग्री लेने के लिए बाजार आया था। मृतक के दादा दादूराम ने बताया मृतक लवकेश के दो पुत्री अन्नू और जूली के अलावा एक पुत्र शनि है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसी प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम हेतु वृहद बैठक का आयोजन

**- संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रतिमा का अनावरण**



**चित्रकूट ब्यूरो:** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा स्थापना के संदर्भ में सोमवार को जनपद एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि 31 जुलाई को गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयन्ती के अवसर पर तुलसी कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर में तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार की दृष्टि से जनपद के सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्र देते हुए सहयोग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने प्रतिमा स्थापना कार्य में अब तक हुई प्रगति के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। जिला संघ चालक रामाधार ने बैठक में सुझाव दिया कि कार्यक्रम में जन सहभागिता महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें प्रत्येक ग्रामवासी को अपना सहयोग देना चाहिए। साथ ही अन्य सदस्यों ने सुझाव दिया कि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में विद्यालय, सामाजिक संगठनों तथा प्रशासन का सहयोग लेना चाहिए। साथ ही विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए।

बैठक में सह जिला कार्यवाह अतुल सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख श्यामसुंदर मिश्र, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, ग्राम बसिला के राम प्रताप सिंह, नकेहली के सुशील द्विवेदी, लोढवारा के रेवतीरमण त्रिपाठी, सरधुआ के हरबक्स सिंह, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह, वैज्ञानिक कमलाशंकर शुक्ल, विजय गौतम, समाज शिल्पी दम्पति प्रभारी डॉ अशोक पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, हरीराम सोनी आदि मौजूद रहे।

## राम धुन सा कीर्तन के साथ गुरु गोरखनाथ की परिक्रमा हुई संपन्न




महोबा। शहर के नवीन कलेक्ट्रेट के पास स्थित गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली पर गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वाधान में ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा श्रृद्धा भक्ति व रामधुन के साथ हुई। परिक्रमा प्रातः 6 बजे शिवताण्डव मन्दिर से शुरु हुई। परिक्रमा शिवताण्डव से पठवा के बाल हनुमान मन्दिरए रामजानकी मन्दिरए कबीर आश्रमए सकरी सान्याए रामदरवार मन्दिरए काली माता व छोटी चन्द्रिका मन्दिर से पुलिस लाइन रोड होते हुये नागौरिया मन्दिरए बालाजी मन्दिरए काल भैरव मन्दिर से शिव ताण्डव में आकर सम्पन्न हुई।

परिक्रमा के बाद शिव ताण्डव मन्दिर परिसर में भजन.कीर्तन व सम्संग का आयोजित हुआ। सत्संग में वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने बुद्ध जयन्ती व गुरु गोरखनाथ की जयन्ती के अवसर पर महात्मा बुद्ध के शान्ति के विचारों को अमल में लाने पर बल दिया। परिक्रमा समिति प्रमुख डॉ0 एलसी अनुरागी प्राचार्य सांई डिग्री कालेज ने भगवान राम के चौदह वर्ष के वनवास काल के दौरान महोबा के गोरखगिरि में जप तप करने की महिमा पर स्वरचित पक्तियां ष्पुण्य भूमि चन्देलन कीए मत्था टेको न करो देरए एक पल की। गुरु गोरखनाथ यहां तप करने आयेए शिष्य दीपकनाथ उनके आदर्श अपनाये। मिलकै जय बोलों गुरु गोरखनाथ एवं शिव भगवान की। पुण्य भूमि महोबा के चन्देलन कीए सुनाई। पं0 हरीशंकर नायक ने श्रीमद भागवत गीता के अध्याय 9ए श्लोक संख्या 29ए समोअहं सर्वभूतेषुण्णण्णण् की व्यख्या करते हुये कहा कि परमात्मा किसी से भेदभाव नही करता है। वह तो भक्तों के पुकारने पर सहायता के लिये तुरन्त उपस्थित रहते है। साध्वी सुनीता अनुरागी एड0 ने वाल्मीकी रामायण के भगवान राम के आदर्श चरित्र वाले श्लोक सुनाये। परिक्रमा में रज्जन द्विवेदीए गौरी शंकर कोष्ठाए परशुराम अनुरागीए ओमप्रकाश साहूए ग्राम सिजहरी के विनोद सोनीए पप्पू सेनए चन्द्रभान श्रीवास सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

## धूमधाम से मनाई गई महात्मा बुद्ध की जयंती



**चित्रकूट ब्यूरो:** जनपद में सोमवार को महात्मा बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियों का अयोजन करते हुए महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया।

जिला मुख्यालय में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल के आवास पर महात्मा बुद्ध की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने 29 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन को त्याग कर ज्ञान की खोज पर निकल गए थे और घोर तपस्या और ध्यान के माध्यम से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। कहा कि भगवान बुद्ध ने सांसारिक मोह माया को छोड़कर त्याग और तपस्या के माध्यम से जीवन जीने के महत्व को समझाते हुए अहिंसा अपनाने की सीख दी। साथ ही लोगों को सभी प्राणियों के प्रति करुणा और प्रेम का भाव रखने का संदेश दिया। उन्होंने सांसारिक दुःखों से छुटकारा पाने के लिए अष्टांगिक मार्ग की शिक्षा अपने अनुयायियों को दी। जिसमें सही विचार, सही संकल्प, सही वाणी, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही स्मृति व सही ध्यान शामिल हैं। साथ ही चार आर्य सत्य भी बताएं। इस दौरान पूर्व सांसद ने उनके बताई सीखों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील पटेल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, इंजीनियर राजेश सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, मनोज पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, होरीलाल आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार विद्यानगर कर्वी माफी में त्रिविध पावन वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बुद्ध पूर्णिमा की शुरुआत त्रिशरण/पंचशील/बुंद्ध वंदना के साथ हुई। इसके बाद बुद्ध चरित्र चंद्रोदय पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान बुद्ध विचार गोष्ठी और सांस्कृति कार्यक्रम के बाद शोभा यात्रा भी निकाली गई। डॉ अम्बेडकर जयंती समिति एवं भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गया प्रसाद बौद्ध, संजय कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

## दुल्हन ने शादी से किया इनकार बारात वापस लौटी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**नरैनी बांदा।** धूमधाम के साथ वर पक्ष के लोग कन्या पक्ष के दरवाजे पहुंचे लेकिन बिन दुल्हन विदा कराए दूल्हे पक्ष को बैरंग वापस होना पड़ा।

रविवार को शाम कस्बे के अतर्रा मार्ग में मौजूद कान्हा मैरिज हाल में रिटायर्ड दरोगा अपने बेटे की बारात लेकर गए। दुल्हन के दरवाजे पहुंचे सभी बारातियों का स्वागत सम्मान हुआ इसके बाद द्वार चार की रस्म हुई।द्वारा चार का कार्यक्रम होने के बाद जब दुल्हा जयमाल डलवाने के लिए पहुंचा तो दुल्हन काफी देर तक जयमाला लेकर नहीं निकली। बारातियों में सुगबुगाहट होने लगी।लड़के पक्ष के लोगों माजरा समझने के लिए लड़की से बात कर जानकारी ली तो कारण न बता सिर्फ वह शादी से इंकार कर दूल्हे पक्ष की सभी बातें सिरे से खारिज करती रही।लड़की ने शादी कराने से मना कर दिया।दुल्हन के शादी से अचानक इंकार करने पर दोनों पक्ष सख्ते में आ गए।पूरी रात गेस्ट हाउस में पंच पंचायत का दौर जारी रहा।सभी ने दुल्हन को मनाए जाने की कोशिश की लेकिन दुल्हन स्पष्ट तौर पर शादी करवाने से इनकार करती रही। मिली जानकारी के अनुसार

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खरौंच गांव निवासी रामजीवावन करवरिया की पुत्री प्रिया की शादी कस्बे के कालिंजर मार्ग निवासी उत्तर प्रदेश पुलिस के रिटायर्ड दरोगा रमेश चंद्र त्रिपाठी के पुत्र नितेश त्रिपाठी से हो रही थी। रविवार की शाम कस्बे के कान्हा मैरिज हाल में वर पक्ष और कन्या पक्ष के लोग एकत्र हुए।सब कुछ ठीक ठाक रूप से सभी कार्यक्रम रीति रिवाज के अनुसार चल रहे थे अचानक लड़की के द्वारा लड़के को जयमाला न डालने और शादी से इंकार करने के कारण अचानक शादी चर्चा का विषय बन गई।फिर भी लड़का पक्ष लड़की को मनाने में जुट गया।इस संदर्भ में जब दोनों पक्षों से बात की गई तो कारण नहीं बतलाया।लेकिन सुबह चार बजे दुल्हा और अन्य बराती अपने घर चले गए।दूल्हे के पिता रमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि लड़की की मानसिक स्थिति ठीक न होने चलते बरात वापस लौट आई।

## मंगल मिलन आज

**इटावा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग आज मंगलवार 13 मई को शाम 6 बजे से करनपुरा स्थित आनन्द मंदिर पर श्रीराम अवतार सविता के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार 30 अवैध हथियार उपकरण बरामद



फोटो परिचय-अवैध शस्त्र फैक्ट्री कपड़े जाने की जानकारी देते आरती सिंह पीछे मुंह बांधे खड़ा आरोपी साथ में पुलिस एवं एसओ जी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ पुलिस को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। एसओजी सर्विलांस टीम और थाना कम्पिल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुए 30 अवैध हथियार अर्धनिर्मित शस्त्र और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जबकि उसका एक साथी फरार हो गया है

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी आरती सिंह ने बताया कि

थाना कम्पिल पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अन्तराम यादव पुत्र विजय सिंह ;उम्र 50 वर्षद्ध हैए जो जनपद कासगंज के थाना सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्र के ग्राम राजेपुर कुर्रा का निवासी है। उसके कब्जे से पुलिस ने 18 देशी तमंचा 315 बोरए 3 तमंचा 12 बोर 3 तमंचा ण32 बोर 6 अर्धनिर्मित तमंचे सहित कुल 30 अवैध शस्त्र साथ ही शस्त्र बनाने के उपकरण स्प्रिंग पाइप ड्रिल मशीन हथौड़ा छैनी छैनी काटने की मशीन आदि बरामद किए हैं।

पूछताछ के दौरान अन्तराम ने बताया कि वह और उसका साथी रामपाल शर्मा पुत्र कल्याण सिंह निवासी दहारपुरए थाना दातागंज जनपद बदायूंए मिलकर जगह बदल.बदलकर.बेचते अवैध तमंचे बनाते थे। उसने स्वीकार किया कि बेरोजगारी के चलते वे यह गैरकानूनी कार्य कर रहे थे और शस्त्रों को अलग.अलग कीमतों पर बेचते थे। गिरफ्तार अभियुक्त ने माफी मांगते हुए बताया कि वे रेत के टीले के पास गड्ढे में अस्थायी फैक्ट्री बनाकर हथियार तैयार कर रहे थेए तभी पुलिस ने पकड़ लिया।फरार अभियुक्त रामपाल शर्मा की तलाश की जा रही है। पुलिस ने अन्तराम यादव के विरुद्ध मुण्अण्सण् 74ध्2025 धारा 3ध्5ध्25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट 6 लोग घायल

**फर्रुखाबाद।कमालगंज ।** थाना क्षेत्र के गांव गांधीनगर भटपुरा में बीती 11 मई को शाम लगभग 6 बजे दो पक्ष में मारपीट हो गई जिसमें 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए पुलिस ने खेत के मालिक की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया

गांव भटपुरा निवासी धनीराम पुत्र स्वर्गीय गणेश ने थाना पुलिस को सूचना दी कि उसका गांव के महेश तथा लाखन पुत्र गणेश स्वर्गीय सोबरन सिंह से 8 बीघा भूमि को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा था बीते माह धनीराम मुकदमा जीत गए और 8 बीघा खेत का मालिकाना हक कोर्ट ने धनीराम को दे दिया विवादित खेत में धनीराम की गेहूं की फसल खड़ी थी कोर्ट का आदेश होने के बाद कल शाम धनीराम अपने परिजनों के साथ गेहूं की फसल काटने गया तो मौके पर लाखन महेश अपने 6.7 परिजनो के साथ आ गए चार बीघा फसल काटने से रोकने लगे जिसको लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज मारपीट हुई जिसमें धनीराम व उनके पुत्र राहुल दीपू और पुत्रवधू पप्पी के गंभीर चोटे आई दूसरे पक्ष से महेश तथा लाखन के भी चोटे आई पुलिस ने धनीराम की तहरीर पर महेश लाखन सुधीश पुत्र महेश संजू पुत्र बृजनंदन काजल पुत्री प्रवीण पार्वती पुत्री सुधीश बेवी पत्नी प्रवीण देवकी पत्नी सुदेश प्रवीण पुत्र लाखन सहित 9 लोगों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया और सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में भर्ती कराया गया है

## दिल्ली मार्ग पर डबल डेकर बस भर रही है फर्राटे बस स्टॉप पर बसों का जाम जो परमानेंट खड़ी रहती है

**छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बस स्टॉप अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत से अपने दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है ।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम छिबरामऊ बस स्टॉप पर डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ी परमानेंट स्थाई सदस्य के रूप में बस स्टॉप पर तैनात रहती है जबकि छिबरामऊ दिल्ली मार्ग पर प्राइवेट गाड़ियां फर्राटे भर रही है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शहर के निवासियों को सुविधा के लिए बेसन की संख्या में इजाफा किया गया था लेकिन अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत होने के कारण डेढ़ दर्जन बसें बस स्टॉप पर स्थाई सदस्य के रूप में 24 घंटे बनी रहती हैं पूर्वी बाईपास पर डबल ट्रैकर बस दर्जनों की संख्या में संचालित हो रही है इससे ऐसा प्रतीक होता है कि प्रमाण निगम हुआ प्राइवेट बस संचालक के बीच कोई सौदा हुई है जिसके चलते बस स्टॉप पर गाड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है रोड से हटा ली गई है।

## कन्नौज के क़ाज़ी को मुबारकबाद, जमात रज़ा ए मुस्तफा छिबरामऊ

**छिबरामऊ कन्नौज ।** बरेली मरकज के क़ाज़ी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रज़ा साहब ने उर्स ए ताजुश्शरिया के मौके पर बिलग्राम खानदान के सय्यद अनस मिया वास्ती को कन्नौज का क़ाज़ी ए शहर नियुक्त किया। जिसके बाद मुल्क भर के उलमाए अहले सुन्नत ने सय्यद साहब को मुबारकबाद पेश की। उसी बीच आलाहजरत की तंजीम जमात रज़ा ए मुस्तफा ब्रांच छिबरामऊ ने भी सय्यद अनस मियां साहब को मुबारकबाद पेश की। इसके अलावा सौरिखएगुरसहायगंजए डुंडबाए कन्नौज व आसपास के इलाकों से सभी ने उनका सम्मान व समर्थन किया। हज़रत अनस मिया फ़तहे बिलग्राम मिशन की जानिब से बेसहारा और विधवा लोगों की हर महीने मदद करते हैए गरीबों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन करते हैं नौजवानो को बेहयाई बुरी बातों से रोकते है आप खिदमते खल्क में बखूबी कमाल रखते हैं। इस दौरान मुजफ्फर हुसैन अज़हरीए महफूज़ रज़ाए हाफिज़ फैजान रज़ाए फहीम रज़ाए मुकीमए मौलाना शाहिदए महमूद मंसूरीए क़ासिम अंसारीए फैसल ख़ानए इदरीस रज़ा इत्यादि जमात के सदस्यों ने इस्तकबाल किया।

## मेड़ काटने को लेकर विवाद

**बकेवरए इटावा।** ग्राम मतिरामपुर के रहने वाले संजय कुमार ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह घर के सामने बैठा था कि उसी समय पड़ोस के ही आदेश कुमार ट्रैक्टर से खेत की मेड़ काटने लगे और वह खेत पर जाकर मेड़ काटने का विरोध करने लगा कि उसी समय आदेश के समर्थक शोर सुनकर हाथो में लाठी डंडे लेकर खेत पर आकर गाली.गलौज करते हुए मारपीट करने लगे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया युवक की चीख पुकार सुनकर गांव के तमाम लोग मौके पर आ गये हमलावर गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गये पुलिस ने घायल संजय कुमार के शिकायती पत्र पर आदेश कुमारएमान सिंह के साथ साथ टेनी दो व्यक्ति अज्ञात निवासीगण ग्राम मतिरामपुर थाना बकेवर इटावा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शरू की।

# सौरिख तिराहा से लेकर मोहल्ला भैंनपुरा में स्थित तथागत गौतम बुद्ध विहार तक धम्म यात्रा निकाली

**छिबरामऊ कन्नौज।** पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय शाक्य महासभा इकाई कन्नौज ने बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ छिबरामऊ में सौरिख तिराहा से लेकर मोहल्ला भैंनपुरा में स्थित तथागत गौतम बुद्ध विहार तक धम्म यात्रा निकाली ।




धम्म.यात्रा में महासभा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार शाक्यए प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शाक्य एडवोकेटए प्रदेश सचिव गौरव शाक्यए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित शाक्यए जिलाध्यक्ष हरिशरण शाक्य एडवोकेट महासचिव राजेश कुमार शाक्य एडवोकेट कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह शाक्य उर्फ राजू शाक्य मीडिया प्रभारी अमित शाक्य सभासदए सतेन्द्र शाक्य सभासदए रामबरन शाक्यए सूबेदार शाक्यए अजयपाल शाक्यए सुनील शाक्य कन्हैया शर्माए आदित्य भास्कर शाक्य विजय शाक्य एडवोकेट एवं महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए शशि शाक्य मनोरमा शाक्य सुधा शाक्यए अनुभा शाक्य बेबी शाक्यए हेमा शाक्य ए कामिनी शाक्यए पूजा शाक्यए पूनम शाक्य सभासद मिथलेश पाल मंजू शाक्य तनु शाक्य सुजाताए नगीना आदि महिलाए धम्म यात्रा में शामिल हुई। इकाई कन्नौज के जिलाध्यक्ष हरिशरण शाक्य एडवोकेट ने तथागत बुद्ध विहार पर धम्म यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बुद्ध वंदना एवं पंचशील पाठ दीपक शाक्य के द्वारा की गई । इसके बाद महासभा के प्रदेश कोर्डिनेटर कुलदीप कुमार शाक्य ने कहा तथागत बुद्ध का जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व लुम्बिनीए नेपाल में हुआ था। उनके पिता का नाम शुद्धोधन और माता का नाम मायादेवी था। उनका असली नाम सिद्धार्थ गौतम था।सिद्धार्थ गौतम का जन्म और पालन.पोषण एक राजकुमार के रूप में हुआ था। उन्होंने 29 वर्ष की आयु में घर छोड़ दिया और आत्म.ज्ञान की खोज में निकल पड़े। उन्होंने कई वर्षों तक कठोर तपस्या की और बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान करते हुए बुद्धत्व प्राप्त किया। उन्होंने अपने ज्ञान और दर्शन को लोगों के साथ बांटा और बौद्ध धर्म की स्थापना की।बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं ने दुनिया भर में लोगों को प्रभावित किया है और बौद्ध धर्म एक प्रमुख विश्व धर्म बन गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शाक्य ने कहा बुद्ध पूर्णिमा वैशाख महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है और यह दिन बुद्ध के जीवन में तीन महत्वपूर्ण घटनाओं का स्मरण कराती हैरू उनका जन्मए ज्ञान प्राप्ति और परिनिर्वाण ;मृत्युद्ध। भारत.पाकिस्तान के बीच हो रहे युद्ध में शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया और तथागत बुद्ध से प्रार्थना की गई कि शहीदों के परिवार को इस आकस्मिक कष्ट सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें ।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष.मा0 ब्रजेन्द्र शाक्य उर्फ ब्रजेश शाक्य एडवोकेटए उपाध्यक्ष राहुल शाक्य युवराज शाक्यए ओमकार शाक्यए अमित शाक्य समाजसेवीए अजय कुमार शाक्य एडवोकेटए ब्रजपाल शाक्य;नेता जीद्धए सतीश शाक्यए शिवराम शाक्यए प्रदीप शाक्यए रवि शाक्यए मनोज कुमार सिंह एडवोकेटए अखिलेश कुमार सविता एडवोकेटए अनिल शाक्यए शिवम पालए हरवंश किशोर उर्फ दीपक शाक्यए कार्तिक शाक्यए अभिनव शाक्यए मुकेश शाक्यए आँशु शाक्यए रवि शाक्यए अनुज शाक्यए शिवकुमार शाक्यए अनिल शाक्य सौरभ शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध की प्रतिमा की समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर पुष्परित किए गए



**छिबरामऊ कन्नौज** क्षेत्र के ग्राम बडेपुर स्थित गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार में 2559 वीं बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुद्ध पूजा वंदना की गई सर्वप्रथम भगवान बुद्ध की प्रतिमा की समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर पुष्परित किए गए।

इसके बाद पूज्य भंते आनंद सागर डॉक्टर बौद्ध भिक्षु सील रत्न द्वारा त्रिशरण पंचशील दिया देकर पूजा वंदना की गई।इस अवसर पर तीर्थराज बौद्ध ने कहा की आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है आज के दिन भगवान बुद्ध ने सिद्धार्थ के रूप लुंबिनी नेपाल में जन्म लिया था और आज के ही दिन बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे बैठकर ज्ञान प्राप्त किया था और आज के ही दिन कुशीनगर में महापरिनिर्वाण किया था यह त्योहार बौद्धों का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस त्यौहार को इसीलिए हम त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा बैसाखी पूर्णिमा कहते हैं। इसके बाद सभी को 2569 वीं बुद्ध पूर्णिमा की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। तीर्थराज बौद्ध ने बड़े स्तर पर 19 मई को बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव एवं सद्भावना मैत्री मेला एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन है जिसमें सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए भी कहा है। इस अवसर पर श्री कृष्णा शाक्य पूर्व प्रधानाध्यापक संतोष प्रिया बौद्ध डॉ मनोज कुमार श्री सतीश चंद्र रामचरन महेंद्र सिंह योगेंद्र सिंह बंटू रामचंद्र इंद्रजीत महेश चंद्र मुंशीलाल शाक्य रघुनंदन सिंह श्रीमती शांति देवी रामचरन बौद्ध रामवीर शाक्य ओमपाल शाक्य यस सिंह अवनीश कुमार कप्तान सिंह जितेंद्र कुमार सोनू कुशलेश नीवलेश जितेंद्र कुमार सुरेश चंद आदि लोग मौजूद रहे।

# दोस्त को बचाने गंगा में कूदे डी.फार्मा छात्र समेत दो की डूबकर मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** बैसाखी पूर्णिमा के पावन पर पांचालघाट गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें डी.फार्मा छात्र अभिषेक कटियार और 8 वर्षीय बच्चे आशिक की डूबने से मौत हो गई। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के निवासी अभिषेक कटियार अपने चार दोस्तों के साथ गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचा था। स्नान के दौरान उसका दोस्त श्लोक गहरे पानी में डूबने लगा। श्लोक को बचाने के लिए अभिषेक ने बिना हिचकिचाए खुद को गंगा में छलांग लगा दी । नाविकों ने श्लोक को तो बचा लिया लेकिन अभिषेक डूब गया।

इसी दौरान अमेठी से आए 8 वर्षीय आशिक की भी गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला? गया

अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया। अभिषेक के परिजन शव लेकर बिना



किसी पुलिस कार्रवाई के घर लौट गए। यह हादसा थाना कादरीगेट क्षेत्र के पांचालघाट पर हुआ। हादसे के बाद घाट पर भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल गमगीन हो गया।

## सपा जिला उपाध्यक्ष सौरव कटियार पर जानलेवा हमला



-पांच नामजद सात अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।**समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं इंडियन गैस के वितरक सौरव कटियार पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें उनकी गाड़ी चकनाचूर हो गई और उन्हें भी चोटे आई हैं इस मामले में थाना जहानगंज में जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह कटियार उर्फ़रिंकू निर्दोष कटियार उर्फ लालू जिला पंचायत सदस्य आदित्य राठौर उर्फ ए के गोलू मिश्रा टिंकू भदौरिया सात अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

सौरभ कटियार ने बताया कि वह एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे जहां भाजपा से जिला पंचायत सदस्य आदित्य राठौर एवं भाजपा समर्थित अपना दल ;एसद्ध के जिला अध्यक्ष रिंकू कटियार ने उन्हें एक स्थान पर बुलाकर उन पर कई साथियों के साथ हमला कर दिया।

हमले के दौरान उनकी गाड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया उन्होंने किसी तरह बच कर समीप स्थित थाने में घुसकर अपनी जान बचाई

श्री कटियार ने इस हमले को भाजपा की संकीर्ण मानसिकता और दलित.पिछड़े वर्गों के प्रति दुर्भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ खास वर्ग अब कुर्मी समाज को निशाना बनाने से नहीं चूक रहा है। इस संबंध में थाना जहानगंज में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है जिसमें इन लोगों पर रंगदारी मांगने तथा न देने पर जान से मारने के के लिए हमला किया गया है श्री कटियार ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराने की बात कही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है साथ ही उन पर दोबारा हमला होने की आशंका जताई है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रद्धांजलि देने गांव पहुंचे

इटावा। जिले के चकरनगर तहसील ग्राम प्रेमपुर में शहीद सूरज सिंह यादव के निवास पर पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने भावपूर्वक श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस अवसर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षितए शहर अध्यक्ष मोण् राशिदए पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादवए पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादवए पूर्व शहर अध्यक्षए प्रशांत तिवारीए कोमल सिंह कुशवाहाए प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदीए सतीश नागरए ब्लॉक अध्यक्ष मनोज दीक्षितए ब्लॉक अध्यक्ष मेहरबान सिंहए चकरनगर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार परिहारए संजय तिवारीए सुभाष गुप्ताए कुसुमलता उपाध्यायए अरशद अलीए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवीए अंशुल यादवए सचिन शंखवारए अंसार अहमदए आसिफ ज़ादरानए धीरेंद्र अवस्थीए प्रदीप द्विवेदीए तुलसीदास शुक्लाए करन सिंह राजपूतए आसाराम कठेरियाए ऋषभ शुक्लाए शिखर पांडेयए बृजपाल चौहानए मुकेश यादवए बंटू शर्माए अंशु चौधरीए अभिषेक शर्माए ब्रजेश मिश्रए अन्नू दीक्षित आदि के साथ औरैयाए फिरोजाबादए एटाए मैनपुरी आदि जनपदों से जिलाअध्यक्ष व उनके पदाधिकारी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मां अपने बच्चों को हर मुश्किल से बचाती है. साजिद

**इटावा।** आल इंडिया जमीअत उर राईन के युवा जिलाध्यक्ष व समाजसेवी साजिद अली राईन अशरफी ने मदर्स डे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मांए वह शख्सियत हैं जो अपने बच्चों को हर मुश्किल से बचाती हैंए उनके हर दर्द को चुपचाप सह लेती हैं और हमेशा एक मजबूत सहारे की तरह उनके साथ खड़ी रहती हैं। उनके आंचल की छांव में हर बच्चा सुरक्षित महसूस करता है। मदर्स डे एक ऐसा खास दिन है जब हम अपनी इस ममतामयी मां के प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त करते हैं। तो इस मदर्स डेए क्यों न कुछ खूबसूरत संदेशों के जरिए अपनी प्यारी मां को यह एहसास दिलाया जाए कि वे हमारे लिए कितनी अनमोल हैं और उनके त्याग व प्यार का हिसाब हम कभी नहीं कर सकते हैं। आइएए ऐसे ही कुछ भावपूर्ण संदेशों पर एक नजर डालते हैं। मां का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। तेरी एक हंसी सेए खिल उठती है दुनिया मेरीए तेरी एक डांट में भीए छुपी होती है ममता गहरी। हैप्पी मदर्स डेए ओ मां तू है सबसे न्यारीए जीवन के हर मोड़ परए तू ही है मेरी प्यारी। मां की दुआओं में है इतनी असरए जो हर मुश्किल को कर दे बेअसर। मदर्स डे पर करूं क्या बयांए तू ही तो है मेरी दुनिया का हर सफर।

## बरसात से चलाया नाला सफाई अभियान

**इटावा।** नगर पालिका स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर आलोक दीक्षित ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता के निर्देशन में नगर पालिका क्षेत्र के सभी नालों में युद्ध स्तर पर व्यापार सफाई अभियान चलाया जा रहा हैए नगर पालिका क्षेत्र के सभी चालीस वार्डों में नालों की सफाई के साथ साथ मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा दवाई का भी छिड़काव किया जा रहा हैए अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने नगर वासियों से अपील की है कि प्लास्टिकए पालीथीन का उपयोग न करेंए नाली नालियों में सबसे ज्यादा इन्हीं से अवरोध उत्पन्न होता है जो जलभराव का कारण बनते हैंए। नगर पालिका कर्मचारीए अधिकारियों की देखरेख में पूरी तन्मयता से कार्य कर रहे हैं कृपया उनका मनोबल तोड़ने का काम न करेंए आपके द्वारा फैलाया का कूड़ा जिसे आप छूना भी नहीं चाहते आप जैसा ही एक व्यक्ति साफकरता हैए नगरवासियों से आग्रह है कि अपनी भी नागरिक जिम्मेदारी को समझेंए कूड़ा पालिका द्वारा निर्धारित किए गए स्थानों पर ही डालें तथाए हर मुहल्ले में कूड़ा गाड़ी आती है सीटी बजाती कूड़ा उसी में डालेंए नगर पालिका को सुन्दर और स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

# 15 मई तक मंडल कमेटियां घोषित हो जाएंगी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद** ।सोमवार को पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं पर्यवेक्षक क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी के दो दिवसीय प्रवास के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने 15 मंडलों के अध्यक्षों के साथ मिलकर नव गठित कमेटियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

जिला पर्यवेक्षक व क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने बताया संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी 18 मंडलों में 15 मंडलों के अध्यक्षों को घोषित किया गया था इन मंडलों में कमेटियों का गठन होना है जिसके लिए क्षेत्रीय नेतृत्व ने पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं

उन्होंने बताया कि यह पार्टी किसी व्यक्ति और परिवार विशेष की नहीं है इसलिए इसके गठन में हर वर्ग के कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए जाते हैं

भाजपा का संगठनात्मक विस्तार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा

नवगठित कमेटी में सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं को उचित स्थान देने पर विचार किया गया है ।

पार्टी ने तय किया है की पूरी कमेटी में महिलाओं एवं अनुसूचित वर्ग के लोगों को उचित स्थान दिया जाएगा ऐसे कार्यकर्ताओं के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य नहीं है लेकिन वह पार्टी के लिए समर्पित होना चाहिए।

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया मजबूत संगठन ही पार्टी की नींव होती है भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो कार्यकर्ता आधारित है। संगठन का निर्माण आपसी तालमेल और विचार विमर्श से किया जा रहा है। नवगठित कमेटी में किसी भी कार्यकर्ता पर कोई आपत्ति जताता है ऐसे मामले को प्रांतीय नेतृत्व को अवगत कराकर उस पर निर्णय होगा।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कि नवगठित कमेटी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जा रहा है महिलाओं को उचित स्थान दिया जाएगा 15 मई तक सभी मंडलों में घोषित हो जाएगी।

बैठक में डीएस राठौर अमरदीप दीक्षित रश्मि दुबे धर्मेंद्र राजपूत अभिषेक बाथम जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।

# बौद्ध अनुयायियों ने शोभायात्रा निकाल स्तूप के पास बुद्ध वंदना की

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** संकिसा बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को प्रातः साढ़े सात बजे धम्मा लोको बुद्ध विहार से शोभायात्रा एक झांकी के साथ बौद्ध स्तूप के लिए हरी झंडी दिखाकर डॉक्टर धम्मपाल थैरो ने रवाना किया ने

आधा घंटे बाद झांकी बौद्ध स्तूप पर पहुंची यहां पर सभी बौद्ध उपासकों ने स्तूप के तीन चक्कर लगाए तथा अगरबत्ती एवं मोमबत्ती जलाकर परित्राण पाठथैरो किया इसके बाद सभी बौद्ध उपासकों ने बुद्ध वंदना का पाठ पाली भाषा में किया

इस अवसर पर डॉक्टर धम्मपाल ने कहा कि हम इस स्तूप पर इसलिए नहीं चढ़ते हैं कि इस पर हमारे भगवान बुद्ध की अस्थियां रखी हुई है जिससे स्तूप पर जाने से उनका अपमान होगा ब्रह्मा तथा इंद्र के साथ भगवान बुद्ध सोने की सीढ़ी पर इन्हीं लोगों के बीच में बैठकर स्तूप पर आए थे जिन्होंने अपनी मौसी विषारी देवी को उपदेश दिए थे



# 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सियासी मोर्चे पर सत्तापक्ष आक्रामक

## भ्रम फैला रहे विरोधियों को मुकम्मल जवाब देने और आम लोगों को हकीकत के बारे में जागरूक करने की तैयारी

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किए जाने के जवाब में आतंकवाद की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिला देने के संकल्प के साथ बीती 07 मई को भारत द्वारा पाकिस्तान में मौजूद आतंक के बड़े चिन्हित अड्डों को जमींदोज करने और सैकड़ों खूंखार आतंकियों को एक ही झटके में मौत के घाट उतार देने वाले 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को लेकर सीमा पार से ही नहीं बल्कि भारत के भीतर से भी फैलाए जा रहे भ्रम और उठाए जा रहे सवालों का आक्रामकता से जवाब देने के लिए अब सत्तापक्ष ने पूरी तरह कमर कस ली है। इसके तहत सत्तारूढ़ भाजपा ने जहां एक ओर बकायदा राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरण अभियान चलाकर विरोधियों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और निराशा का वातावरण बनाने के प्रयासों को नाकाम करने




की योजना बनाई है वहीं दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई को जनता तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के नाम संदेश में जो बातें कही गई हैं उसे आम लोगों को विस्तार से बताने और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में भारतीय सैन्य बलों को मिली जबर्दस्त व ऐतिहासिक कामयाबी के लिए देश को गर्व का एहसास कराने के मकसद से आरंभ किए जा रहे इस जनजागरूकता अभियान में ना सिर्फजमीनी स्तर पर बल्कि आभासी यानी सोशल मीडिया पर भी सत्ता पक्ष की ओर से पूरी मजबूती के साथ लोगों को पूरी हकीकत बताई जाएगी और इसमें पार्टी के तमाम वरिष्ठ कनिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं से लेकर केन्द्र व राज्य के ओहदेदारों को जमीन पर उतार कर व्यापक स्तर पर जनसंपर्क में लगाया जाएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने भाजपा के भीतर 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बन रही आक्रामक सियासी कार्ययोजना की ओर से संकेत करते हुए बेलाग लहजे में कहा है कि 'हम हर गांव, हर शहर तक पहुंचेंगे और बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ता का प्रतीक है।' पार्टी ने सोशल मीडिया, प्रेस कॉन्फ्रेंस और जनसभाओं के जरिए इस अभियान को गति देने का फैसला किया है। सरहद के उस पार जाकर आतंकवाद की जड़ों पर करारा प्रहार किए जाने को बीते पचास वर्षों में भारत की ओर से की गई पहली और निर्णायक कार्रवाई करार देते हुए संबित ने कहा कि पहले भारत आतंकवाद के खिलाफ डोजियर के जरिए सबूत पेश करता था, लेकिन अब नया भारत निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। संबित ने इस कार्रवाई को सौ फीसदी सफल करार देते हुए बताया कि आतंकवादियों का बचाव करने के लिए आक्रामक रूख अपनाने वाले पाकिस्तान की 20 फीसदी से भी ज्यादा सैन्य ताकत को तबाह कर दिया गया है। इन हकीकतों के बारे में देश को विस्तार से बताने के लिए छेड़े जाने वाले अभियान को लेकर प्राप्त जानकारी के मुताबिक इसमें ना सिर्फ सहयोगी दलों को अपने साथ जोड़ कर मैदान में उतरा जाएगा बल्कि समान विचारधारा वाले गैरराजनीतिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा ताकि सैन्य पराक्रम के बारे में अधिक से अधिक लोगों को मुकम्मल जानकारी दी जा सके। इसके लिए आगामी दिनों में कई चरणों में जागरूकता अभियान चलाया जाना है जिसके तहत पार्टी के तमाम बड़े नेताओं को मैदान में उतारा जाएगा।

# मण्डलायुक्त ने की आयुक्त कार्यालय में अशोक स्तंभ की स्थापना




**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय में अशोक स्तंभ की स्थापना की गई। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि अशोक स्तंभ हम लोगों का बहुत ही पुराने समय से इसकी मान्यता चली आ रही है और मेरे कार्यालय में आज इसे स्थापित किया गया है जिसका आज अनावरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अशोक स्तंभ शक्ति, साहस और गरिमा का प्रतीक है, जो लोगों को प्रेरित करता है और उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करता है। मण्डलायुक्त ने कहा कि इसमें मुख्य रूप से सत्यमेव जयते रहता है। उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य की विजय होती है इस आदर्श को स्थापित करने के लिए लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए कि जब कोई भी द्वार से प्रवेश करेगा और उसका ध्यान जाएगा तो वह अपने कार्यों के प्रति और ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से अपने कार्यों को संपादित करेगा आज इसी उद्देश्य को लेकर अशोक स्तंभ की स्थापना की गई है। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, अपर आयुक्त न्यायिक आशीष कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंता मिर्जापुर क्षेत्र लोक निर्माण विभाग इंजीनियर राम स्वारूप, अधीक्षण अभियंता मिर्जापुर वित्त लोक निर्माण विभाग देवेन्द्र कुमार सिंह, नाजिर मनोज कुमार सहित आयुक्त कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## निःशुल्क विद्युत चालित चाक से लाभान्वित होने के लिए करें, ऑनलाइन आवेदन

**बलिया।** बताया जाता है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित 'माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम' के अन्तर्गत 'माटीकला टूल-किट्स वितरण रोजगार योजना' के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 35 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुडे कुम्हार जाति के व्यक्तियो को माटीकला से सम्बन्धित परम्परागत/प्रशिक्षित कारीगरों को विद्युत चालित चाक (पाटरी व्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, वे अपना आवेदन पत्र upmatikalaboard.in पर जाकर ऑनलाईन कर सकते है। आनलाईन करने की अन्तिम तिथि 31मई,2025 निर्धारित किया गया है। आवदेन करते समय फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति अपलोड करना आवश्यक है। ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त आवेदन की मूल प्रति, अपलोड किये गये दस्तावेज के साथ संलग्न कर दिनांक 05 जून 2025 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय/उ0प्र0 माटीकला बोर्ड रामपुर उदयभान बलिया में किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में जमा करना आवश्यक है।

# गड़बड़ा धाम में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मां शीतला देवी के जयकारे लगाए

**हलिया(मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ाधाम में वैशाख मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा एवं पर्व वैशाख सत्यनारायण व्रत व वैशाख पूर्णिया होने के कारण सोमवार को श्रद्धालु उमड़ पड़े। हजारों श्रद्धालुओं ने मां शीतला देवी का दर्शन पूजन कर मन्नते मांगी। मंगल आरती के बाद कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने मां शीतला देवी के चरणों में मत्था टेका। सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने सेवटी नदी में आस्था की डुबकी लगाकर माला-फूल, नारियल, चुनरी, पूड़ी लपसी, मिष्ठान और लुटिया में जल के साथ मां शीतला का दर्शन पूजन को पहुंचे। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद परिवार की मंगल कामना के लिए मन्नतें मांगी। जिले के अलावा सोनभद्र तथा मध्यप्रदेश के रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली जनपद से काफी संख्या में लोग गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला देवी के दर्शन पूजन के लिए भक्त पहुंचे थे। दर्शन पूजन के बाद महिलाओं ने घरेलू सामानों के साथ श्रृंगार के सामान की जमकर खरीदारी की। वही बच्चों ने अपने लिए खिलौने आदि लिए। मंदिर परिसर में गंदगी का अंबार लगा रहा। मंदिर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था न होने कारण श्रद्धालु पानी के लिए तरसते रहे, लेकिन इन सब परेशानियों पर भक्तों की आस्था भारी दिखी। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला सीसीटीवी कैमरे से श्रद्धालुओं की निगरानी करते रहे। मंदिर पुजारी रामाश्रय मिश्रा व मंगल धारी मिश्रा ने बताया कि माता के चरणों में मत्था टेक दर्शन पूजन किया।

# सत्कर्म करने के लिए प्रेरित करती है श्रीमद्भागवत कथा : बद्रीश महराज

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के कठारी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास भागवताचार्य बद्रीश जी महराज ने भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराया। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से से मनुष्य पाप और संताप से मुक्त होकर भगवान के परमधाम को प्राप्त होता है। भागवत कथा मनुष्य को सत्कर्मों के लिए प्रेरित करती है और सन्मार्ग पर चलना सिखाती है। कथावाचक ने कहा कि भगवान कभी संतों और भक्तों से दूर नहीं होते हैं।भक्तों के निस्वार्थ प्रेम से वशीभूत होकर भगवान हमेशा उनकी रक्षा के लिए दौड़े चले आते हैं।कथा व्यास ने सनत कुमार नारद मिलन, नारदव्यास संवाद, राजा परीक्षित द्वारा कलि निग्रह,धुन्धकारी आदि की कथाओं का भक्तों को रसपान कराया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से सांसारिक बंधनों से मुक्ति मिल जाती है।कहा कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत की कथा सुनाई थी। कथा श्रवण करने से राजा परीक्षित के मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया। इस दौरान कथा आयोजक मणि प्रसाद मिश्र, मालती मिश्र, सुधा जायसवाल, पंडित शिव शंकर द्विवेदी, अशोक मिश्र,शंकर सिंह,विजय बहादुर सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,भगवान प्रसाद द्विवेदी, राकेश तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार तीन घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र देवरी दक्षिण गांव के पानी टंकी के पास सोमवार की सुबह बाइक सवार ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से तीनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के पटेहरा गांव निवासी 35 वर्षीय भाई लाल, 25 वर्षीय सुनील व 4 वर्षीय ऋतिक के साथ बाइक से निमंत्रण से वापस लौट रहे थे की जैसे ही देवरी दक्षिण गांव के पानी टंकी के पास पहुँचे की बाइक सवार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी मिथिलेश व पायलट दिलीप यादव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

## मुठभेड़ में पुलिस ने दो अंतर जनपदीय चेन स्नेचर गिरफ्तार किया

**मीरजापुर।** चेतगंज के सेमरा गांव में चील्ह पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में दो चेन स्नेचरों को गिरफ्तार किया। चेन स्नेचर प्रिंस तिवारी घायल हो गया और एक पुलिस आरक्षी भी घायल हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों चेन स्नेचर प्रिंस तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासी जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही के पैर में गोली लगने से घायल है। वहींएक पुलिस का आरक्षी भी घायल हुआ है। घायल चेन स्नेचर प्रिंस सहित अभियुक्त पीयूष पांडेय पुत्र कल्याण पांडेय निवासीभवानीपुर डेरवा थाना गोपीगंज जनपद भदोही को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा हैकि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त अंतर्जनपदीय लूटेरा चैन स्नेचर हैं। दोनों पर कई मुकदमे भदोही, मिर्जापुर में पंजीकृत हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को मंडलीय चिकित्सालय मेंभर्ती कराया है। पुलिस नेअभियुक्तों के पास से सोनेका दो लॉकेट,चेन, दो देशी तमंचा और एक बिना नबंर प्लेट की बाइक बरामद की है।

## बीडीआर फार्मा ने धूमधाम से मनाया नर्स-डे, बताया महत्व

**मीरजापुर।** अंतरराष्ट्रीय नर्स डे के अवसर पर पर बीडीआर फार्मास्युटिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने मलाड स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में नर्सिंग डे पर हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सों के साथ केक काटा। बीडीआर कंपनी के सीनियर मैनेजर दिलीप शुक्ला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नर्स डे दिवस की बात की जाए तो इसका महत्व बेहद खास है। जहां पर अस्पतालों में मरीज का इलाज भले ही डॉक्टर करते हैं, लेकिन उनकी देखभाल की जिम्मेदारी नर्सेस पर होती है। कोरोना महामारी जैसे काल में भगवान के रूप में डॉक्टर और नर्स ही थे जिन्होंने सराहनीय काम किया था। कहते हैं कि, अपनी जान की परवाह किए बिना, अपनों से दूर होकर नर्सों ने महामारी से पीड़ित मरीजों की सेवा की थी।मेडिकल फील्ड में नर्सेस के इस अहमियत पर जोर देने और उनका आभार जताने के लिए इस खास दिन को मनाया जाता है। दुनियाभर की नर्स को समर्पित इस दिन की शुरूआत करने वाली नर्स का नाम फ्लोरेंस नाइटिंगेल है। इनकी याद में हर साल 12 मई को इंटरनेशनल नर्सेस डे मनाया जाता है। कहा जाता है कि, इस दिवस को मनाने की शुरूआत 12 मई 1820 को की गई थी। मशहूर नर्स नाइटिंगल, अपनी जिम्मेदारी नर्स की निभाने के साथ ही एक समाज सुधारक भी थीं। कहा जाता है कि, क्रीमिया युद्ध के दौरान उन्होंने जिस तरह से काम किया था, उसकी सराहना आज तक होती थी। इसलिए उन्हें 'द लेडी विद द लैंप' के नाम से भी जानी जाती हैं। क्योंकि वो रात के अंधेरे में लैंप लेकर घायल सैनिकों का इलाज करने के लिए निकलती थीं। युद्ध के दौरान घायल सैनिकों में इन्फेक्शन बढ़ रहा था,जिससे सैनिकों की मौत हो रही थी। इलाज से हजारों की तादाद में सैनिक फिर से ठीक होने लगे थे।अपने इस सराहनीय काम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने 'नर्सिंग' को महिलाओं के लिए एक नया पेशा बना दिया था। नर्स मौजूदा समय में चिकित्सा जगत की रीढ़ हैं। इस मौके पर बीडीआर कम्पनी के मैनेजर संजय दुबे व संजीवजी हॉस्पिटल की सीनियर नर्स तृप्ति पवार, डेजी जॉन, विद्या, शबाना, गायत्री, मानसी, अक्षदा, प्रगति, दीपिका, रूनाली, वनिता, वैभवी, दर्शना, वंदना आदि उपस्थित रहीं।

## वनवासी बस्ती में विधायक डॉ. आर.के. पटेल ने सादगी से मनाया जन्मदिन

**मड़ियाहूं जौनपुर।** रनापुर स्थित वनवासी बस्ती में अपना दल (एस) अनुसूचित मंच के जिलाध्यक्ष रोहित बनवासी व नीरज बनवासी द्वारा इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सैकड़ों की संख्या में बनवासी समुदाय की महिलाएं, पुरुष और बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए। विधायक डॉ. आर.के. पटेल ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और उपस्थित महिलाओं को साड़ी और मिठाई वितरित की।इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# लापता मंदबुद्धि अधेड़ का मिला शव, सनसनी

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** रामपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर आदमपुर उर्फ रामपुर के चौधरीपुर मजरा में सोमवार को दो दिन से लापता मनबुद्धि व्यक्ति के मृत्य अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने रामपुर पुलिस को सूचना देने के उपरांत एम्बुलेंस कि सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामपुर थाना क्षेत्र के फतहपुर मंडाव निवासी महमूद पुत्र अलियार 50 वर्ष लंबे समय से दिमागी बीमारी से पीड़ित थे जिनका ईलाज जिला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार को अचानक घर से वह गायब होगये। परिजन अभी इधर उधर उनकी तलाश कर रहे थे कि सोमवार को रामपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर आदमपुर उर्फ रामपुर के चौधरीपुर मजरा के समीप वह मृत अवस्था मे पड़े मिले। ग्रामीणों ने रामपुर पुलिस को सूचना देने के उपरांत एम्बुलेंस कि सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामपुर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी रही।

## टेंट में उतरे करंट से किशोर की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के सेचुई बेलभद्र में रविवार को शादी समारोह में लगे टेंट में अचानक बिजली का करेंट उतर गया और उसकी चपेट में आने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे घटना स्थल पर कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सरसेना के फरदुल्लहपुर निवासी किशन पुत्र मनोज कुमार उम्र लगभग 16 वर्ष रविवार को सुबह लगभग 9 बज ग्राम सेचुई बेलभद्र में रामनिवास पुत्र रामधारी यादव के यहाँ शादी समारोह में लगे टेंट में खड़ा था कि अचानक तेज हवा चलने के कारण टेन्ट में लगे लोहे की पाइप से बिजली का तार सट गया और पाइप में करेंट उतर गया। उस करेंट की चपेट में किशन आ गया और करेंट लगने से मौके पर ही वह अचेत हो गया। अचानक घटी इस घटना से मौके पर कोहराम मच गया।उसके बाद इलाज हेतु उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात परिजन शव को लेकर चिरैयाकोट थाना पर आये और मृत किशोर के पिता की तहरीर के अनुसार इत्तेफाकिया हादसा के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## पीयू की छात्रा श्रेया सिंह का यूपीसीएसटी समर इंटर्नशिप में चयन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रतिभावान छात्रा श्रेया सिंह का चयन उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (U.P. C.S.T.) द्वारा आयोजित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के तहत श्रेया को आईआईटी, आईआईएसईआर, सीएसआईआर अथवा देश के अन्य प्रतिष्ठित विज्ञान शोध संस्थानों में कार्य का अवसर प्राप्त होगा। यह चयन श्रेया की वैज्ञानिक प्रतिभा, परिश्रम और अकादमिक



उत्कृष्टता का परिचायक है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर राजेश शर्मा, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने श्रेया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों को भी अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगी। यह सफलता पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पुलिस अधीक्षक ने रीडिंग रूम का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मऊ।** 12 मई को द्रुपुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया गया । यातायात शाखा का भ्रमण कर पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । साथ ही साथ रीडिंग रूम का निरीक्षण किया गया जिसमे उपस्थित बच्चों से वार्ता कर उन्हे किताबे दिए गए तथा किताबों की पूर्ति करने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया । तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पुलिस आवास व चिल्डेन पार्क का भ्रमण कर साफ-सफाई बनाये रखने तथा बेतरतीब खड़े वाहनो को व्यवस्थित ढंग से रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिसबल मौजूद रहे।

## कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में दीप प्रज्ज्वलन

**जौनपुर।** सेवा, समर्पण और संस्कार की त्रिवेणी पर कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग, जौनपुर में एक अत्यंत पावन और प्रेरणादायक आयोजन सम्पन्न हुआ। तहरू व, हरू प्रथम वर्ष के नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा में प्रवेश करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ जीवन भर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह में डॉ. मधु शारदा जी ने विद्यार्थियों को सेवा, करुणा और दया के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान् जिला जज,
कानपुर नगर
सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या
297/2025

सहयोग जन कल्याण समिति, कार्यालय स्थित 117/एच-1/243, माडल टाउन, पाण्डुनगर, कानपुर नगर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि श्री प्रकाश नारायन गुप्ता, पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायन गुप्ता, निवासी 119ए, बी-ब्लाक, पनकी, पंकबहादुर नगर कानपुर नगर....प्रार्थी

बनाम-उत्तर प्रदेश सरकार, द्वारा जिलाधिकारी कानपुर नगर।

जनसामान्य को सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सहयोग जन कल्याण समिति स्थित 117/एच-1/243, माडल टाउन, पाण्डुनगर, कानपुर नगर के अधिकृत प्रतिनिधि प्रकाश नारायन गुप्ता, पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायन गुप्ता, निवासी 119ए, बी-ब्लाक, पनकी पंक बहादुर नगर, कानपुर द्वारा सोसाईटी की सम्पत्ति आराजी संख्या 953/0.0510 हे., 955/0.3690 हे. कुल क्षेत्रफल 0.860 हे., आराजी संख्या 948/0.1950 हे., आराजी संख्या 949/0.1950 हे. कुल क्षेत्रफल 0.390 हे. व आराजी संख्या 935 के क्षेत्रफल 0.1230 हे. भाग में से आधा भाग क्षेत्रफल 0.3895 हे., आराजी संख्या 943 का क्षेत्रफल 0.3480 हे. भाग, आराजी संख्या 944 का क्षेत्रफल 0.1540 हे. भाग, आराजी संख्या 945 का क्षेत्रफल 0.1540 हे. भाग, कुल क्षेत्रफल 0. 3895 हे. तथा आराजी संख्या 933/0.2870 हे. में से क्षेत्रफल 0.081517 हे. भाग, आराजी संख्या 934मि./0.0920 हे. में से क्षेत्रफल 0.025966 हे. भाग कुल क्षेत्रफल 0.151776 हे.. स्थित ग्राम भाँती प्रतापपुर, परगना व तहसील कानपुर सदर, जिला कानपुर नगर को विक्रय किये जाने की अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु उपरोक्त न्यायालय में याचिका दाखिल की गई है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा सुनवाई हेतु नियत तिथि 28.5.2025 को उपरोक्त न्यायालय में 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे। आज दिनांक 9.5.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुंसरिम न्यायालय जिला जज कानपुर नगर।

सी.आर.-294/K-CN



**अदालती सूचना**

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज
(सी.डि.) महोदय उन्नाव
दी. नं. मु. 1152/2024
सुरेन्द्र प्रताप बनाम राजेन्द्र
दावा घोषणात्मक एवं स्थाई
निषेधाज्ञा पेशी 31.05.2025

नाम व पता प्रतिवादी-राजेन्द्र उम्र करीब 56 वर्ष पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम गयाबक्श खेड़ा मज. बारा हरदो परगना भगवन्तनगर तहसील बीघापुर जिला उन्नाव

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश दावा घोषणात्मक के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) उन्नाव

सी.आर.-294/K-CN



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# मिर्जापुर : तीन क्रिमिनल का हाफ एनकाउंटर

**मिर्जापुर।** जिले में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत जिले की पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग अपराधों मेंचार अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। जिसमें से तीन के पैर मेंगोली लगी है। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल मेंभर्ती कराया गया है।घटना अहरौरा थाना क्षेत्र मेंदो गो तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध रोकथाम एवं अपराधियों की धड़पकड़ के तहत सोमवार को मुठभेड़ में 2 गौ तस्करों के पैर मेंगोली लगी। उनके पास से 25 गौवंशऔर दो अवैध तमंचा बरामद किया गया है।पुलिस के मुताबिक सोमवार को अहरौरा थाना क्षेत्र के खोरिया जंगल मोहाल में पुलिस मुठभेड़ में बिहार के रहने वाले अशोक कुमार राजभर व मिर्जापुर के रहने वाले मनोज कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। जिसमें अशोक कुमार राजभर के बाएं पैर में वहीं,मनोज कुमार यादव दहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। मौके सेदोनों अभियुक्त अशोक कुमार राजभर व मनोज कुमार यादव केकब्जेसेगौवंश और दो अदद अवैध हथियार बरामद हुए।दूसरी घटना चील्ह थाना क्षेत्र मेंएक मुठभेड़ मेंचैन स्नैचिंग के अपराध में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस नेबतायाकि थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत टेढ़वा व गोबरहा मेंबाइक सवार अज्ञात 2 बदमाशों द्वारा चौन स्नैचिंग की घटना की गयी थी। उक्त निर्देशके अनुक्रम में थाना चील्ह, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान विवेचना में प्रकाश मेंआए अभियुक्त भदोही के रहने वाले प्रिंस तिवारी व पीयूष पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में अभियुक्त पीयुष पाण्डेय उपरोक्त के पास से 1 अदद अवैध तमंचा और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। अभियुक्त प्रिंस तिवारी उपरोक्त द्वारा गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस टीम कोअतिरिक्त आभूषण की बरामदगी के विषय मेंबताया गया। जिस पर पुलिस ने अभियुक्त को साथ मेंलेकर उसके बताए गए स्थानपर पहुंचे। हालांकि अतिरिक्त आभूषण की बरामदगी की सूचना गलत पायी गई। जहां पर पहलेसेही अभियुक्त द्वारा असलहा छुपा कर रखा गया था और अचानक उसनेपुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। इस दौरान एक आरक्षी घायल हो गये जबकि पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही मेंअभियुक्त प्रिंस तिवारी के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया।


स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# अमेरिका-चीन के बीच पक्की हुई ट्रेड डील

## 115 प्रतिशत तक घटा टैरिफ लेकिन केवल 90 दिनों की ही है डील




**जिनेवा।** अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए गए भारी शुल्कों को कम करने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच दो दिनों तक चली उच्च-सतरीय वार्ता के बाद आज (सोमवार को) जिनेवा में एक संयुक्त बयान जारी किया गया है, जिसके अनुसार, अमेरिका और चीन एक-दूसरे के उत्पादों पर अस्थायी रूप से यानी 90 दिनों के लिए टैरिफ कम करने पर सहमत हो गए हैं। ताकि व्यापार तनाव को कम किया जा सके और दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को आपसी मतभेद सुलझाने के लिए तीन महीने का वक्त मिल सके।

सोमवार को जारी बयान के अनुसार, अधिकांश चीनी आयातों पर अमेरिका ने 145 प्रतिशत टैरिफ को 115 फीसदी घटाकर सिर्फ 30 प्रतिशत तक लाने का अस्थाई फैसला किया है। इसमें फेंटेनाइल से जुड़ी दर भी शामिल है। चीन भी अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए 125 प्रतिशत टैरिफ को 115 फीसदी तक घटाकर अब 10 प्रतिशत तक लाने पर सहमत हुआ है। हालांकि, इस डील में पेच यह है कि यह सिर्फ 90 दिनों के लिए ही है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क दर को घटाकर 30 प्रतिशत करने पर जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है। ग्रीर और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में शुल्क कटौती की घोषणा की। दोनों अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपने व्यापार मुद्दों पर चर्चा जारी रखने की रुपरेखा तैयार की है।

## भारत ने मालदीव को दी 423 करोड़ रुपए की मदद

**माले।** पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत ने एक मुस्लिम देश के लिए अपने खजाने से बड़ी रकम की मदद दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच अब सीजफायर होने के बाद ये मदद सुर्खियों में है। दरअसल, भारत सरकार ने अपने समुद्री पड़ोसी मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 423 करोड़) का ट्रेजरी बिल जारी करके सहायता प्रदान की है। इस मदद के बाद मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने भारत सरकार का आभार जताया है। खलील ने इस समय पर की गई सहायता की सराहना की और कहा कि ये दोनों देशों के बीच गहरी दोस्ती को दर्शाता है। एक्स पर साझा किए गए बयान में, मालदीव में भारत के उच्चायोग ने कहा कि भारत 50 मिलियन अमरीकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस वर्ष की शुरुआत में भारत ने मालदीव के लिए आवश्यक वस्तुओं के निर्यात के लिए विशेष कोटा बढ़ाने के लिए भारत के साथ समझौता किया था, जो मालदीव की सरकार और लोगों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन को दर्शाता है।

# पाक ने सोशल मीडिया पर किया अपनी फौज का गुणगान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार की एक और करतूत उजागर हुई है। पाकिस्तान की सरकार झूठे प्रोपेगैंडा और फर्जी बयानबाजी से अपने देश की जनता को अच्छा बेवकूफ बना लेती है, लेकिन दुनिया के सामने

### यूजर्स ने जमकर सुनाई खरी खोटी

### कहा वीडियो में गेम के फुटेज किए गए इस्तेमाल

उसकी यह करतूत उजागर हो गई। दरअसल पाकिस्तान की सरकार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो को पाकिस्तान ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान लड़ाई का असली वीडियो बताकर अपनी सेना की बहादुरी बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश की, लेकिन कहते हैं न कि नकल के लिए भी अक्ल चाहिए, वहीं पाकिस्तान गलती कर गया और वीडियो में एक वीडियो गेम के फुटेज इस्तेमाल कर बैठा। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट हुई, वैसे ही लोगों ने पाकिस्तान का मजाक बनाना शुरू कर दिया।

दुनियाभर में सुरक्षा संबंधी घटनाक्रम पर नजर रखने वाले ब्रिटेन के एक पोर्टल यूके डिफेंस जर्नल ने इसे लेकर पाकिस्तान सरकार की खूब आलोचना की। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से जो वीडियो साझा किया गया, उसमें वीडियो गेम आरमा 3 के फुटेज इस्तेमाल किए गए। यह वीडियो पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री अताउल्ला तरार ने साझा किया और पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का गुणगान किया। हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट होने के कुछ देर बाद ही यूजर्स ने वीडियो की सत्यता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए और पाकिस्तान की सरकार को घेर लिया। यूजर्स ने पाकिस्तानी सरकार को आईना दिखाते हुए बता दिया कि वीडियो में गेम के फुटेज इस्तेमाल किए गए हैं।

## इजरायली हमले जारी, गाजा में 16 लोग और मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इस्राइल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले में इस्राइली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

## पाक के साथ ड्रैगन का घमंड भी हुआ चूर, काम नहीं आए चीनी हथियार

**नई दिल्ली।** भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए ना सिर्फ पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, बल्कि चीन की सैन्य प्रतिष्ठा को भी मिट्टी पलीद कर दी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जैसी जवाबी कार्रवाई की, उसने दुनिया को साफ संकेत दे दिया कि अब नया भारत आतंक के हर वार का जवाब गोली से देगा, वो भी दुश्मन की सरजमीं पर जाकर। पाकिस्तान की जमीन पर भारत की सर्जिकल स्ट्राइक्स और एयर स्ट्राइक्स कोई नई बात नहीं, लेकिन इस बार का जवाब पाकिस्तान के साथ-साथ उसके अजीज दोस्त यानी चीन के लिए भी बड़ा झटका बनकर आया। सबसे बड़ी फजीहत तो चीन की हुई। पाकिस्तानी सेना और आतंकी संगठनों ने जिन चीनी हथियारों और टेक्नोलॉजी पर भरोसा किया था, वे भारतीय जवाबी हमलों के सामने चूर-चूर हो गए। चीन के एयर डिफेंस सिस्टम भारत की मिसाइलों को नहीं रोक पाए। ड्रोन हमलों में चीन की सप्लाई की गई मिसाइल एक के बाद एक भारतीय आकाश में ढेर हो गई। यहां तक कि चीनी लड़ाकू विमान भी भारतीय वायुसेना के आगे टिक नहीं सके। अब चीन के बनाए हथियारों की साख पर सवाल उठ रहे हैं। जो देश अब तक चीन से हथियार खरीदने की योजना बना रहे थे, वे अब पीछे हट सकते हैं।

## 'सैन्य टकराव में एक लड़ाकू विमान हुआ क्षतिग्रस्त'

### भारत से शिकस्त के बाद पाक सेना का कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच शुरू हुए तनाव में भारत ने आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। इसके बावजूद भी पाकिस्तान ने कई सारे झूठे दावे किए, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने रविवार रात स्वीकार किया कि भारत के साथ हालिया सैन्य टकराव में उसका एक लड़ाकू विमान को क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, पाकिस्तानी सेना विमान से जुड़ी और कोई जानकारी साझा नहीं की।

दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के घोषणा के बाद पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एयरफोर्स और नेवी अधिकारियों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने ऑपरेशन बुनयान-उल-मरसूस के संचालन और निष्कर्ष की जानकारी दी। जहां शरीफ चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान का केवल एक विमान क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई भारतीय पायलट पकड़ा गया है, तो उन्होंने इसे फर्जी सोशल मीडिया रिपोर्ट बताते हुए खारिज कर दिया।

## तिब्बत में आया 5.7 तीव्रता का भूकंप

**तिब्बत।** तिब्बत में रविवार आधी रात के बाद भारतीय समयानुसार 2.41 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गई। वहीं भूकंप का केंद्र तिब्बत क्षेत्र में स्थित था। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना सामने नहीं आई है। एनसीएस ने जानकारी देते हुए बताया कि वे लगातार इलाके की भूगर्भीय हलचलों पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें सतर्क हैं और स्थिति पर नजर रख रही हैं।

# विदेशी मीडिया में छाई पाक की सीजफायर तोड़ने की हिमाकत



**नई दिल्ली।** संघर्ष विराम लागू होने के कुछ ही घंटों बाद इसे तोड़कर पाकिस्तान की ओर से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में शनिवार देर रात तक की गई गोलाबारी की खबरों को इन अखबारों ने प्रमुखता से जगह दी है। द वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा सीमा पर टकराव से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को झटका लगा है। कश्मीरी लोगों और अधिकारियों का कहना है कि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद, पाकिस्तानी और भारतीय सैनिकों के बीच रातभर सीमा पर लड़ाई हुई। द न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार भारत-पाक ने की युद्ध विराम की घोषणा, झड़पें रहीं जारी। राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध विराम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसमें अमेरिका की मध्यस्थता थी, हालांकि केवल पाकिस्तान ने ही अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। ग्लोबल टाइम्स ने बताया पाक पीएम ने चीन, अमेरिका, सऊदी अरब को कहा- धन्यवाद। शनिवार देर रात अपने संबोधन में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने युद्ध विराम का स्वागत किया और शांति प्रयासों का समर्थन करने के लिए चीन, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों को धन्यवाद दिया। द गार्जियन ने लिखा नाजुक युद्धविराम के बीच ट्रंप ने कहा, भारत-पाक से बढ़ाएंगे व्यापार। वह कश्मीर के मुद्दे पर समाधान निकालने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा, मैं दोनों राष्ट्रों के साथ व्यापार में पर्याप्त वृद्धि करने जा रहा हूं। अल जजीरा के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र और दुनिया भर के देशों, जिनमें बांग्लादेश, कतर, तुर्की और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं, ने युद्ध विराम का स्वागत किया है, जिसकी मध्यस्थता 30 से अधिक देशों ने की थी। सीएनएन ने कहा उल्लंघन के आरोपों के बावजूद भारत-पाक संघर्ष विराम जारी। शनिवार को संघर्ष विराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद ही कश्मीर के कई हिस्सों में विस्फोट हुए, लेकिन दोनों देशों ने समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। ले मोंडे का कहना था कि युद्ध विराम के बाद, 20 वर्षों में भारत-पाक के बीच भीषण संघर्ष से सबक अमेरिकियों के आग्रह पर, दोनों पक्ष शनिवार, 10 मई को संघर्ष समाप्त करने पर सहमत हो गए। हालांकि, कश्मीर में सीमा रेखा पर गोलीबारी और विस्फोट जारी रहे। स्पूतनिक इंटरनेशनल ने लिखा भारत का पाक पर युद्ध विराम तोड़ने का आरोप। भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह संघर्ष विराम समझौता लागू होने के तुरंत बाद ही इसे तोड़ रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारतीय सशस्त्र बल स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और उन्हें दृढ़ता से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नज़र

### ब्रिटेन में आएगा कड़ा आव्रजन कानून

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सोमवार को देश में आव्रजन (इमिग्रेशन) नियमों को सख्त करने की योजना पेश करने वाले हैं। यह मुद्दा लंबे समय से ब्रिटिश सरकारों के लिए चुनौती बना हुआ है और हाल ही में एक नई एंटी-इमिग्रेशन पार्टी रिफॉर्म यूके के उभार का मुख्य कारण भी बना है। बता दें कि स्टार्मर की लेबर पार्टी को पिछले साल भारी जीत मिली थी, लेकिन अब सरकार पर दबाव बढ़ रहा है क्योंकि लोग उच्च इमिग्रेशन से परेशान हैं। उनका मानना है कि इससे जन सेवाओं पर बोझ बढ़ा है और कुछ क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव भी देखने को मिले हैं। स्टार्मर ने कहा है कि हर इमिग्रेशन श्रेणी काम, परिवार और पढ़ाई में सख्ती लाई जाएगी। कानून का पालन सुनिश्चित किया जाएगा और इमिग्रेशन की संख्या में गिरावट आएगी। उन्होंने कहा कि हम एक नियंत्रित, चयन करने वाला और निष्पक्ष प्रणाली बनाएंगे। वहीं गृह मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि सरकार अब कोई नया इमिग्रेशन लक्ष्य तय नहीं करेगी क्योंकि पुराने लक्ष्य विश्वास खो चुके हैं। इसके बजाय, सरकार कम कुशल कामगारों को मिलने वाले वीजा की संख्या में कटौती करेगी। उन्होंने बताया कि 2025 में ऐसे वीजा 50,000 कम किए जाएंगे।

### कतर ट्रंप को गिफ्ट करेगा लग्जरी जेट

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह कतर के दौरे पर रहेंगे। इस बीच चर्चा हो रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को कतर के शासक परिवार की ओर से बेहद महंगा और शानदार गिफ्ट मिल सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति को गिफ्ट में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट दिया जा सकता है। इस लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट का इस्तेमाल डोनाल्ड ट्रंप अपने आधिकारिक एयरफोर्स विमान वन की जगह करेंगे। कतर सरकार ने बताया है कि विमान के हस्तांतरण को लेकर चर्चा हो रही है। लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट को गिफ्ट के तौर पर दिए जाने की खबर से कतर सरकार ने इंकार किया है।

### हमास बोला गाजा में आखिरी अमेरिकी बंधक होगा रिहा

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच हमास ने रविवार रात घोषणा की कि गाजा में बचे आखिरी जीवित अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को जल्द रिहा किया जाएगा। हालांकि, हमास ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अलेक्जेंडर को कब रिहा किया जाएगा। हमास की तरफ से यह कदम युद्धविराम स्थापित करने, गाजा में राहत सामग्री की आपूर्ति फिर से शुरू करने और बॉर्डर क्रॉसिंग खोलने के प्रयासों के तहत उठाया जा रहा है। बता दें कि यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह मिडिल ईस्ट का दौरा करने वाले हैं। हालांकि, वह इजरायल नहीं जाएंगे। इस मामले में हमास के गाजा स्थित नेता खलील अल-हय्या ने बताया कि बीते कुछ दिनों में उनकी अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि हमास लंबे समय के युद्धविराम, बंधकों और फलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली, और गाजा में सत्ता को स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों के समूह को सौंपने के लिए तत्काल गहन वार्ता शुरू करने को तैयार है। हमास के इस घोषणा के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अक्तूबर 2023 से बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिक एडन अलेक्जेंडर अपने परिवार के पास वापस आ रहे हैं। मैं इस ऐतिहासिक खबर को संभव बनाने में शामिल सभी लोगों का आभारी हूं।

### चीन की सेना ने समुद्र में किया युद्धाभ्यास

**बीजिंग।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के माहौल के बीच चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने समुद्र में एक विशेष डीगॉसिंग अभ्यास किया है। इस अभ्यास में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल किया गया। चीन ने बाद में बताया कि इस अभ्यास में उन सैनिकों ने भाग लिया, जो हाई लेवल खतरों की परिस्थितियों में ट्रेनिंग कर रहे थे, ताकि भविष्य में युद्ध की स्थिति में तेज निर्णय ले सकें। पीएलए के नॉर्दर्न थिएटर कमांड की नौसेना इकाई द्वारा किए गए इस अभ्यास में एक युद्धपोत को क्षतिग्रस्त स्थिति में मानते हुए उसके चुंबकीय प्रभाव को कम करने की प्रक्रिया (डीगॉसिंग) को अंजाम दिया गया। इस दौरान जवानों ने चुंबकीय डिटेक्टर, पोजिशनिंग उपकरण और डीगॉसिंग वायर जैसे उपकरणों का प्रयोग किया।

# ट्रंप की 'मध्यस्थता' पर थरूर ने बताई अंदर की बात



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर सियासत तेज हो गई है। ट्रंप

### कहा यह कूटनीतिक प्रक्रिया के तहत रचनात्मक सहयोग था

ने दावा किया था कि यह युद्धविराम अमेरिका की मध्यस्थता से मुमकिन हो पाया है। हालांकि कांग्रेस सांसद और पूर्व राजनयिक शशि थरूर ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह 'मध्यस्थता नहीं, बल्कि रचनात्मक सहयोग' जैसा था। ट्रंप के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए शशि थरूर ने कहा, यह कहना कि यह 'मध्यस्थता' थी, बिल्कुल गलत है। यह अमेरिका समेत कुछ देशों की तरफ से एक रचनात्मक भूमिका थी, जिसमें वे दोनों पक्षों से संपर्क में थे। लेकिन भारत ने कभी किसी भी तीसरे पक्ष से मध्यस्थता की मांग नहीं की। थरूर ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर अमेरिका के सेक्रेटरी मार्को रूबियो, यूएई, ब्रिटेन और फ्रांस के विदेश मंत्रियों से लगातार संपर्क में थे। इसी तरह पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी इन देशों से संवाद कर रहे थे। थरूर ने कहा, ये बातचीत सामान्य कूटनीतिक प्रक्रियाएं होती हैं, जिसमें दोनों पक्षों की बातों से अवगत कराया जाता है। लेकिन इसे 'मध्यस्थता' कहना भारत की विदेश नीति और संप्रभुता का अपमान है। थरूर ने कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को कभी नहीं स्वीकार करता और इस सिद्धांत से कोई विचलन नहीं हुआ है।

# उमर ने पुंछ के गोलाबारी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को पुंछ जिले में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और इलाके में बंकर बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

### लोगों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

### बंकर बनाने की जरूरत पर दिया जोर

बुधवार से अब तक पुंछ जिले में कुल 27 लोगों की मौत हुई है, जिसमें से 20 लोग घायल हुए हैं, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह घटना भारत द्वारा 2 अप्रैल को पाकिस्तान पर हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के कुछ ही समय बाद हुई है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं यहां केवल अपनी संवेदना, सहानुभूति और अपने प्रशासन का समर्थन देने आया हूं। किसी ने कोई मांग नहीं की है या कुछ भी नहीं कहा है। यह उनके परिवारों के लिए एक दुखद समय है। व्यक्तिगत रूप से यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस जरूरत के समय में उनके साथ सहानुभूति रखने की कोशिश करें। युद्ध कभी भी उचित नहीं होता। इसमें कहा गया है कि हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए आज सुबह पुंछ पहुंचा। मैं अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए उन परिवारों से मिलूंगा जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

## नॉन-स्टॉप एन्टरटेनमेंट का फुल डोज़!



इस हफ्ते एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में चौंकाने वाली कहानियां देखने के लिये मिलने वाली हैं। हालांकि, हर पल कुछ नया होगा, लेकिन एक चीज़ जिसकी गारंटी है - वह है नॉन-स्टॉप एन्अरटेनमेंट। दर्शकों को मनोरंजन का फुल डोज़ मिलने वाला है। 'भीमा': 'भीमा' में इस हफ्ते एक दमदार मोड़ आने वाला है, जब भीमा (तेजस्विनी सिंह) खोई हुई इज्ज़त वापस पाने की कसम खाती है और गांव की असली समस्याओं को हल करने का बीड़ा उठाती है। अपनी संवेदनशीलता और हिम्मत के साथ वह एक-एक करके लोगों की समस्याएं सुलझाने लगती है, जिससे गांववालों का भरोसा धीरे-धीरे वापस लौटने लगता है। लेकिन उसकी बढ़ती लोकप्रियता पुरानी सत्ता को खटकने लगती है। कलिका सिंह (मयंक मिश्रा) और उसके गुंडे भीमा की झोपड़ी में आग लगा देते हैं, लेकिन यह हमला कुछ ऐसा कर जाता है जिसकी उम्मीद किसी ने नहीं की थी। 'हप्पू की उलटन पलटन': अवधेशिया (उर्मिला शर्मा) का चौंकाने वाला बदला रूप देखकर पूरा परिवार हैरान रह जाता है। सभी की नजरें मिलती हैं और सवाल उठते हैं-क्या उन्होंने गब्बर (साहेब दास माणिकपुरी) से सुलह कर ली है? क्या वो फिर से उनसे मिलने जा रही हैं? लेकिन कहानी में असली ट्विस्ट तब आता है जब हप्पू (योगेश त्रिपाठी) और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) छोले-कुलचे खाते वक्त गब्बर को नाले में बेहोश पड़ा हुआ देखते हैं।

## एक नए अंदाज़ में लौट रहा है ज़ी सिने अवॉर्ड्स!





बीते दो दशकों से ज़ी सिने अवॉर्ड्स भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन प्रतिभाओं को सम्मानित करता आ रहा है। इस मंच ने सिनेमा के जादू को दुनिया भर में पेश किया है। यादगार प्रस्तुतियों और दिल छू लेने वाले लम्हों के साथ, यह अवॉर्ड शो बॉलीवुड की पहचान बन गया है, जहां प्रतिभा और लोकप्रियता, दोनों को बराबर की अहमियत दी जाती है। इस साल, मारुति सुजुकी प्रस्तुत 23वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 एक नए अंदाज़ में लौट रहा है, जिसमें फैंस के जोश को सलाम किया जाएगा एक खास थीम 'फैनटरटेनमेंट' के ज़रिए। पहली बार, रोशनी सितारों से हटकर उनके सबसे बड़े समर्थकों यानी प्रशंसकों पर पड़ेगी। बॉलीवुड इस बार दर्शकों और सिनेमा के बीच के उस गहरे रिश्ते को मनाएगा। यह शानदार कार्यक्रम 17 मई को एनएससीआई डोम, वर्ली, मुंबई में होगा। इसमें भरपूर मनोरंजन, ज़बर्दस्त परफॉर्मेंस और यादगार पल देखने को मिलेंगे। फैनटरटेनमेंट' को और ऊंचे स्तर पर ले जाते हुए, ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 इस बार फैंस को अपनी पसंद जताने के लिए पहले से ज्यादा विकल्प दे रहा है! मतदान अब शुरू हो चुका है और आप वेबसाइट, सोशल मीडिया, ज़ी5 ऐप के साथ-साथ व्हॉट्सऐप और 11 शहरों के 30 स्थानों पर बने ज़ी सिने अवॉर्ड्स ऑन-ग्राउंड कियोस्क के ज़रिए भी वोट कर सकते हैं।

## बाजार दर्पण






Dr. D.K. Dubey
M.S. (Ortho)
Senior consultant, Orthopaedic Surgeon




Dr. Anurag Diwedi
M.B.B.S., D.Ortho(Mumbai)
Orthopaedic Surgeon

अति आधुनिक मॉड्यूलर OT और टीवी सिस्टम सी-आर्म-मशीन द्वारा टूटी हड्डी को जोड़ने एवं आधुनिक तरीकों से ऑपरेशन किये जाते है !
घुटने एवं कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है
कमर, गर्दन व जोड़ों के दर्द व जकड़न के लिए एवं चोट व प्लास्टर के बाद जकड़े जोड़ों की चाल खोलने के लिए आधुनिक मशीनों द्वारा फिजियोथैरेपी एवं पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है
इटावा में जोड़ संबंधित सही और बेहतर उपचार के लिए आज ही परामर्श लें
Shri Ganga Orthocare Centre
CONTACT: 9068067700, 9411942021
Address: Old Agra Road Etawah

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव



फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज
मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089